WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, शनिवार, 12 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 149 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और नई दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा भूतपूर्व विधायक अरविंद केजरीवाल अजीमों शान शख्सियत हैं वे पुरूष नहीं है महापुरूष हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बीच नई दिल्ली में जो अभूतपूर्व विकास कार्य किये हैं उसके लिए उन्हें नोबल पुरस्कार मिलना चाहिए। वाकई उन्होंने कमाल कर दिखाया है। कोरोना काल में शीशमहल बनवाना। दारू का दरिया बहाना और हर विभाग में भ्रष्टाचार का नंगा नाच कराना उनकी चमत्कारिक उपलब्धियां है। कायदे से तो नोबल पुरस्कार का नाम बदलकर उसे केजरीवाल पुरस्कार नाम दिया जाना चाहिए।

जेंलेस्की ने कड़े वैश्विक प्रतिबंधों का आह्वान किया

कीव/रोम (वार्ता)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने और यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए समर्थन बढ़ाने का आह्वान किया है। जेलेंस्की ने अपनी इटली यात्रा के दौरान यहां यूक्रेन रिकवरी कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने रूस के हमलों का मुकाबला करने के लिए देश की वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया।

ट्रम्प ने कनाडा पर 35 प्रतिशत लगाया टैरिफ



वाशिंगटन (वार्ता)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमेरिका अगले महीने कनाडा से आयात पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा जबकि वह अन्य अधिकांश व्यापारिक साझेदारों पर 15 या 20 प्रतिशत का टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी एक पत्र में ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को बताया कि नई दर एक अगस्त से लागू होगी और अगर कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की तो यह और बढ़ जाएगा।

अमरनाथ यात्रियों के लिए सेना की 'ऑपरेशन शिवा' सेवा

नयी दिल्ली (वार्ता)। सेना ने श्री अमरनाथ जी की सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर 'ऑपरेशन शिवा 2025ó शुरू किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित छद्म आतंकवादियों से बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तरी और दक्षिणी दोनों यात्रा मार्गों पर मज़बूत और पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना है।

रोजगार मेला: पीएम सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं को बड़ा तोहफा देंगे। 12 जुलाई को 'रोजगार मेला का आयोजन होने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉफ्रें सिंग के जरिए जुड़ेंगे। इस दौरान अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए 51 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई। पीएमओ के मुताबिक, इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह 16वां 'रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जबकि नियुक्तियां केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में की जा रही हैं। चयनित नए उम्मीदवार पूरे देश से आए हैं और वो जिन विभागों में शामिल होंगे।

मानसून सत्र से पहले साय कैबिनेट में बड़े निर्णय

पुलिस अफसरों को प्रमोशन, छात्र स्टार्टअप नीति मंजूर

छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन को मंजूरी, नक्शा बंटवारा, नामांतरण आसान, अवैध प्लाटिंग पर रोक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के 2005-2009 बैच के अफसरों को सीनियर सिलेक्शन ग्रेड पे स्केल देने 30 पद स्वीकृत किए गए हैं। पुरानी गाडियों के नंबर नए वाहनों में ट्रांसफर हो सकेंगे। शासकीय वाहनों पर शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति को मंजूरी मिली है। 100 संस्थानों में 50 हजार छात्रों तक पहुंच बनाना होगा। 150 स्टार्टअप को सपोर्ट मिलेगा। राजधानी क्षेत्र प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी मिली है। रायपुर, दुर्ग-भिलाई और नया रायपुर के विकास के लिए।

कैबिनेट की बैठक में इन फैसलो पर लगी मुहर

- राज्य पुलिस सेवा के 2005-2009 बैच के अफसरों को सीनियर सिलेक्शन ग्रेड-पे स्केल देने 30 पद स्वीकृत।
- वंचित वर्गों (एसटी, महिला, तृतीय लिंग) के लिए पैनआईआईटी के साथ गैर-लाभकारी संयुक्त उद्यम कंपनी को मंजूरी। इनमें स्किल डेवलपमेंट, रोजगार, फॉरेन लैंग्वेज ट्रेनिंग शामिल।
- पुराने वाहनों के चॉइस नंबर नए या दूसरे राज्य के वाहनों में ट्रांसफर शुल्क के साथ हो सकेंगे। शासकीय वाहनों पर शुल्क नहीं लगेगा।
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2025 के प्रारूप को मंजूरी।
- छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति को मंजूरी। 100 संस्थानों में 50 हजार छात्रों तक पहुंच, 150 स्टार्टअप को सपोर्ट।
- छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी।
- राजधानी क्षेत्र (State Capital Region) प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी। रायपुर, दुर्ग-भिलाई और नया रायपुर के विकास के लिए।
- जीएसटी (संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी। इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर के नियम और अधिक प्रभावी होंगे।
- बकाया कर, ब्याज और पेनल्टी निपटान विधेयक (संशोधन) को मंजूरी। व्यापारियों को राहत और मामलों का जल्द निपटारा।
- छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन को मंजूरी। नक्शा बंटवारा, नामांतरण आसान, अवैध प्लाटिंग पर रोक।
- कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय अधिनियम 2004 में संशोधन विधेयक को मंजूरी।

14 से 18 जुलाई तक मानसून सत्र

मानसून सत्र 14 से 18 जुलाई तक चलेगा। इस सत्र में हंगामे के आसार हैं। इस दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। प्रदेश में खाद और क्राइम के मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। विधानसभा में विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों के भी तीखे तेवर देखने को मिल सकते हैं।

खाई में गिरी बोरिंग मशीन, पांच मौतें

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत छाटा के पास आज सुबह 7: 30 बजे एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ जिसमें एक बोर वाहन खाई में अनियंत्रित हो कर 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई । दुर्घटना स्थल में ही तीन लोगों की ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार कुकदूर स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोर वाहन शहडोल से होते हुए बेमेतरा जा रहा था। छाटा के पास वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। खाई की गहराई अधिक होने के कारण राहत और बचाव कार्य में कठिनाई आई।

घायलों को स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया

घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार हेतु कुकदूर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। मृतकों के शवों को खाई से निकाला गया इसके साथ ही, पंचनामा के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ज्ञात हो कि आज सुबह लगभग 7:30 बजे, शहडोल एमपी से बेमेतरा जा रही बोर खनन वाहन क्रमांक ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने जताया दुःख

कवर्धा जिले के आगरपानी के पास हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों के दुःखद निधन और चार अन्य के घायल होने की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। घायलों की समुचित चिकित्सा एवं आवश्यक मदद के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं।

अमित शाह का केरल दौरा, भाजपा मुख्यालय का आज करेंगे उद्घाटन

तिरुवनंतपुरम (आईएएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। इस दौरान वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नव-निर्मित राज्य मुख्यालय का उद्घाटन करेंगे।

शाह शुक्रवार रात विशेष विमान से तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। शनिवार को वे औपचारिक रूप से भाजपा के नए राज्य कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और इसके बाद शहर के बीचों-बीच एक प्रमुख स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों के लिए सामुदायिक भोजन का आयोजन भी किया जाएगा। सार्वजनिक सभा के बाद अमित शाह कन्नूर रवाना होंगे, जहां वे शाम 4 बजे के आसपास प्रसिद्ध थलिपाराम्बा राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे संभवतः उसी दिन दिल्ली लौट जाएंगे। शाह का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब राज्य में निकाय चुनाव करीब हैं। भाजपा ने इस कार्यक्रम में राज्य के दक्षिणी जिलों से 40,000 से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति की उम्मीद जताई है। भाजपा राज्य के निकाय चुनावों में खास तौर पर तिरुवनंतपुरम नगर निगम में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है, जहां वह फिलहाल मुख्य विपक्षी दल है। वर्तमान में वहां माकपा नेतृत्व वाला वाम मोर्चा सत्ता में है, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) तीसरे स्थान पर है। गौरतलब है कि भाजपा को केरल में अब तक चुनावी सफलता खास नहीं मिली है। 2016 में पार्टी ने पहली बार एक विधानसभा सीट जीती थी, लेकिन 2021 में वह सीट भी हार गई। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ा उलटफेर करते हुए अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी को त्रिशूर सीट से विजयी बनाया, जहां ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली-एनसीआर में लगातार दूसरे दिन भूकंप के झटके

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के जिलों में अचानक धरती हिलने लगी, जिससे लोग अपने घरों और कार्यालयों से बाहर निकलकर खुले में आ गए। हालांकि, किसी तरह की क्षति की कोई खबर नहीं आई है।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। भूकंप के झटके शुक्रवार शाम 7.49 बजे महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 आंकी गई। इसकी गहराई जमीन से 10 किमी नीचे थी। इससे पहले गुरुवार की सुबह भी दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके आए थे। उसका भी केंद्र झज्जर ही था। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार सुबह दो बार भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए थे।

'अस्त्र' मिसाइल का डीआरडीओ-वायुसेना ने किया सफल परीक्षण

नई दिल्ली (आईएएनएस)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को हवा से हवा में मार करने वाली बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल (बीवीआरएएम) अस्त्र का सफल परीक्षण किया।

स्वदेशी 'रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) सीकर से लैस अस्त्र का परीक्षण ओडिशा तट के पास भारतीय फाइटर जेट सुखोई-30 एमके-1 से किया गया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, परीक्षण के दौरान दो मिसाइल लॉन्च किए गए। इनमें हाई-स्पीड मानवरहित हवाई लक्ष्यों को विभिन्न रेंज, दिशा और लॉन्च प्लेटफॉर्म्स की स्थितियों में निशाना बनाया गया। बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों बार मिसाइल ने लक्ष्य को अत्यंत सटीकता के साथ नष्ट किया। मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल परीक्षण में स्वदेशी आरएफ सीकर सहित सभी सबसिस्टम्स ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। यह आरएफ सीकर डीआरडीओ द्वारा देश में ही डिजाइन और विकसित किया गया है। इस परीक्षण ने अस्त्र मिसाइल प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता को प्रमाणित किया है। यह प्रामाणिकता इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर द्वारा तैनात रेंज ट्रैकिंग यंत्रों के माध्यम से प्राप्त उड़ान डेटा के आधार पर मिली है। अस्त्र की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है। यह उन्नत गाइडेंस एवं नेविगेशन प्रणाली से युक्त है। इस परियोजना में डीआरडीओ की विभिन्न ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएफएस प्रसाद का इस्तीफा मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने 2006 बैच के आईएफएस अधिकारी अरुण प्रसाद के इस्तीफे को मंजूरी दे दी है। भारत सरकार की स्वीकृति के बाद उनका इस्तीफा स्वीकार हो गया है. बता दें कि आईएफएस अरुण दंतेवाड़ा और राजनांदगांव के डीएफओ रह चुके हैं। वर्तमान में वे राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव के पद पर पदस्थ थे। चर्चा है कि अरुण प्रसाद अब निजी क्षेत्र की ओर रुख कर सकते हैं. वे किसी बड़ी निजी कंपनी से जुडऩे जा रहे हैं, जहां उन्हें प्रशासनिक और ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

प्यार ने बदल दी राह

अब खुलकर जीना चाहते हैं नक्सली दंपती अमित बारसा और अरुणा

लाल सलाम का दामन छोड़ मुख्यधारा में लौटे अमित और अरुणा

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के घने जंगलों से एक ऐसी कहानी सामने आई है, जो हिंसा से मोहब्बत की ओर, बंदूक से जीवन की ओर ले जाती है। यह कहानी है अमित बारसा और अरुणा की, जिन्होंने बंदूक छोड़कर प्रेम और शांति की राह चुनी है। कभी डेढ़ करोड़ के इनामी (पोलित ब्यूरो सदस्य) नक्सली नेता वेणुगोपाल का सुरक्षा गार्ड रहा अमित अब कहता है अब सिर्फ ज़िंदा रहना है, खुलकरज् हथियार के साए में नहीं। अमित और अरुणा दोनों ही लंबे समय से नक्सली संगठन से जुड़े थे। अमित सुरक्षा गार्ड में था, वहीं अरुणा सप्लाई यूनिट की सदस्य थी। संगठन के भीतर बेहद सख्त अनुशासन और सीमित संवाद के बीच, अमित को अरुणा से एकतरफा प्रेम हो गया। दो महीने तक वह प्यार के जवाब का इंतज़ार करता रहा। फिर अरुणा की ओर से जवाब मिला ये रिश्ता मंजूर है। इसके बाद जंगलों में इशारों की एक नई भाषा शुरू हो गई। लेकिन ये प्यार आसान नहीं था। नक्सली संगठन के कठोर नियमों के अनुसार, शादी से पहले दोनों को नसबंदी करवानी पड़ी। इस जोड़ी ने बुधवार को आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण के बाद अब अमित कहता है कि 'मैं नसबंदी खुलवाऊंगा। बच्चे चाहिए और एक आम इंसान की तरह परिवार के साथ रहना चाहता हूं।ó इस जोड़ी ने अपनी नई जिंदगी की शुरुआत की है। वे कहते हैं कि अब सिर्फ ज़िंदा रहना है, वो भी खुलकर हथियार के साये में नहीं।

सरेंडर नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार ने दी बड़ी सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने में आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों के लिए एक बड़ी सौगात दी है। अब वे चाहें तो उनके घर भी नन्हें बच्चे की किलकारी गूंज सकती है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने आज मीडिया से बातचीत में बताया कि नक्सल संगठनों ने कई लोगों से ना सिर्फ परिवार से दूर किया, बल्कि पिता बनने का भी सुख छीन लिया। उनकी नसबंदी कर दी। लेकिन अब सरकार उन सभी नक्सलियों को टेस्ट ट्यूब बेबी की सुविधा उपलब्ध कराएगी। साय सरकार आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्य धारा में जोडऩे के साथ ही परिवार बढ़ाने में भी मदद करेगी। आपको बता दें, जो लोग प्राकृतिक रूप ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

ऑपरेशन सिंदूर हमारी सफलता

भारत को नुकसान के दावे खोखले सबूत हैं तो दिखाओ: डोभाल

चेन्नई (आईएएनएस)। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पहली बार बयान दिया। उन्होंने अभियान की सफलता को लेकर खड़े किए जा रहे सवालों को सिरे से खारिज किया। विदेशी मीडिया को चुनौती दी कि अगर उनके पास भारत के नुकसान को लेकर कोई सबूत है तो उसे पेश करें। आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने ये बातें कही। अजित डोभाल ने कहा कि हमने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को चुनकर निशाना बनाया। ये सीमावर्ती इलाके नहीं थे, बल्कि वो जगहें थीं जहां हमें यकीन था कि आतंकी मौजूद हैं। हम एक भी लक्ष्य से चूके नहीं और कोई अन्य जगह को निशाने पर लिया नहीं। हमला पूरी तरह सटीक और पूर्व-निर्धारित जानकारी के आधार पर किया गया था। महज 23 मिनट में पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। इस दौरान भारतीय वायुसेना और सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर ऐसी सामरिक एकता दिखाई, जो पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई।

अमरनाथ यात्रा के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

जम्मू(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिये 6482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शुक्रवार सुबह 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ।

भुवनेश्वर में राहुल गांधी का भाजपा पर हमला, कहा- अब बिहार में चुनाव चोरी करने की हो रही साजिश

■ **ओडिशा सरकार का एक ही काम गरीब लोगों के हाथों से धन चुराना**

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर में कांग्रेस के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र की तरह अब बिहार में चुनाव को चोरी करने की साजिश कर रही है। लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। मैं कल बिहार में था। जिस तरह महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई, उसी तरह का प्रयास बिहार में किया जा रहा है। चुनाव की चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साजिश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा के रूप में काम कर रहा है।

अदाणी ओडिशा सरकार चलाते हैं, अदाणी नरेन्द्र मोदी को चलाते हैं...

राहुल गांधी ने कहा कि अदाणी ओडिशा सरकार चलाते हैं, अदाणी नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकाली जाती है, जब जगन्नाथ यात्रा के रथ खींचे जाते हैं, तो लाखों लोग इसे देखते हैं और इसका अनुसरण करते हैं। फिर एक नाटक होता है - अदाणी और उनके परिवार के लिए रथ रोक दिए जाते हैं। इससे आपको ओडिशा सरकार के बारे में सब कुछ समझ में आ जाएगा। यह ओडिशा सरकार नहीं है, यह अडानी जैसे 5-6 अरबपतियों की सरकार है।

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सी. दिलीप कुमार आ. स्व. एस. चेल्लापन, निवासी फ्लैट नं.-403, लियो गैलेक्सी-3, गोकुल सोसायटी, बोरगांव रोड़, काटोल रोड़ नागपुर (महाराष्ट्र) पिन-440013 को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक सी.एच.-472, कुरूद भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 13.02.2013 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 17.01.2020 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 20.12.2024 को श्रीमती अरूणा उपाध्याय पति श्री भगवन प्रसाद उपाध्याय के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती अरूणा उपाध्याय के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती अरूणा उपाध्याय के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 03.07.2025 को जारी किया गया।

मुहर — सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ममता जैन पति स्व. मूलचंद जैन, निवासी-शॉप नं.-04. सर्कुलर मार्केट कैम्प-2 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी-45, वैशाली नगर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 02.12.2019 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 13.07.2023 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 31.07.2023 को श्री शैलेन्द्र कुमार भंसाली आ. श्री सुरेश कुमार भंसाली एवं श्रीमती किरण देवी भंसाली पत्ति श्री सुरेश कुमार भंसाली के संयुक्त नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री शैलेन्द्र कुमार भंसाली एवं श्रीमती किरण देवी भंसाली के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्री शैलेन्द्र कुमार भंसाली एवं श्रीमती किरण देवी भंसाली के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 28.02.2025 को जारी किया गया।

मुहर — सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202507101000062 /अ-6अ/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202507101000062/अ-6 (अ) वर्ष 2024 25 आवेदक राजकिशोर -विश्वकर्मा पिता सी. के. विश्वकर्मा निवासी मोतीलाल नेहरू नगर तह. व जिला दुर्ग ग्राम कोहका, प.ह.नं. 45. रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 2047/55 रकबा 0.015 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से कय किया गया था। वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के स्थान पर विक्रेता का नाम दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202507100700054 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गोपचंद पिता/पति अग्राहिज निवासी ग्राम कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 725/1, 725/62 रकबा 0.848, 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार नरोत्तम आ. ज्ञानदास की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शीतल पुरुषोत्तम तांबोली ध.प. स्व पृथ्वी राज अग्रवाल आयु 50 वर्ष, पता वार्ड क्रमांक 13, मोहन नगर, दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ, जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ- यह कि मेरा नाम एवं पता उपर्युक्तानुसार सत्य एवं सही है तथा मेरी आधार संख्या 409727870815 है तथा मेरे पुत्र अर्णव अग्रवाल की आधार संख्या 858737093922 है। यह कि, मेरे पुत्र अर्णव अग्रवाल (ARNAV AGRAWAL) के जन्म प्रमाणपत्र में मेरे पति का नाम पृथ्वी अग्रवाल (PRITHVI AGRAWAL) एवं मेरा घरेलु नाम सेजल अग्रवाल (SEJAL AGRAWAL) दर्ज एवं अंकित है, मेरे पुत्र के शैक्षणिक अभिलेख में मेरे पति का नाम स्व. पृथ्वी अग्रवाल (LATE PRITHVI AGRAWAL) एवं मेरा नाम शीतल अग्रवाल (SHEETAL AGRAWAL) दर्ज एवं अंकित हो गया है, तथा मेरे पुत्र के आधार कार्ड में पुत्र का नाम अर्णव अग्रवाल ARNAV AGARWAL) तथा पति का नाम पृथ्वी अग्रवाल (PRITHVI AGRAWAL) दर्ज एवं अंकित हो गया है। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अर्णव अग्रवाल (ARNAV AGRAWAL) पिता का नाम पृथ्वी राज अग्रवाल (PRITHVI RAJ AGRAWAL) माता का नाम शीतल पुरुषोत्तम तांबोली (SHEETAL PURUSHOTTAM TAMBOLI) ही है। यह कि, मेरे विवाह के पूर्व मेरा वास्तविक एवं सही नाम शीतल पुरुषोत्तम तांबोली आत्मज पुरुषोत्तम तांबोली (SHEETAL PURUSHOTTAM TAMBOLI D/O PURUSHOTTAM TAMBOLI) था जिसे मैंने परिवर्तित कर शीतल पुरुषोत्तम तांबोली ध.प. पृथ्वी राज अग्रवाल (SHEETAL PURUSHOTTAM TAMBOLI W/O PRITHVI RAJ AGRAWAL) रख लिया है। तथा मेरे दिवंगत पति का वास्तविक नाम पृथ्वी राज अग्रवाल (PRITHVI RAJ AGRAWAL) ही है। यह कि, अर्णव अग्रवाल (ARNAV AGARWAL) एवं अर्णव अग्रवाल (ARNAV AGRAWAL) दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, पृथ्वी अग्रवाल (PRITHVI AGRAWAL) पृथ्वी अग्रवाल (PRITHVI AGARWAL) एवं पृथ्वी राज अग्रवाल (PRITHVI RAJ AGRAWAL) तीनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है तथा सेजल अग्रवाल (SEJAL AGRAWAL) शीतल अग्रवाल (SHEETAL AGRAWAL) एवं शीतल पुरुषोत्तम तांबोली (SHEETAL PURUSHOTTAM TAMBOLI) तीनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है, जिन्हें भविष्य में सभी स्थानों पर एवं सभी प्रकार के अभिलेखों में मेरे पुत्र के सही नाम अर्णव अग्रवाल (ARNAV AGRAWAL) पिता का नाम पृथ्वी राज अग्रवाल (PRITHVI RAJ AGRAWAL) एवं माता का नाम शीतल पुरुषोत्तम तांबोली (SHEETAL PURUSHOTTAM TAMBOLI) के नाम के साथ संलग्न कर जाना, पहचाना, पुकारा जाये एवं दर्ज एवं मंजीकृत किया जावे जिन्हें मैं शासकीय राजपत्र में प्रकाशित करवानी चाहती हूँ। यह कि, मेरे द्वारा यह शपथ पत्र राजपत्र में परिवर्तित एवं सही नाम प्रकाशित करवाने के लिए सादर प्रस्तुत किया जा रहा है।

शपथकर्ती — शीतल पुरुषोत्तम तांबोली

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202506100800063 /अ-6/वर्ष 2024-25 ग्राम-घोठा, प.ह.न. 09

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका धनैया बाई पति कृपाराम टण्डन साकिन घोठा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम घोठा प.ह.नं. 09 स्थित भूमि खसरा नंबर 920/1 रकबा 0.33 हे. को वसीयतकर्ता राधाबाई पति परघनिया का दिनांक 19.09.2021 को फौत हो गया है, जिसके द्वारा वसीयतनामा दिनांक 27.05.2016 के अनुसार वसीयतप्राप्त कर्ता धनैया बाई पति कृपाराम नाम से नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था/समिति को कोई दावा आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 23.07.2025 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00003 नगपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430105900036

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम नगपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी देवाशीष आ. डी.के घोष पता नगपुरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 397(0.0800), 1445(0.0800), 2707(0.1400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रीना घोष पिता/पति स्व. देवाशीष घोष पता एम.आई.जी 1/38 आमदी नगर हुडको भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202507100600017 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका इन्द्र कुमार देवांगन, पिता/पति मेघेश कुमार देवांगन, साकिन, ग्राम अर्जुनी टिकरी तह. अर्जुन्दा जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम भोथली, प.ह.नं. 01, रा.नि. म. अमलेश्वर, तहसील पाटन जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नं. 214/56, रकबा 0.0112 हे0 1200 वर्गफीट, पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिए आवेदन पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 पुनिर्धारण के अधीन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 17.07.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202507100600016 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाताहै कि आवेदक/आवेदिका उमा सोनी पिता/पति यतिन्द्र कुमार सोनी, साकिन, न्यू आर्दश नगर तह. दुर्ग जिला दुर्ग छ. ग. के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम भोथली, प.ह.नं. 01, रा.नि.म. अमलेश्वर, तहसील पाटन जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नं. 217/57, रकबा 0.0200 हे0 2000 वर्गफीट, पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 पुनिर्धारण के अधीन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 17.07.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं श्री रामकुमार निषाद पिता देवचरण निषाद उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम पाहंदा पो. पाहंदा तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) का हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्र के समस्त अंकसूची एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम निकेश कुमार (NIKESH KUMAR) पिता रामकुमार (RAM KUMAR) दर्ज है, जो सत्य व सही है। यह कि मेरे पुत्र के बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड नं. 2820 8199 0613 है, जिसमें मेरे पुत्र का नाम लिकेश कुमार (LIKESH KUMAR) दर्ज है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम निकेश कुमार (NIKESH KUMAR) पिता रामकुमार (RAM KUMAR) है, जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। यह कि उक्त बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम लिकेश कुमार (LIKESH KUMAR) पिता रामकुमार (RAM KUMAR) के स्थान पर सही व वास्तविक नाम निकेश कुमार (NIKESH KUMAR) पिता रामकुमार (RAM KUMAR) दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके समर्थन में शपथपत्र श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष गजट प्रकाशन हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — श्री रामकुमार निषाद, पिता देवचरण निषाद, निवासी ग्राम पाहंदा पो. पाहंदा, तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती सावित्री बाई (Savitri Bai) उम्र 37 वर्ष पति स्व. रोमन लाल साहू (ROMAN LAL SAHU) निवासी मकान नं. 273 वार्ड नं. 50 बोरसी भाठा, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की रहने वाली हूं, जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करती हूं कि :- यह कि मैं उपरोक्त पत्ते की निवासी हूं। यह कि मेरी पुत्री चंचल साहू (Chanchal Sahu) के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में आत्मज के स्थान पर पिता का नाम टोमन लाल साहू दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड, एवं जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम रोमन लाल साहू दर्ज है जो कि सही व सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड कमांक-8933 4201 7861 है। यह कि मेरे पति स्व. टोमन लाल साहू एवं रोमन लाल साहू दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरे पति का नाम है। यह कि मेरी पुत्री चंचल साहू के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में पिता का नाम टोमन लाल साहू के स्थान पर रोमन लाल साहू दर्ज कर गजट में प्रकाशन करने के संबंध में श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करती हूं। अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती — सावित्री बाई, पति स्व. रोमन लाल साहू, निवासी मकान नं. 273 वार्ड नं. 50 बोरसी भाठा, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता बिरेन्द्र कुमार साहू (BIRENDRA KUMAR SAHU) आ. बलदाऊ राम साहू (BALDAU RAM SAHU) उम्र 36 वर्ष, निवासी मं.नं. 41, वार्ड नं. 03, ग्राम अकलोरडीह, तह. भिलाई-3, जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:- यह कि, मेरा नाम पता उपरोकानुसार है तथा मैं उपरोक्त दर्शित पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरी पुत्री डेकेश्वरी (DEKESHWARI) आ. बिरेन्द्र कुमार साहू (BIRENDRA KUMAR SAHU) का जन्म दिनांक 27/02/2010 को स्थान ग्राम अकलोरडीह, तह. भिलाई-3, जिला दुर्ग छ.ग. में हुआ है, जिसका पंजीयन कमांक 380 पंजीयन दिनांक 09/03/2010 है जिसमें मेरी पुत्री डेकेश्वरी (DEKESHWARI) दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मेरे पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक 5654 2605 4934 में त्रुटिवश पुत्री का नाम डीलेश्वरी साहू (DEELESHWARI SAHU) व पिता वीरेन्द्र साहू (VEERENDRA SAHU) दर्ज हो गया है मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम डेकेश्वरी (DEKESHWARI) पिता बिरेन्द्र कुमार साहू (BIRENDRA KUMAR SAHU) है। यह कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक प्रामण पत्र कक्षा 7वी, 8वी, 9वी में मेरी पुत्री का नाम डेकेश्वरी (DEKESHWARI) पिता बिरेन्द्र साहू (BIRENDRA SAHU) दर्ज है तथा मेरे पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज नाम डीलेश्वरी साहू (DEELESHWARI SAHU) पिता वीरेन्द्र साहू (VEERENDRA SAHU) जो कि गलत है। के स्थान पर मेरे पुत्री के अंकसूची एवं आधार कार्ड में सही एवं वास्तविक नाम डेकेश्वरी (DEKESHWARI) पिता बिरेन्द्र कुमार साहू (BIRENDRA KUMAR SAHU) दर्ज कर सुधार करवाना चाहता हूं। तथा भविष्य में शासकिय अर्द्धशासकिय व शैक्षणिक संस्थानो में इसी नाम का उपयोग करूंगा। यह कि मेरी पुत्री डेकेश्वरी (DEKESHWARI) पिता बिरेन्द्र कुमार साहू (BIRENDRA KUMAR SAHU) व डीलेश्वरी साहू (DEELESHWARI SAHU) पिता वीरेन्द्र साहू (VEERENDRA SAHU) दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात मेरी पुत्री का ही नाम है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, शासकिय एवं अर्द्धशासकिय दस्तावेजों में मेरी पुत्री डेकेश्वरी (DEKESHWARI) पिता बिरेन्द्र कुमार साहू (BIRENDRA KUMAR SAHU) दर्ज किया जावे एवं इसी नाम से जाने पहचाने एवं पुकारे जाने के संबंध में छ.ग. राज्य राजपत्र में प्रकाशित कराने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी/अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — बिरेन्द्र कुमार साहू

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता अब्दुल सलाम खान (ABDUL SALAM KHAN) आ. अशरफ अली खान, उम्र 43 वर्ष, निवासी-मकान नं. 282, लुचकी पारा, शिना दुकान के पास, वार्ड नं. 07, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करता हू। यह कि, मेरा नाम अब्दुल सलाम खान (ABDUL SALAM KHAN) मेरे आधार कार्ड कमांक - 2039 2266 9937 से अभिप्रमाणित है। इसी प्रकार मेरे पुत्र के आधार कार्ड कमांक-8988 2005 5011 में उसका नाम मो. अरशद खान (MD. ARSHAD KHAN) अंकित है। यह कि, मेरा पुत्र मो. अरशद खान (MD. ARSHAD KHAN) जिसकी जन्मतिथि 14/08/2007 है जो कि कक्षा बारहवीं में (Shakuntala Vidyalaya, Ram Nagar Bhilai (C.G.) में अध्ययनरत है, जिसके दाखिल पंजी एवं शैक्षणिक अंकसूची में उसका नाम अरशद अली खान पिता अब्दुल सलाम खान अंकित है एवं कुछ दाखिला पंजी एवं अंकसूची में उसका नाम (MD. ARSHAD KHAN) पिता (ABDUL SALAM KHAN) एवं (MD ABDUL SALAM KHAN) अंकित है। यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम मो. अरशद खान पिता अब्दुल सलाम खान अंकित है। यह कि, मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम मो. अरशद खान (MD. ARSHAD KHAN) पिता अब्दुल सलाम खान (ABDUL SALAM KHAN) को शासकीय गजट. में प्रकाशन करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्र के शालेय रिकार्ड, अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती — अब्दुल सलाम खान

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104100210

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी कुंतीबाई पिता/पति त्रिलोक सिंह पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 516/21(0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आरती राजपूत पिता/पति स्व. त्रिलोक सिंह पता वार्ड नं. 39 बैजनाथपारा दुर्ग, ज्योति सिंह पिता/पति स्व. त्रिलोक सिंह पता वार्ड नं. 39 बैजनाथपारा दुर्ग, ओमप्रकाश सिंह पिता/पति स्व. त्रिलोक सिंह पता वार्ड नं. 39 बैजनाथपारा दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम रुकमणी देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400112/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रुकमणी देवांगन आ./पति भूपेन्द्र कुमार देवांगन निवासी अंजोरा तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम अंजोरा प.ह.न. 24 तह. व जिला दुर्ग	109/7 109/8	0.0094 हें 0.0132 हे 2433 वर्ग	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम मूलचंद साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400109/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मूलचंद साहू आ./पति रेखराम साहू निवासी बोरसी दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	271/49	0.0100 हें वर्गफीट 1166	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग -01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202506104700045 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि :- आवेदक श्री सेवाराम साहू पिता- श्री गोवर्धन साहू निवासी कचान्दुर तहसील व जिला दुर्ग -छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा ढौर प.ह.नं. 12. रा.नि.मं. - जेवरा सिरसा स्थित भूमि खसरा नंबर - 64, 832 रकबा कमशः- 0. 2100, 0.0300 हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार स्व. गोवर्धन साहू पिता- बिसराम का स्वर्गवास दिनांक 13/05/2025 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.06.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग -01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202506104700008 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मंजीत कौर अरोरा पति श्री कुलदीप सिंह अरोरा जाति पंजाबी के द्वारा स्थित भूमि मौजा-जुनवानी प.ह.नं. -43 रा.नि.म. जुनवानी स्थित भूमि एच/142, आर.बी.आई. स्टाफ क्वा. नार्थ एव्हेन्यू शांताकुज पश्चिम मुंबई महाराष्ट्र स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर- 746/5 एवं 747/3 का टु. रकबा 234.30 वर्गफीट, दर्ज भूमि को विक्रेता मेसर्स बिलटेक इंजीनियर्स प्राईवेट लिमिटेड के वर्तमान डायरेक्टर मनीष कुमार गुप्ता पिता कुलदीप कुमार गुप्ता से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 20/11/2001 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900294

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी निलेश प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, विजय शंकर प्रसाद पिता/पति स्व. शिवदयाल प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, नमिता प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, नवीन प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, नम्रता प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, नीता प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1346/18(0.0170) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नितेश प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, नीता प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, नमिता प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, नवीन प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, नम्रता प्रसाद पिता/पति विजयशंकर प्रसाद पता न्यू दीपक नगर दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

नोटिस

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-25

प्रति,

1. मुख्य प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा, राधिका नगर भिलाई
2. सतीष कुमार आ. जवाहर पता क्वा. नं. 22/बी सड़क नं. एवेन्यु सी सेक्टर-1 भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग.

--00--

आवेदक अमन साहू आ. अनिल कुमार साकिन बगलामोती द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं कोहका दुर्ग स्थित भूमि स्वामीहक की भूमि ख.न. 7528 रकबा 0.020/ 1760 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 21.10.2022 को आपसे क्रय किया था, जिसका नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है । अपरोक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 21.07.2025 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग -01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202506104700006 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डामर सिंह पिता स्व. हुबलाल बंछोर उम्र 63 वर्ष निवासी ग्राम कचान्दुर पो.आ. करंजा भिलाई, व्हाया जामुल तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. विरूद्ध कोमल सिंह पिता- स्व. हुबलाल बंछोर उम्र 72 वर्ष एवं अन्य 06 निवासी ग्राम कचान्दुर पो.आ. करंजा भिलाई, व्हाया जामुल तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा कचान्दुर प.ह.नं. 17. रा0नि0म0 दुर्ग 01 स्थित भूमि खसरा नंबर 87, 269, 368, 618 (शामिल खसरा 621) रकबा कमशः- 1.4900, 0.0300, 2.9700, 1.2600 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर- 04 के कुल रकबा 5.7500 हे0 है। भूमि जो कि वर्तमान में आवेदक एवं अनावेदकगणों के हक, स्वत्व व आधिपत्य की भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आपसी सहमति के अनुसार बंटवारा किया जाकर खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋणपुस्तिका प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202507100700047 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक एस.आर. गायकवाड़ आ. बी.ए. गायकवाड़ साकिन मैत्री कुंज रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 79/1 रकबा 0.0170 हे. मे से 500 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता भिलाई गृह निर्माण सह. समिति मर्या. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष मैत्रीनगर रिसाली से क्रय किया गया है की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति या उजर या दावा हो तो वह सुनवाई दिनांक 22.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202507101000064 /अ-6/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सविता सोनी पिता स्व लालबहादुर निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 6359 रकबा 0.020 हे. आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 20250710100041/अ-6अ/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - आलोक झंवर

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक आलोक झंवर पिता/पति/विभाग जगदीश प्रसाद झंवर पता-रायपुर द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 1905/59 रकबा 0.30 हे./32900 वर्गफीट भूमि को 07 व्यक्तयो को रकबा 31805 वर्गफीट भूमि को विक्रय किया गया है। शेष रकबा राजस्व अभिलेख में 0.0101 हे. के स्थान पर 0.0048 हे. दर्ज हो गया जिसे सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 08.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती सपना देवी तिवारी पति श्री राजेश कुमार तिवारी निवासी गोपाल मंदिर चुना भट्ठा चौक के पास नया मधुकांप राची तहसील व जिला रांची (झारखण्ड) द्वारा ग्राम गोबरा नवापारा, पटवारी हल्का नंबर 23, रा.नि.मं. नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 15010/9 रकबा 0.128 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। ।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 21.07.2025 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, अभनपुर

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202507103800017 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदिका श्रीमती बैसाखीन बाई पति स्व. श्रीराम बंजारे, निवासी तितुरडीह स्टेशनपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल स्थित शीट क. 88 डी, प्लाट नं. 50/1 व 50/3, रकबा 92.00 वर्गमीटर धारक बैसाखिन बाई पति स्व. श्रीराम एवं अन्य 06 के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगण में से राजू पिता स्व. श्रीराम की मृत्यु दिनांक 29.05.2025 को हो चुकी है। उक्त आधार पर आवेदिका द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक सहधारक का नाम विलोपित कर शेष धारकों का नाम यथावत रखने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.07.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कविता हेमराज कोचे, पिता स्व. हेमराज शिवाजी कोचे, निवासी प्लॉट क्रमांक 65, गली क्रमांक 01, आनंद नगर, जुनवानी, भिलाई (छ.ग.), यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम कविता हेमराज कोचे का त्याग कर नया नाम कविता आदर्श जांभुलकर पत्नी आदर्श नकटू जांभुलकर रख लिया है। अत: अब से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम कविता आदर्श जांभुलकर पत्नी आदर्श नकटू जांभुलकर से ही जाना-पहचाना जाये।

शपथकर्ती — कविता हेमराज कोचे, पिता स्व. हेमराज शिवाजी कोचे, निवासी प्लॉट क्रमांक 65, गली क्रमांक 01, आनंद नगर, जुनवानी, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं, अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार मनोज कुमार साहू पिता स्व. डेरहा राम साहू उम्र 43 वर्ष लगभग, पता म.नं. ई.डब्ल्यू. एस. 1512, नालन्दा हायर सेकेण्डरी स्कूल के पास, कुरूद, पोस्ट जामुल सीमेण्ट वर्क्स भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का पुराना नाम मनोज कुमार साहू (MANOJ KUMAR SAHU) उसके समस्त प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजो में दर्ज है, जो कि गलत है। कि मेरा पक्षकार अपना नाम परिवर्तित / सुधार कर मनोज साहू करना चाहता है। अत: इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार को उसके नये नाम मनोज साहू (MANOJ SAHU) से लिखा पढ़ा व जाना पहचाना जावेगा। तदानुसार सूचना जाने।

धर्मेन्द्र निर्मल, अधिवक्ता-जिला न्यायालय दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.), मो. 9406096346

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./202506101200008/ /अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फागुराम पिता स्व. भूखनलाल निवासी अण्डा के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम अण्डा प.ह.न. 32 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 61, 1774 रकबा 0.03, 0.310 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 25.07.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग -01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202506104700010 /ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नाथुराम निषाद पिता- श्री भरत निषाद निवासी- ग्राम पथरिया नवागांव जाति- केंवट तहसील बोरी जिला दुर्ग ग्राम- सिरसाखुर्द प.ह.नं.-06 रा.नि. मं.- जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपनी पुत्री गोमती निषाद पिता-नाथुराम निषाद जिसका जन्म दिनांक- 14/02/2010 को स्थानीय क्षेत्र ग्राम सिरसाखुर्द में हुआ है। जिसका पूर्व में उनके नाम पर जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया है। उक्त संबंध में जन्म प्रमाण पत्र मिलने बाबत् आवेदन पत्र, शपथपूर्वक कथन, पार्षद / पटवारी प्रमाण पत्र, शपथपत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम अब्दुल रब | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400066/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अब्दुल रब आ./पति अब्दुल जब्बार निवासी उल्लास नगर वार्ड 7 भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2150/165	0.004 हें वर्गफीट 450	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम अब्दुल रब | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400067/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अब्दुल रब आ./पति अब्दुल जब्बार निवासी उल्लास नगर वार्ड 7 भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2150/155	0.0030 हें वर्गफीट 300	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

प्रधानमंत्री देशभर के युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

डब्ल्यूआरएस में आज रोजगार मेला

रायपुर/नवप्रदेश। देश के युवाओं को सरकारी नौकरियों के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से शनिवार, 12 जुलाई को देशभर के 47 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल द्वारा भी 12 जुलाई को सुबह 10:00 बजे डब्लूआरएस कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन (कम्युनिटी हॉल) में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के कुल 72 अभ्यर्थियों को विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सरकारी नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

कई विभागों के लिए नियुक्ति पत्र

रायपुर में आयोजित इस रोजगार मेला में चयनित अभ्यर्थियों को गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, रेल मंत्रालय और डाक विभाग सहित अन्य विभागों में नियुक्त किया जाएगा। अभ्यर्थियों को टेक्नीशियन, प्वाइंट्समैन, हेल्पर, गार्ड, डॉक्टर, डाक सेवक, सब-इंस्पेक्टर, कांस्टेबल जैसे पदों पर नियुक्ति मिलेगी।

गणमान्य अतिथि होंगे शामिल

रोजगार मेला के मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके रहेंगे। कार्यक्रम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायकगण श्री राजेश मूणत, श्री पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी और श्री मोतीलाल साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। रेलवे एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे और चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में रोजगार मेला एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से योग्य युवाओं को उनके कौशल के अनुसार सरकारी नौकरियों में स्थान दिया जा रहा है।

देशभर में उत्साह

देशभर के विभिन्न राज्यों में आयोजित हो रहे इस रोजगार मेला को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। सोशल मीडिया पर भी युवाओं द्वारा नियुक्ति पत्र मिलने की खुशी और प्रधानमंत्री से जुड़ने का उत्साह साझा किया जा रहा है।रायपुर के इस आयोजन को भी भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के युवाओं को संबोधित करेंगे।

युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान

रोजगार मेला के जरिए चयनित अभ्यर्थियों के वर्षों के परिश्रम और उम्मीदों को साकार करने का अवसर मिलेगा। कई चयनित अभ्यर्थियों के लिए यह उनके जीवन का पहला रोजगार होगा और इससे न केवल उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी बल्कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। आयोजन स्थल पर अभ्यर्थियों और उनके परिजनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। रेलवे प्रशासन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए समुचित प्रबंध किए हैं ताकि अभ्यर्थियों और अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पॉवर कंपनी अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने किया 50 हजार पौधे लगाने का आगाज

प्रदेशभर के तीन हजार बिजली दफ्तर, उपकेंद्र और उत्पादन संयंत्रों में लगेंगे पौधे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ में 50 हजार छायादार और फलदार वृक्ष लगाने के अभियान की शुरूआत पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने की। उन्होंने पॉवर कंपनीज़ के डंगनिया मुख्यालय स्थित परिसर में औषधीय वृक्ष लौंग का रोपण किया। डॉ. यादव ने कहा कि हमारी धरती को हरा-भरा रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हम विद्युत आपूर्ति के जरिए प्रदेश के विकास में सहभागी बन रहे हैं, हमें अपने वातावरण को शुद्ध और स्वच्छ बनाए रखने के लिए एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

इस कार्यक्रम में प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एसके कटियार (उत्पादन), राजेश कुमार शुक्ला (पारेषण), भीमसिंह कंवर (वितरण) एवं निदेशक श्री आरए पाठक विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी ने कैंपस में पहले पौधरोपण किया।

इसके पश्चात् वृक्षारोपण महोत्सव को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि पॉवर कंपनी पूरे प्रदेश में फैले तीन हजार से अधिक बिजली दफ्तर, विद्युत उपकेंद्र और विद्युत उत्पादन संयंत्रों की रिक्त भूमि में छायादार और फलदार पौधे लगाने का संकल्प लिया है। अगले 15 अगस्त तक इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। डॉ. यादव ने यह भी कहा कि हमें हरियाली के साथ ही अपने आसपास स्वच्छता का भी ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए हर किसी को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। श्री यादव ने पौधों में क्यूआर कोड लगाने और उसमें उस पौधे के गुणों का उल्लेख करने का भी सुझाव दिया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक (पारेषण) श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मानव संसाधन विभाग ने बहुत ही त्वरित गति से वृक्षारोपण महोत्सव की योजना को क्रियान्वित किया है। पूरे प्रदेश में छायादार और फलदार वृक्ष लगाने के अभियान में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसमें वितरण कंपनी 25 हजार पौधे, पारेषण कंपनी 10 हजार और 15 हजार पौधे उत्पादन कंपनी लगवाएगी।

13 को कांग्रेस विधायक दल की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से 18 जुलाई 2025 को आहूत की गयी है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक दिनांक 13 जुलाई 2025 रविवार को शाम 04 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में रखा गया है। उक्त बैठक कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में रणनीति तैयार करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सहित सभी सम्मानित कांग्रेस विधायकगण उपस्थित होंगे।

आम आदिवासियों को नक्सली बताकर मार रही सरकार : सुशील सन्नी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार आते ही फिर से क्षेत्र के आम नागरिकों को नक्सली बताकर मारने की गुंडागर्दी शुरू हो गई है। रमन काल के 15 सालों में भी यही हुआ,आदिवासी भाइयों को नक्सली बताकर मार दिया गया या फिर नक्सल होने के आरोप में जेलों में ठूंस दिया गया,अब जब विष्णुदेव सरकार बनी है तो फिर से एक बार वही क्रम शुरू हो गया है जबकि भूपेश बघेल जी की सरकार में ऐसा कभी नहीं होता था। इसी कड़ी में मध्याह्न भोजन रसोईया संघ जिला बीजापुर के महेश कुडियम को नक्सली बताकर मार दिया गया। 8 लोगों के इस परिवार पर टूटे इस कहर कि जिम्मेदारी किसकी है इस पर अब तक साय सरकार चुप्पी साधे हुए है। हमारे एक श्रमिक साथी के इस परिवार को न्याय दिलाने के लिए हम आवाज बुलंद कर रहे हैं जिसके लिए मुआवजा राशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के विषय को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नाम ज्ञापन कलेक्टर महोदय जी के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया है। परिवार को अगर न्याय नहीं मिला तो इसके लिए आंदोलन भी किया जाएगा।रसोइया संघ के संरक्षक श्री सुशील सन्नी अग्रवाल जी की अगुवाई में व सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष ब्लाक अध्यक्ष, एवं रसोईया संघ के हेमंत नाग,उमराव पटेल मेघराज बघेल, कन्हैया लाल कुदराम, रम्भा झा, सरोजिनी सी,पी,सोनु राम यादव, बबली पटेल, भीमा राम तेलम,सोमडु राम वेक,सामनाथ कश्यप, बलराम ठाकुर, प्रेमलता समतुल, नेहा,नितु सिंह, दिनेश यालम, सरिता सिंह, आंनद कठेरिया, संतोष यादव, मुरा राम, सविता, किस्तैया वासम, एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

रायपुर/नवप्रदेश। गुरु पूर्णिमा पर्व के पवन अवसर पर आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल रायपुर प्रांगण में पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर महर्षि वेद व्यास जी की पूजा अर्चना कर बच्चों को उनकी जीवनी एवं गुरु के महत्व को बताया गया 7 इस अवसर पर कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश मिश्रा जी एवं सचिव श्री राज कुमार दीक्षित जी ने अपनी शुभकामना सन्देश प्रेषित किया ।कार्यक्रम में शिक्षा मंडल के सदस्य श्री प्रकाश अवस्थी वरिष्ठ शिक्षक, श्री संजय अवस्थी, प्राचार्या एवं शाला के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

खाद आपूर्ति को लेकर जिले में नहीं कोई समस्या, किसानों को मिल रहा पर्याप्त खाद

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में खेती-किसानी का कार्य पूरे जोर पर है। समय पर वर्षा और प्रशासन की बेहतर व्यवस्थाओं के चलते किसान इस बार बेहतर उत्पादन की उम्मीद में उत्साहित नजर आ रहे हैं। जिले की सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण किया गया है, जिससे कृषकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा।

खाद की नियमित और सुचारू आपूर्ति से कृषकों में उत्साह का माहौल है। ग्राम बड़गांव, विकासखंड आरंग के कृषक बिसराम निषाद ने बताया, इस बार बारिश समय पर हो रही है और चन्द्रखुरी सहकारी समिति से हमें समय पर खाद मिल रहा है। मैंने 10 बोरा डीएपी और 12 बोरा यूरिया लेकर खेती शुरू कर दी है। समिति की व्यवस्था बहुत अच्छी है और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

सुविचार

भाग्यशाली वे नहीं होते जिन्हें सब कुछ अच्छा मिलता है। भाग्यशाली वे होते हैं जिन्हें जो भी मिलता है उसे वे अच्छा बना लेते हैं। - अज्ञात

एसआईआर पर सुप्रीम फैसला

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में वोटर लिस्ट की सिरियस इंसेटिव रिविजन (एसआईआर) को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में जो याचिकाएं दाखिल की गई थी उस पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि वोटर लिस्ट की जांच जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का पूरा अधिकार है और इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। अलबत्ता सुप्रीम कोर्ट ने यह सुझाव दिया है कि एसआईआर के दौरान आधार कार्ड और राशनकार्ड जैसे दस्तावेजों को भी मान्यता दी जा सकती है। गौरतलब है कि वोटर लिस्ट की जांच प्रक्रिया पर विपक्षी पार्टियों ने सवालिया निशान लगाया था और इस पर रोक लगाने की मांग की थी। एक दिन पहले ही बिहार की राजधानी पटना में राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने एसआईआर के बाद बिहार बंद का आव्हान किया था और उसके खिलाफ एक रैली निकाली थी जिसे संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित अन्य विपक्षी नेताओं ने एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर अपना विरोध जताया था और चुनाव आयोग पर भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया था। किन्तु अब सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट की जांच पर रोक लगाने से इंकार करके विपक्षी पार्टियों के मनसूबों पर पानी फेर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब चुनाव आयोग के लिए देश के सभी राज्यों में एसआईआर कराने का रास्ता भी साफ हो गया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई जारी रखने की बात कही है और इस पर अगली सुनवाई की तिथि 28 जुलाई निधारित की है किन्तु अब चुनाव आयोग को वोटर लिस्ट की सघन जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी मिल गई है इसलिए अब यह प्रक्रिया नहीं रूकेगी। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह अहम फैसला विपक्षी पार्टियों के लिए एक बड़ा झटका है जो एसआईआर पर रोक लगाने की मांग को लेकर आंदोलित थे। जहां तक आधार कार्ड और राशन कार्ड को मान्यता देने का प्रश्न है तो इस बारे में सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ सुझाव दिया है जिसे मानना या न मानना चुनाव आयोग के विवेक पर निर्भर है। गौरतलब है कि बिहार के एक बड़े हिस्से में एसआईआर जांच के दौरान इस बात का खुलासा हुआ है कि वहां के कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या से ज्यादा आधार कार्ड है। ऐसे में चुनाव आयोग आधार कार्ड को दस्तावेज के रूप में मान्यता देगा इसकी संभावना कम ही है।

छग में अफसरों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से पहली बार भ्रष्टाचार के आरोप में 22 अफसरों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है जिससे प्रदेश की सियासत में हडकंप मच गई है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए 3200 करोड़ रूपये के बहुचर्चित शराब घोटाले में वैसे तो कई अफसर और शराब कारोबारी जेल की हवा खा चुके हैं और तात्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा कई महीनों से जेल में हैं। शराब घोटाले की ईडी, आईडी, सीबीआई और ईओडब्ल्यू जैसी एजेंसियां जांच कर रही है। अब शराब घोटाले के आरोप में जिला आबकारी अधिकारी रेंक के 22 अफसरों पर गाज गिरी है जिन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है आगे चलकर उन्हें बर्खाश्त भी किया जा सकता है और वे सभी जेल की हवा खा सकते हैं। प्रदेश में भ्रष्ट नौकरशाहों के खिलाफ हुई अब तक की इस सबसे बड़ी कार्यवाही को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में जीरो टालरेन्स की नीति पर कड़ाईपूर्वक पालन किया जा रहा है, कांग्रेस के पिछले कार्यकाल में जितने भी घोटाले हुए हैं उनकी विभिन्न एजेन्सियां जांच कर रही हैं और एक भी अपराधी नहीं बच पाएगा। साय सरकार की इस कार्यवाही से कांग्रेस पार्टी में हड़कंप मच गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस कार्यवाही को प्रेशर पॉलिटिक्स करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार कांग्रेस को बदनाम कर रही है। पहले कांग्रेस के नेताओं को इन घोटालों में फंसाया गया था अब अफसरों पर कार्यवाही की जा रही है। जहां तक प्रदेश की जनता का प्रश्न है तो वह भ्रष्टाचार के आरोपियों के खिलाफ की जाने वाली कार्यवाही से खुश है और वह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अपेक्षा कर रही है कि वे प्रदेश में सुशासन स्थापित करेंगे।

पाकिस्तान के दोनों हाथों में लड्डू या लॉलीपॉप ?

नीरज मनजीत

दो महीनों में इतना कुछ मिल जाने से पाकिस्तान इस तरह फूलकर कुप्पा हो गया है कि वह सरेआम कहने लगा है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के युद्ध में भारत पर जीत हासिल कर ली है। मगर वैश्विक बिरादरी पाकिस्तान के झूठ से भली भांति परिचित है। 1965 के युद्ध में भारतीय थलसेना ने पाक सेना को खदेड़कर लाहौर तक कब्ज़ा कर लिया था। साफतौर पर यह भारत की विजययात्रा थी। पर जब रूस की मध्यस्थता में प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने पाकिस्तान को खोई हुई ज़मीन वापस कर दी थी, तो इसे भी पाकिस्तान ने अपनी जीत कहकर प्रचारित किया था। कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि वैश्विक समुदाय अच्छी तरह जानता है कि पाकिस्तान को लड्डू अथवा लॉलीपॉप थमाकर कोई भी उसका इस्तेमाल कर सकता है।

क्या पाकिस्तान के दोनों हाथों में लड्डू थमा दिए गए हैं? या फिर क्या ये लड्डू आगे चलकर लॉलीपॉप साबित होने वाले हैं? वैश्विक बिरादरी के कूटनीतिक हलकों में ये दोनों सवाल सुलगने लगे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक समुदाय के ताक़तवर देशों में अकस्मात ही पाकिस्तान की पूछ परख बढ़ गई है। चीन तो वैसे ही उसका सबसे बड़ा रणनीतिक और कारोबारी साझेदार है। चीन की आर्थिक मदद से जारी चायना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरीडोर (सीपेक) की परियोजना भले ही घिसटकर चल रही हो, पर पाकिस्तान को मदद देते रहना चीन की विवशता है। मुफ़लिस पाकिस्तान की हक़ीक़त से चीन अच्छी तरह वाक़िफ़है, मगर भारत को दबाव में रखने के लिए चीन को और कोई दूसरा रास्ता नज़र नहीं आताऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने चीनी फाइटर जेट्स और डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया था। हालाँकि चीनी डिफेंस सिस्टम क़तई कारगर साबित नहीं हुआ था और भारतीय मिसाइलों और ड्रोन्स ने सटीक निशानों पर वार किया था। सीज़फायर के बाद चीन ने पहली बार खुलकर कहा था कि वह इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ खड़ा है। दूसरी तरफ़ चीन ने भारत के लिए भी एक खिड़की खोल रखी थी, क्योंकि इस बयान के फ़ौरन बाद चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को फोन करके संयम बरतने की अपील की।

पाकिस्तान को कई वर्षों से एक लड्डू तुर्किए ने थमा रखा है। दरअसल तुर्किए के राष्ट्रपति तैयब एर्दोगान इस्लामिक देशों के सबसे बड़े संगठन ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) में लीडर की हैसियत चाहते हैं। फिलहाल ओआईसी का मुख्यालय सऊदी अरब में है और ओआईसी पर सऊदी के सुल्तान मोहम्मद बिन सलमान का दबदबा कायम है। अधिकांश मुस्लिम देश मोहम्मद बिन सलमान के साथ खड़े हैं। एर्दोगान ओआईसी पर अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इस मुहिम में पाकिस्तान उनके साथ खड़ा है, इसलिए वे पाकिस्तान की अंधी हिमायत करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्किए ने युद्धक ड्रोन्स की खेप पाकिस्तान भेजी थी। यह अलग बात है कि

ये ड्रोन किसी काम के नहीं निकले और भारतीय सेना के डिफेंस सिस्टम ने इन्हें आसानी से मार गिराया था। तुर्किए की दिक़्क़त यह है कि ज़्यादातर इस्लामिक देश पाकिस्तान को क़तई भाव नहीं देते। यूएई, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, ब्रूनेई जैसे अमीर इस्लामिक देशों में पाकिस्तान की हैसियत एक याचक से ज़्यादा नहीं है, इसलिए इस्लामिक देशों की लीडरशिप हासिल करने का एर्दोगान का सपना अगले कई वर्षों तक सच नहीं होने वाला।

इधर ब्रिक्स देशों के ब्लॉक में भारत ने तुर्किए को बड़ा झटका दे दिया है। 2009 में ब्रिक्स की स्थापना ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने मिलकर की थी। तब से दुनिया की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का यह संगठन अनवरत आगे बढ़ रहा है। बहुत से देश इससे जुड़ना चाहते हैं, जिनमें तुर्किए भी शामिल है।

2024 में ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और इथियोपिया को इस समूह में शामिल किया गया। इस वर्ष इंडोनेशिया को भी ब्रिक्स में शामिल कर लिया गया है। भारत के प्रबल विरोध के चलते तुर्किए के अनुरोध को ठुकरा दिया गया। नतीजतन तुर्किए के दोनों हाथ ख़ाली हैं।

पाकिस्तान को सबसे बड़ा लड्डू राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने थमाया है। सबसे पहले तो उन्होंने पाकिस्तान को एक महान देश और शहबाज़ शरीफ़ को एक महान राष्ट्राध्यक्ष बताकर उनके गुब्बारे में हवा भर दी। जब राष्ट्रपति ट्रंप को एहसास हुआ कि पाकिस्तान की असली सत्ता तो आसिम मुनीर के हाथ में है, तो उन्हें भी वाशिंगटन बुलाकर उनके गुब्बारे में भी हवा भर दी।

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को जबर्दस्त शिकस्त झेलना पड़ी थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके सौ से ज़्यादा आतंकवादियों को मार गिराया था। पाक आर्मी ने जब जवाबी हमला किया तो पाकिस्तान को अकल्पनीय नुकसान हुआ था। भारतीय सेना की प्रवक्ता द्वय सोफ़िया कुरैशी और व्योमिका सिंह के मुताबिल भारतीय मिसाइलों की सटीक मार से पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह हो गए थे। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार सिस्टम को भी बेअसर कर दिया गया था।.एलओसी पर पाकिस्तान के कमांड, कंट्रोल, लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन और मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान हुआ था।

इसके अलावा भारत की सेनाओं ने पाक आर्मी को बड़ी ही ख़ूबी से समझा दिया था कि पाकिस्तान का हर शहर भारतीय मिसाइलों की जद में है और अब उसकी थोड़ी सी गुस्ताख़ी भी उसे काफी भारी पड़ेगी। एक मोटा अनुमान है कि भारत के हमलों से पाकिस्तान को तकरीबन 28 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

पाकिस्तान के जख़्मों पर डोनाल्ड ट्रंप ने ही मरहम लगाया और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 40 बिलियन डॉलर के कर्ज का पैकेज दिला दिया। एशियन डेवलपमेंट बैंक से भी पाकिस्तान को 800 मिलियन डॉलर बतौर कर्ज़ हासिल हो गए। इधर एक माह के लिए पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के अध्यक्षता भी मिल गई है। यह अध्यक्षता उसे रोटेशन के आधार पर मिली है और 31 जुलाई को उसका कार्यकाल पूरा हो जाएगा। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद रोधी समिति में पाकिस्तान को उपाध्यक्ष बना दिया गया है। कोई आश्चर्य नहीं कि यह सब उसे राष्ट्रपति ट्रंप की सिफारिश पर मिला हो।

सफलता भाग्य का नहीं परिश्रम का पुरस्कार

संजीव ठाकुर

हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है। अब्राहम लिंकन ने भी कहा कि डर कमजोर दिमाग के निशानी है।, मनुष्य को डर अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए, डर के परिणाम स्वरुप ही शंका पैदा होती है, और शंका व्यक्ति के मन में कमजोरी लाती है। डरा हुआ व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों वाला होता है और यही नकारात्मक विचार असफलता को जन्म देते हैं, गीता का भी ज्ञान है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत रख ए इंसान, आप स्वयं एक दिन कह उठेंगे भाग्य साहसी व्यक्ति का साथ देता है।

भाग्य के भरोसे ना बैठें

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता हैद्य वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती हैद्य पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैंद्य इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैंद्य वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फकैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था,÷ जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता÷ मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी

किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि ÷भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है÷,ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है।

सद्गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆शिष्य झोला ढोने वाले को नहीं कहते। शिष्य कहते हैं उनको जो अपने सद्?गुरु की एक-एक वाणी को अपने हृदय में तो उतारते ही हैं और पूरा संसार के पास परोस दें, रख दें उसको जमा करके कि भैया यही काम आएगा ! सब मिट जाएगा पर ये नहीं मिटेगा, ये वाणी नहीं मिटेगी। हजारों वर्ष से कोई खजाना खोया हुआ है पर पश्थ्वी के नीचे से उसका नक्शा मिल गया तो अब क्या वो खोया रहेगा ?? उस नक्शे से पहुंच जाएंगे। ये शास्त्र, ये स्मति, ये पुराण, ये गुरु वाणी नक्शा है। कहाँ का? बोला- हमारी ही आत्मा का, स्वयं को उपलब्ध होने का, आनंद को उपलब्ध होने का, परमात्मा तक पहुंचने का ये नक्श है। सब खो जाए पर नक्शा नहीं खोना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1704 स्टानिस्लाव लेस्ज़सिन्स्की पोलैंड का राजा बनाया गया। 1730 लोरेन्जो कॉर्सिनी को पोप क्लेमेंस बारहवीं के रूप में चुना गया। 1918 टोकायाम की खाड़ी में जापानी युद्धपोत में विस्फोट हुआ। जिसमें 500 लोगों की मौत हुई। 1982 चेकर मोटर्स निगम ऑटोमोबाइल ने अपना उत्पादन बंद किया। 1986 होमोसेक्सुअल लॉ रिफॉर्म एक्ट न्यूजीलैंड में कानून बन गया, जो समलैंगिक यौन संबंध को कमजोर करता है। 1993 जापान में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। जिसमें 160 लोगों की मौत हो गई थी। 1994 फ़िलिस्तीनी मुक्ति संगठन के अध्यक्ष यासर अराफात 27 वर्षों का निर्वासित जीवन जीने के बाद गाजा पट्टी में आये। 1998 फुटबॉल विश्व कप फाइनल में फ्रांस ने ब्राजील को 3-0 से हराया। 2005 प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय वर्तमान शासक सम्राट मोनको के रूप में उत्साहित थे। 2012 सीरियाई सेना द्वारा 200 लोगों ट्रेम्से में मारे गए।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो अंधेरों में भी

जो अंधेरों में भी रास्ते दिखा दे जो गिरने से पहले हमें थाम ले वो सिर्फ़ एक नाम नहीं होता वो होता है गुरु वो जो शब्द नहीं होता संस्कार देता है जो सवाल नहीं जवाब बनता है जो हमारी हर हार में संभावनाओं का सूरज भरता है ऐसा गुरू जो ज्ञान की नदी बनकर हमारे भीतर बहता है जो मौन रहकर भी सब सिखा देता है गुरु पूर्णिमा सिर्फ़ एक दिन नहीं वो हर क्षण है जब हम सीखते हैं जीवन को जीना आज उस रौशनी को शत शत नमन जिसने हमें बनाया हमसे बेहतर। - बेनू सतीश कॉंत

एक पर्ची पर लिखा

एक पर्ची पर लिखा था "अस्तित्व" मैंने मां को लिख दिया..! दूसरी पर्ची पर लिखा था "व्यक्तित्व" मैंने पिता को लिखा दिया..! तीसरी पर्ची पर लिखा था "कीमत" मैंने घर को लिख दिया..! चौथी पर्ची कुछ द्वंद्व से भरी थी "संघर्ष" मैंने आईना लिख दिया..! आखिरी पर्ची पर लिखा था "फ़ैसला" मैंने स्त्री लिख दिया..!

– अनुभूति 'अनु'

डरते नहीं हैं अब किसी भी इम्तिहा

डरते नहीं हैं अब किसी भी इम्तिहां से हम गुज़रें हैं रोज़ एक नई दास्तां से हम होने लगा है उम्र का हमपर असर ज़रा खुद को समझने जो लगे हैं सायबाँ से हम मिलते नहीं निशां कोई अपने दयार के मुश्किल सफ़र है छूट गये कारवां से हम जन्मे पले बढ़े हैं तुम्हारी ज़मीन पर उतरे नहीं हैं सीधे किसी आसमां से हम उन तक पहुँच ही जायेंगे जाएं जहाँ भी वो वाक़िफ़ हैं उनके कदमों के हर इक निशां से हम बैठे हैं आईने को लिए इसलिए ही हम डरते हैं फिर न जायें कहीं अब ज़ुबाँ से हम उसने क़बूल कर लिए अपने सभी गुनाह सच्चाई देख के हो गए बेज़ुबाँ से हम। – **माधुरी स्वर्णकार**

गुरू ज्ञान का सार है, गुरु से ही

गुरू ज्ञान का सार है, गुरु से ही संसार। गुरु बिन ज्ञान न आ सके, गुरु ही जग आधार। मन में मैल न राखिए, सदाचार हो साथ। मन दर्पण हो स्वच्छ जब, जगत नवाए माथ। हिम्मत कभी न हारिये, चाहे हो तन हार। मन के बल पर जीतिए, मन मंदिर का द्वार। नहीँ पराई बेटियाँ, जग की वो आधार। उनको नाजो पालिये। – **आकांक्षा द्विवेदी बिंदकी**

कहां से कहां तक चली हैं

कहां से कहां तक चली हैं ये राहें न ढूंढा है इनको, मिली हैं ये राहें .. कभी मन का हंसना, कभी मन का रोना, मिला कब, जिसे हमने समझा है खोना, उगीं ढल के, उग कर ढलीं हैं ये राहें .. न है राग इनको, न है द्वेष थोड़ा, न कुछ भी घटाया, न कुछ मुझमे जोड़ा, जले पग, न लेकिन जली हैं ये राहें .. – **निश्चय वाजपेयी**

सिन्धु समीप बसी नगरी तंह, रावण

सिन्धु समीप बसी नगरी तंह, रावण करता मन की। हिन्दी पर है रोक लगाता,जो भाषा जन जन की।। निज बोली को थोप रहा है, बैठ गेह अन्दर से। लगता चाहत तुझको लातन,मूकन अव घूसन की।। – **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

असली सफ़र वहाँ से शुरू होता है जहाँ

असली सफ़र वहाँ से शुरू होता है जहाँ रास्ते ख़त्म हो जाते हैं। महज़ ये जानने की जरूरत है खुद को बताने की जरूरत है कि सारे रास्ते यहीं कहीं हमारे भीतर से खुलते हैं... बस अपने अंदर ज़रा सिमट कर तो देख! – **मोनिका शर्मा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन कुछ प्रतिकूल परिस्थितियां बनेगी लेकिन धार्मिक प्रवृत्ति एवं पूर्व संचित पूण्य इससे बाहर निकालने में।सहायता करेंगे।

वृषः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र पर लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु अन्य कामो में उलझने के कारण इनमे से कुछ एक ही हाथ लग पाएंगे।

मिथुनः आज के दिन आप किसी इच्छा पूर्ति को लेकर जिद पर अडंगे जिससे परिवार का वातावरण कुछ समय के लिए अशांत बनेगा।

कर्कः लाभदायी तो रहेगा परन्तु लाभ कमाने के चक्कर मे आज शरीर की अनदेखी करना आगे भारी पड़ सकता है। कुछ दिनों से जिस वस्तु की कामना कर रहे थे आज उसकी प्राप्ति होने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

सिंहः आज का दिन सामान्य ही रहेगा फिर भी अतिआत्मविश्वास की भावना हानि करा सकती है इसका ध्यान रखे। कार्य क्षेत्र पर थोड़ी तू तू में में होने की सम्भवना है धन को लेकर आज किसी से वैर ना करें भविष्य के लिए हानिकारक रहेगा।

कन्याः आज के दिन का अधिकांश भाग भी आपके लिए कलहकारी रहेगा। आर्थिक स्थिति भी गड़बड़ाने से क्रोध अधिक आएगा। संबंधों के प्रति लापरवाह रहेंगे।

तुलाः परिस्थिति मे सुधार आपके व्यवहार के ऊपर निर्भर करेगा बात बात पर खींज निकालने से पारिवारिक माहौल गर्म रहेगा। तालमेल की कमी रहने से कड़वाहट बढ़ेगी।

वृश्चिकः आपका आज का दिन मिलाजुला रहेगा दिन का आरंभिक भाग शुभ समाचारो की प्राप्ति कराएगा मध्यान के समय व्यावसायिक अथवा अन्य कार्यो में व्यस्त रहेंगे इसका परिणाम सांध्य के आस-पास ही मिल सकेगा लाभ आज आशा के अनुरूप ही रहेगा।

धनुः आज के दिन आप लक्ष्य बनाकर कार्य करें अन्यथा मूल उद्देश्य से भटक सकते है दिन लाभदायी है इसका सदउपयोग करें। बेरोजगार लोग थोड़ा अधिक प्रयास करें तो सफलता अवश्य मिलेगी।

मकरः किसी मनोकामना पूर्ति की उम्मीद टूटने से मन दुखी रहेगा। व्यवसायी वर्ग आज पैसो के लेन देन में अत्यंत सावधानी बरतें धन के डूबने अथवा फंसने की सम्भवना है।

कुंभः आज के दिन आप बड़ी-बड़ी योजनाए बनाएंगे लेकिन इनको साकार रूप देने में असफल रहेंगे फिर भी आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन आशा के अनुरूप ही रहेगा। धन लाभ रुक-रुक कर परन्तु प्रचुर मात्रा में होगा।

मीनः अधिकांश कार्यो में सफलता दिलाएगा। लेकिन धन संबंधित कार्य देखभाल कर ही करें। कार्य व्यवसाय से आज कम परिश्रम में ही अधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत के कौन प्रधानमंत्री मांडा के 41 वें राजा बहादुर थे?

2) बीच गेम्स 2024 कहाँ आयोजित किया गया?

3) 12 जनवरी 2024 को जापानी सरकार द्वारा लॉन्च किए गए सूचना संग्रह उपग्रह का क्या नाम है?

4) विश्व का पहला समाचार पत्र किसने प्रकाशित किया?

5) हाल ही में जिनका निधन हुआ, जोधैया बाई किस भारतीय जनजातीय समुदाय से संबंधित थीं?

उत्तरमाला- (1) विश्वनाथ प्रताप सिंह (2) दीव (3) ऑप्टिकल-8 (4) जोहान कैरोलस (5) बैगा जनजाति

शब्द सागर

कोई तो सुध लो, पितईबंद पंचायत भवन जर्जर

राजिम/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पितईबंद का पंचायत भवन अपनी जर्जर स्थिति के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। यह भवन अब किसी खंडहर से कम नहीं रह गया है, जहां छत का प्लास्टर गिर रहा है, दीवारों में दरारें उभर आई हैं और समग्र संरचना अत्यंत कमजोर हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस भवन में प्रवेश करना खतरे से खाली नहीं, क्योंकि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पंचायत भवन को बने अभी केवल 20 वर्ष ही हुए हैं, लेकिन निर्माण में गुणवत्ता की कमी के कारण इसकी हालत दयनीय हो चुकी है। छत से प्लास्टर के टुकड़े गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे ग्रामीण पंचायत कार्यालय में जाने से कतराते हैं। ग्राम पंचायत के दैनिक कार्यों, जैसे ग्राम सभा, राशन कार्ड वितरण, या अन्य प्रशासनिक गतिविधियों के लिए यह भवन असुरक्षित साबित हो रहा है।

पूर्व और वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों ने इस गंभीर समस्या को कई बार जिला प्रशासन, उच्च अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाया है। इसके बावजूद, न तो भवन की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है और न ही शासन द्वारा इसके पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार के लिए कोई राशि स्वीकृत की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण यह भवन अब ग्राम पंचायत की जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह अक्षम हो चुका है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। वे चाहते हैं कि पंचायत भवन की मरम्मत या पुनर्निर्माण के लिए बजट स्वीकृत किया जाए, ताकि ग्राम पंचायत का कार्य सुचारू रूप से चल सके और ग्रामीणों को एक सुरक्षित स्थान मिल सके। साथ ही, निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शी जांच की भी मांग उठ रही है।

निजी कचना धुरवा कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

■ **शुल्क में संशोधन, आसान किस्तों में शुल्क जमा कर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकते है युवा**

छुरा / नवप्रदेश आदिवासी वनांचल क्षेत्र के प्रथम निजी कचना धुरवा कॉलेज में महाविद्यालय प्रबंध समिति ने छात्र हित में शुल्क में संशोधन किया है। बीए,बीकॉम, कंप्यूटर डीसीए,पीजी डीसीए एवं डी.एल.एड. संकायों में आसान किस्तों में शुल्क जमा कर 25 जुलाई तक प्रवेश ले सकते है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिनेश साहू ने बताया कि हृश्वक्क नई शिक्षा नीति 2020 के तहत् वर्ष 2025 - 26 में स्नातक व डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। महाविद्यालय प्रबंध समिति ने इस सत्र *कंप्यूटर संकाय में डीसीए एवं पीजीडीसीए की पूर्व निर्धारित शुल्क 16500/रु में संशोधित कर 13500/रु किए है। जिसे आसान तीन किस्तों में देय होगा। उन्होंने बताया कि डीसीए एवं पीजीडीसीए में प्रथम किस्त प्रवेश के समय 5500/ रु ,द्वितीय किस्त नवंबर माह में 6000/रु एवं अंतिम तीसरी किस्त फरवरी 2026 में 2000/रु देय होगा। वही बीए एवं बीकॉम प्रथम वर्ष की कुल शुल्क 7300/रु है जिसे प्रथम प्रवेश के समय 2300/रु द्वितीय नवम्बर माह में 3000/रु एवं अंतिम किस्त फरवरी 2026 में 2000/रु तय की गई है।शिक्षकीय योग्यता डी.एल.एड.डिप्लोमा द्विवर्षीय पाठयक्रम हेतु प्रवेश के समय प्रथम किस्त 20,500/रु एक मुस्त शुल्क जमा कर महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य तेजस्वी यादव ने बताया कि इस आदिवासी वनांचल क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने, व आसान किस्तों पर शुक्ल में सन्शोधन कर छात्र हित में सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

बिजली तार के संपर्क में आने से युवक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली में एक युवक की करंट से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक खुसरूपाली निवासी जगदीश बारिक (28) दोपहर को खेत में धान बोआई करने जा रहा था। गांव से कुछ ही दूरी पर खूबचंद के खेत में पहुंचा। उसी दौरान खेत में गिरा बोरवेल का सर्विस तार के संपर्क में जगदीश का पैर आ गया। जिससे वह गिर कर छटपटाने लगा। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

गुरुओं का सम्मान कर मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र छात्राओं ने अपने गुरुओं को सम्मान देकर हर्षित हुए सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम एस कुरु प्राचार्य हायर सेकेंडरी बिरगुडी,अध्यक्षता अशोक निषाद प्रधान पाठक,विशिष्ट अतिथि समस्त प्राथमिक माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के समस्त गुरुजनों की उपस्थिति में हुआ। आदर्श ग्राम पंचायत बिरगुड़ी के उपसरपंच ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु शिष्य की परम्परा का बखान कर गुरु की महत्ता पर प्रकाश बिखेरे। सभा को राजेश कश्यप, एम के मरकाम ने संबोधित किया ।कार्यक्रम का सफल संचालन डी के शांडिल्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक साहू, विशेश्वर यादव एवं प्राथमिक,माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के समस्त छात्र छात्र उपस्थित थे।

गुरुनारायण सहित कार्यकर्ताओं ने किया गुरुओं का सम्मान

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा जिला संगठन के आह्वान पर भाजपा मंडल गोहरापदर में भाजपाइयों ने गुरुओं के निवास एवं विद्यालयों में पहुंचकर तिलक लगा के शॉल श्रीफल कलम एवं मिष्ठान भेंट कर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सम्मानित किया। नगर के विद्यालय में सेवानिवृत शिक्षक त्रिलोचंददास कश्यप,वरिष्ठ शिक्षक हेमलाल जगत,ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका ललिता तिवारी,शिक्षक भगवानों पांडे, शिक्षिका त्रिपुरा पांडे का सम्मान किया साथ ही मंदिर के पुजारी पंडित हरलाल मिश्रा महाराज एवं पूर्व विकासखंड शिक्षाधिकारी रामप्रसाद साहू,आर.पी.अवस्थी का उनके निवास पहुंचकर सम्मान किया। इस दौरान भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा भारतवर्ष में गुरु-शिष्य परंपरा केवल सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि श्रद्धा,समर्पण और मार्गदर्शन का प्रतीक है।

जनमन योजना की सड़क अधूरी बनी दलदल, स्कूली बच्चों की मुश्किलें बढ़ीं

■ **बारिश से पहले अधूरी सड़क ने ले लिया कीचड़ का रूप, छात्र गिरकर हो रहे घायल**

छुरा / नवप्रदेश। विकास की राह में बिछाई जा रही जनमन योजना की सड़क अब ग्रामीणों के लिए ही संकट बन गई है। छुरा विकासखंड के ग्राम गोंदलाबाहरा से उलटपारा तक स्वीकृत सड़क, जो जनमन योजना के तहत बनाई जा रही थी, वर्तमान में भारी बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो गई है। इस अधूरी सड़क ने राहगीरों, खासकर स्कूली बच्चों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा बारिश से पहले सड़क पर केवल मिट्टी डाली गई, लेकिन निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया। नतीजतन, बारिश के पानी से पूरी सड़क दलदल बन गई है। बच्चों के घुटनों तक कीचड़ जमा है, जिससे उनका पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी

हर दिन सैकड़ों छात्र इसी सड़क से होकर स्कूल जाते हैं। कीचड़ में साइकिल फंस रही है और बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। कुछ बच्चों की किताबें और बैग कीचड़ में भीग जाते हैं। अभिभावकों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है।

प्रशासनिक अनदेखी बन रही बड़ी परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की स्थिति की जानकारी संबंधित अधिकारी को है लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी लोगों को अखर रही है। जनहित की योजना, लेकिन लापरवाही से जनता परेशान- जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य की अनदेखी के लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर प्रशासन कार्रवाई करे और तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जल्द कार्य नहीं हुआ तो बारिश के दौरान और भी कई हादसे हो सकते हैं।

खरोरा में आठ दिवसीय रामचरितमानस का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा में 8 जुलाई से 16 जुलाई तक राम कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। मैहर रीवा मध्य प्रदेश के कथावाचक कृष्णनंद महाराज के द्वारा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीराम कथावाचन किया जा रहा है। कथावाचन में कृष्णानंद महाराज ने भक्तजनों को बताते हुए कहा रामचरितमानस कवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य है, इस ग्रंथ में 7 काण्ड हैं, राम कथा युगों से चली आ रही है और सुनाई भी जा रही है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के उधार के लिए हर मनुष्य के जीवन में राम कथा का एक विशेष महत्व है प्रभु श्रीराम के बाल रूप का वर्णन और उनके राम जन्म का कथा में बताया गया। श्री राम ने अपने ही चारों भाई के साथ व्यवहार और अपने ही मित्र के साथ व्यवहार और अपने ही माता-पिता के साथ अच्छा से व्यवहार रखा था यह राम कथा श्रवण करने से हमे अच्छी शिक्षा मिलती हैं और घरों में राम कथा करवाने से हमारे मन में बैठी हुई बुराईयों का नाश होता है। अपना मन शुद्ध करने के लिए जीवन में राम कथा अवश्य श्रवण करना चाहिए। इस राम कथा का आयोजन में व्यास रमेश तिवारी महाराज है द्वारा मंच संचालन किया जा रहा हैं।

आम आदमी पार्टी ने युक्तियुक्तकरण के विरोध में घेरा डीईओ कार्यालय

महासमुंद/नवप्रदेश। युक्तियुक्तकरण के विरोध में आज आम आदमी पार्टी ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ में सरकार के युक्तियुक्तकरण से बदहाल शिक्षा व्यवस्था पर कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने युक्तियुक्तकरण लागू कर सालों पुरानी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है और बच्चों का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। उन्होंने कहा कि आरटीई की भर्ती में गड़बड़ी हो रही है। पाठ्यपुस्तक निगम के सरकारी और निजी स्कूलों में फ्री में वितरित की जाने वाली पुस्तकें शिक्षा सत्र चालू होने के डेढ़ माह बाद भी उपलब्ध नहीं करा पाई। महासमुंद सहित पूरे प्रदेश में डीईओ और प्राइवेट स्कूल संचालकों की मिलीभगत के चलते विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें महंगी और अतिरिक्त सिलेबस वाली गुणवत्ताविहीन पुस्तकें खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है। छग की भाजपा सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर विफल रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर देने के बाद कई स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं।

25 तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद/नवप्रदेश। असिस्टेंट, आग्जीलरी, इंकमैन, जूनियर बाईंडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर आदि के 19 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 25 जुलाई तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। भर्ती के लिए व्यापमं से 31 अगस्त को परीक्षा आयोजित की जाएगी। जूनियर बाईंडर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता आठवीं पास है। जबकि अन्य पदों के लिए पांचवीं पास है। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 350 रुपए है।

गुरु पूर्णिमा पर वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान

रामानुजगंज/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के मार्गदर्शन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के द्वारा नगर के वयोवृद्धि सेवानिवृत शिक्षक धनंजय पाठक सहित मंदिर के पुजारी एवं गायत्री परिवार से जुड़े वरिष्ठ जनों के घर जाकर शाल श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म की संस्कृति है सनातन संस्कृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं हमारे धर्म ग्रंथो में गुरु में गु का अर्थ अंधकार या अज्ञान और रु का अर्थ प्रकाश अर्थात अज्ञान को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर पुरोहित नंदकुमार पांडे, नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित प्राचीन राम मंदिर के पुजारी यशपाल दुबे पहाड़ी मंदिर के पुजारी पवन पांडे गायत्री परिवार के टीआर शर्मा के घर जाकर शाल श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल पार्षद सुमित गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनूप कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शराब घोटाले में संलिप्त आबकारी के प्रभारी जिला अधिकारी निलंबित

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में आरोपी बनाए गए 22 आबकारी अधिकारियों में शामिल महासमुंद के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश पॉल को आबकारी विभाग ने निलंबित कर दिया है। इस आशय का आदेश वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने जारी किया है। बता दें कि, छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में गुरुवार को प्रदेश स्तर पर बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में की गई है। आबकारी विभाग के 22 अधिकारियों पर आरोप है कि, शराब घोटाले के सिंडिकेट में यह लोग शामिल थे। इन आबकारी अफसरों ने 88 करोड़ रुपए कमिशन के रूप में कमाए थे। पिछले दिनों आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने रायपुर की विशेष अदालत में आबकारी अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने विशेष कोर्ट में करीब 2300 पन्नों का चालान पेश किया था। शराब घोटाले के इस मामले में 29 आरोपियों को ईओडब्ल्यू की ओर से समन जारी किया गया था।

नाला पार कर स्कूल जाने मजबूर है अंचल के बच्चे

छुरा / नवप्रदेश। अंचल के ग्राम पंचायत केवटीझर के आश्रित ग्राम मातरबाहरा के पारा सरगीपार के ग्रामवासियों आज भी पक्की सड़क और पुलिया के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं, फिर भी संघर्ष अधूरा है। ऐसा कहा जाता है कि अगर भारत को जानना और समझना है तो पहले गांव जानिए क्योंकि भारत गांवों का देश है और भारत गांवों में बसता है। हां वही गाव जहां पसीने में तरबतर होकर अपनी मेहनत से अन्न उपजाने वाले धरती के भगवान किसान रहते हैं।

केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा मुलभुत समस्या बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के निदान के लिए कई लोक कल्याणकारी योजना लागू की जाती है, ताकि गांव और शहर की तस्वीर बदलाव आये पर अफसोस है कि शहर का तस्वीर तो बदल रहा है पर गांव का तस्वीर सही मायने में वैसा नहीं है जैसा रहना चाहिए। गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले गांव मातरबाहरा (सरगीपारा) आज भी आजादी के इतने साल बाद भी सड़क, पुलिया के मोहताज है। यहां के लोगों को बारिश के दिनों में भारी परेशानियों का समान करना पड़ता है। ज्ञात हो कि मातरबाहरा और सरगी पार के बीच केन्द्रा नाला पड़ता है जो बारिश के दिनों में बाढ़ आने से लोगों का आवाजाही बंद हो जाता है। यहां तक सरगीपारा में प्राथमिक शाला है और मातरबाहरा में माध्यमिक स्कूल है जो कि सरगीपार के बच्चे मिडिल स्कूल नाला पार करके दो किलोमीटर मातरबाहरा आते हैं। बारिश के समय नाला में ज्यादा पानी होने से बच्चे स्कूल आने वंचित होना पड़ता है ।मालूम हो कि यहां के किसान खाद बीज लेने के लिए कच्ची सड़क से 5 किलोमीटर कनसिघी जाते हैं।

चिंतन शिविर | **जिला सीईओ जी.आर. मरकाम, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं अधिकारियों ने उत्साह से किया पौधा रोपण**

एक पेड़ मां के नाम : संयुक्त रूप से बेहरापाल एवं कौंदकेरा के सरहद में किया पौधारोपण

राजिम/नवप्रदेश। एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी विकासखंडों के किसी न किसी एक स्थान पर वृहद ब्लाक प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम बेहरापाल एवं ग्राम कौंदकेरा के सरहद में राजिम विधायक रोहित साहू, जिला सीईओ जी.आर. मरकाम, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से ब्लाक प्लान्टेशन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के फलदार एवं इमारती पौधों का रोपण किया गया। राजिम विधायक रोहित साहू ने उन्नत किस्म के आम का पौधरोपण किया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजन एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लाक प्लान्टेशन के तहत लगभग ढाई एकड़ क्षेत्र में लगभग 150 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इसी प्रकार अन्य विकासखण्डों में भी वृक्षारोपण किया जायेगा। जिले में इसकी शुरूआत कलेक्टर बी.एस. उइके ने गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम सढ़ौली से किया था। इसी प्रकार 11 जुलाई को छुरा के रसेला एवं 12 जुलाई को मैनपुर विकासखण्ड के जिडार एवं 15 जुलाई को देवभोग के गोहरापदर में ब्लॉक प्लान्टेशन कार्यक्रम किया जायेगा। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ग्राम बेहरापाल एवं ग्राम कौंदकेरा के सरहद में संयुक्त रूप से पौधरोपण करने पर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की है कि वे कही भी खाली जगह पर एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण करें। श्री साहू ने कहा कि जीवन में पौधे का महत्वपूर्ण होती है। इससे हमे आक्सीजन, फल-फूल सहित अन्य चीजे प्राप्त होती है। पेड़ लगाने से आने वाली पीढ़ी भी संरक्षित होती है और इसका लाभ कई पीढ़ियों तक मिलता रहेगा। इस दौरान उन्होंने कहा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत गांव में पानी को संरक्षित रखने के लिए भूमिगत जलस्त्रोतों के पास सोखता गढ्डा अनिवार्य रूप से बनाये, इससे जल स्त्रोत में बढ़ोतरी होती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदीनी साहू, जनपद सदस्य मंजू साहू, ग्राम पंचायत कौंदकेरा की सरपंच राधिका यादव, ग्राम पंचायत बेहरापाल के सरपंच राजेश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, एसडीएम विशाल महाराणा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

■ न्यूज गैलरी

भारतीय फुटबॉल टीम में चयनित किरण पिस्दा बनी अरिहंत एकेडमी की ब्रांड एंबेसेडर

बालोद/नवप्रदेश। बालोद नगर की बेटी किरण पिस्दा, जिन्होंने भारतीय महिला फुटबॉल टीम में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है, का भव्य स्वागत व सम्मान अरिहंत एकेडमी द्वारा किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में स्कूल के चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन ने किरण पिस्दा तथा उनके माता-पिता को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही किरण को अरिहंत अकैडमी का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अरिहंत एकेडमी के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर किरण का स्वागत किया, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण हो उठा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा किरण को भविष्य में जो भी आवश्यकता होगी उसकी पूर्ति संस्था द्वारा करने का आश्वासन दिया गया ताकि वह आगे की पढ़ाई और खेल में और बेहतर कर सकें। किरण ने अपने उद्बोधन में कहा ङ्क ÷सपने बड़े देखो और फिर पूरी मेहनत से उनके पीछे दौड़ो, सफलता जरूर मिलेगी।

मोहला ब्लॉक के पुतरगोंदी कला में एक पेड़ मां के नाम 2.0

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज दिनाँक 11/07/2025 दिन- शुक्रवार को ÷एक पेड़ माँ के नाम 2.0 ÷ के तहत प्राथमिक शाला - पुतरगोंदी कला, संकुल - मोतीपुर, वि. ख.- मोहला में 10 पौधों का रोपण किया गया जिसमें आँवला, अमरूद, गुलमोहर आदि लगाया गया । स्कूली बच्चे चाँद, निधि, पूर्वी, मोहित, पीयूष के साथ साथ रमहला नायक(प्रधान पाठिका), पेमेन्द्र कुमार साहू(शिक्षक), परमेश्वर कोमरे (सरपंच) और ईश्वर कोमरे के द्वारा अपने माँ के नाम पेड़ लगाया गया। दूसरों को भी यह संदेश दें कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है- स्वच्छ हवा, पानी, भोजन के माध्यम से भविष्य में बेहतर जिंदगी जी सकते है

कांवड़ यात्रियों के लिए अमरकंटक में निःशुल्क भोजन एवं विश्राम की सुविधा की शुरुआत

■ प्रथम दिन लगभग 500 भक्तों का हुवा आगमन

कांवड़ियों की सेवा और सत्कार का पुण्य अवसर हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है : भावना बोहरा

कवर्धा/नवप्रदेश। सावन का पवित्र महिना 11 जुलाई से शुरू हो गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री जल लेकर अमरकंटक में जलेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान करेंगे। उनकी यात्रा को सुखद बनाने के लिए लगातार चौथे वर्ष भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा मेला मैदान, नया नगर पालिका के पास, अमरकंटक, जिला अनुपपुर (म.प्र.) में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक सर्वसुविधायुक्त निःशुल्क विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई है, जहां सावन माह के प्रथम दिन लगभग 500 श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। सभी श्रद्धालुओं का पूरे उत्साह के साथ संस्थान के सदस्यों द्वारा स्वागत एवं सेवा की गई और श्रद्धालुओं में भी उत्साह दिखाई दिया एवं सभी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों की प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।

विगत वर्ष भावना बोहरा द्वारा इस सुविधा के माध्यम से लगभग 11,000 से अधिक श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों को इस सुविधा का लाभ मिला और इस वर्ष भी उसी लक्ष्य के साथ मेला मैदान, नया नगर पालिका के पास, अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों के लिए लिए सुबह चाय-नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि के भोजन, नहाने व विश्राम की व्यवस्था एवं रोजमर्रा की सभी मूलभूत सुविधाओं की यहां पूरी तरह व्यवस्था की गई है और भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्य भी यहां सातों दिन चौबीसों घंटे उनकी सेवा में उपलब्ध रहेंगे ताकि कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को कसीस प्रकार की असुविधा न हो। इस सेवा से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु आप हेल्पलाइन नंबर 9755359004 एवं 9754462000 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर भावना बोहरा ने बताया कि हमारे कबीरधाम जिले से हजारों कांवड़ यात्री भगवान भोलेनाथ के प्रति अपार आस्था एवं विश्वास के साथ कांवड़ में जल लेकर उनका जलाभिषेक करने हेतु कठिन यात्रा करके अमरकंटक के लिए प्रस्थान करते हैं। उनकी यात्रा सुखद और मंगलमय हो इसके लिए लगातार हमारा प्रयास जारी है। कांवड़ यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए हमने नवनिर्मित पालिका परिषद, अमरकंटक,अनुपपुर (म.प्र.) में सभी मूलभूत सुविधाओं तथा आपके विश्राम,भोजन, पेयजल,स्नान जैसे सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की है साथ ही भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्य उनकी सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे। कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का अवसर स्वयं भगवान शिवजी की सेवा करने का सौभाग्य है और भगवान भोलेनाथ की कृपा एवं आशीर्वाद और क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही लगातार चौथे वर्ष भी हमें शिवभक्तों की सेवा करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

राजहरा पुलिस ने चलाया अवैध सट्टा, जुआ एवं शराब बिक्री एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ धरपकड़

बालोद/नवप्रदेश। आईजी राम गोपाल गर्ग के आदेश पर एसपी योगेश पटेल तथा एएसपी मोनिका ठाकुर के निर्देशन में एवं डॉ चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा के मार्गदर्शन में अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी ? दल्लीराजहरा निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय द्वारा राजहरा क्षेत्रांर्गत अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। थाना प्रभारी द्वारा सट्टा के 1 प्रकरण एवं आबकारी एक्ट के तहत 2 प्रकरण दर्ज किया गया। सूचना मिली कि एक व्यक्ति रेल्वे लाबी के सामने बैठ कर अंको के ऊपर रूपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है। मौके पर रेड कार्यवाही कर आरोपी बिरजू गुप्ता पिता बोधन राम उम्र 43 वर्ष वार्ड क्र0 4 टेबलरसेट राजहरा थाना राजहरा निवासी को पकडा गया। जिसके कब्जे से एक लाईनदार सफेद कागज में विभिन्न अंको के पीछे लिखे लाखो के सट्टा पट्टी एवं नकदी रकम 810 रुपये व एक डाट पेन को जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र0 215/25 धारा - छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 की कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। इसी तरह अवैध शराब के मामले मे दो कार्रवाई हुई है। पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति रेलवे यार्ड राजहरा की ओर से अधिक मात्रा में शराब लेकर आ रहा है। सूचना पर रेड कर आरोपी शिव कुमार साहू पिता प्रभु राम उम्र 29 वर्ष वार्ड क्र0 24 नया बस स्टेंड राजहरा को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से एक हरा व सिल्वर रंग के प्लास्टिक थैला में 18 नग देशी शोले प्लेन शराब कुल 3.240 बल्क लीटर कीमती 1440 रुपये को जब्त किया गया । आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 217/2025 धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं एक व्यक्ति रेलवे यार्ड राजहरा की ओर से अधिक मात्रा में शराब लेकर आ रहा है की सूचना पर रेड मार कर आरोपी खेमलाल ठाकुर पिता स्व0 गौतम ठाकुर उम्र 31 वर्ष वार्ड क्र0 24 नया बस स्टेंड राजहरा को पकडा गया। जिसके कब्जे से एक सफेद पानी पाउच के बोरी में 17 नग देसी शोले प्लेन शराब कुल 3.060 बल्क लीटर कीमती 1360 रुपये को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 218/2025 धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, प्र0आर0 संतराम मंडावी, राजेश मरकाम , संजय देशमुख , आर. छन्नु बंजारे, योगेन्द्र सिन्हा, दीपक यादव , झामसिंग कोमरे की प्रमुख भूमिका रही ।

नपाध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कलेक्टर से बस स्टैंड की समस्या को लेकर की भेंट

बालोद/नवप्रदेश। बालोद नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने अपनी टीम व बालोद चेंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों के साथ बालोद जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से बालोद नगर व बस स्टैंड की समस्या को लेकर सौजन्य भेंट की। ज्ञापन सौंपकर उन्हें अवगत कराया कि बारिश के कारण बस स्टैंड में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है, पानी की निकासी सही तरह से नहीं हो पा रही है जिसके कारण यात्रियों को आने जाने में तथा वहां के व्यापारियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का कलेक्टर द्वारा जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन प्राप्त हुआ तथा उनके द्वारा नेशनल हाईवे विभाग के साथ बैठक करने की बात भी कही गई। इस मौके पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, बालोद चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष हरीश सांखला, पार्षदगण में गिरजेश गुप्ता,गोकुल ठाकुर,प्रीतम यादव,सुनीता मनहर, गोमती रात्रे,श्यामा यादव, कांति साहू, पुष्पा साहू तथा श्रवण टावरी, संतोष पाढ़ी, तरुण बड़तिया,ललित जैन,हेमराज जिज्ञासी ,दिलीप श्रीश्रीमाल,राजू लालवानी, भीखमचंद चौरड़िया ,वैभव राखेचा एवं अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहें।

स्कूलों में नहीं पहुंच पाई पुस्तकें,गांव-गांव पहुंच गई सरकार की नई ब्रांड शेरा छाप शराब:एन. एस.यू.आई

विष्णु देव सरकार की बदहाल शिक्षा व्यवस्था से भड़के छात्रनेताओं ने कटोरा लेकर किया जिला कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष युवनेता ऋषि शास्त्री के मार्गदर्शन में व एन एस यू आई के प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर और प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव के नेतृत्व में आज बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ जिला कार्यालय के बाहर भारी बारिश के भेज भीगते हुए हाथों में कटोरा और तख्ती लेकर मौजूदा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमीन में कर विरोध प्रदर्शन किया।

विधानसभा अध्यक्ष उज्वल निर्मलकर ने बताया कि नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए महीना पूरा होने को आ चुका है सरकार स्कूल में किताब पहुंचाना छोड़ गांव गांव शराब का नया ब्रांड शेरा स्कैन कर पहुंचा रही है जबकि सरकार के मंत्री सरगुजा में नाचने गाने में व्यस्त है।

प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव और ऋषभ निर्मलकर ने बताया कि शिक्षकों के युक्तियुक्त की वजह से दस हजार से ऊपर शासकीय स्कूल बंद हो गए ऐसे में शिक्षा का स्तर कैसे सुधर पाएगा साथ ही जिन बेरोजगार युवाओं को सरकार ने चुनाव में नई भर्ती का आश्वासन दिया था बेरोजगार का ठप्पा लगा कर पचास हजार से भी अधिक युवा अब भटकने में मजबूर है।

आज सरकार और शिक्षा विभाग केवल निजी संस्थान पर मेहरबान है जहां जिले में आंकड़ों की माने तो 530 शासकीय स्कूलों में मरम्मत 20 से अधिक शासकीय स्कूल कक्ष को डिस्मेंटल कर नया बनाने की आवश्यकता है वही निजी स्कूल बिना किसी वैधानिक मापदंड के संचालित की जा रही है निजी स्कूलों की मनमानी इतनी बढ़ चुकी है कि सी. बी.एस.सी का बोर्ड लगाकर बच्चों के परिजनों के फीस वसूली की जा रही है जबकि परीक्षा सी.जी बोर्ड के हिसाब से ली जा रही है।

एन एस यू आई ने कटोरा भेट कर चेतावनी दी है कि अगर शिक्षा व्यवस्था सरकार नहीं सुधारेगी तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन प्रदेश स्तर में किया जाएगा प्रदर्शन में मुख्यरूप से स्वस्थ विभाग ननि के पूर्व चेयमैन गणेश पवार,नोहर निर्मलकर , हिमांशु सोनाटिया , लोमश कुमार,होलेन्द्र, विकाश, रवि, अमन कुमार , राधिका ,केदार पटेल ।

जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के किसान खेती-किसानी के कार्य में जुटे हुए है। किसान सहकारी समितियों में खाद-बीज लेने के लिए प्रतिदिन पहुंच रहे है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किसानों के लिए खाद-बीज की सतत आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण उपलब्ध है। कलेक्टर ने किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि सभी समितियों में खाद-बीज की निरंतर आपूर्ति होती रहे इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता से कार्य करेंगे।

पंडरिया शक्कर कारखाना के 250 श्रमिकों को नौकरी से निकाला तो श्रमिक कल्याण संघ ने शुरू कर दी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

कवर्धा/नवप्रदेश। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के श्रमिकों ने हड़ताल शुरू कर दिया है,सैकड़ों के अधिक संख्या में ये कर्मचारी श्रमिक कल्याण संघ के बैनर तले परसवारा मेन गेट के पास हड़ताल में हैं और नारेबाजी भी कर रहे हैं !

अभी तक कारखाना प्रबंधक और शासन प्रशासन द्वारा कोई रास्ता नहीं निकला गया है श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा सचिव अजय बंजारे प्रवक्ता संतराम वर्मा ने बताया कि 250 श्रमिक कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया गया है ! श्रमिकों ने बताया कि हर साल 1,5 जुलाई,8 जुलाई से लेकर पेराई सीजन बंद होने तक काम करते हैं ! लेकिन इस बार 11 जुलाई तक 250 करीब श्रमिकों को काम पर नहीं बुलाया जा रहा हैं सीधे तौर पर नौकरी से निकाल दिया गया है ऐसे में कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर दिया गया है !

गांजा बेचने पहुंचे थे बाप-बेटा, कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर रंगेहाथों कपड़ा

कवर्धा//नवप्रदेश। जिले में नशे के अवैध कारोबार पर लगाम कसने पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि मादक पदार्थों की तस्करी, संग्रहण और बिक्री में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध बिना किसी रियायत के त्वरित कार्यवाही की जाए। उन्हीं के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल व पंकज पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर के सतत पर्यवेक्षण में कबीरधाम पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा बिक्री में लिप्त बाप-बेटे की जोड़ी को ग्राहक की प्रतीक्षा करते वक्त रंगेहाथ पकड़ने में सफलता पाई है।

आरोपी गणेश साहू पिता भागवत साहू, उम्र 36 वर्ष, निवासी दौजरी, थाना कवधा, भागवत साहू पिता मोतीराम साहू, उम्र 60 वर्ष, निवासी दौजरी, थाना कवर्धा के कब्जे से एक हरा-सफेद थैला में रखा हुआ कुल 0.9705 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा और ?300 नगद बरामद किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत ?9300 है। आरोपी ग्राहक की तलाश में गांजा लेकर पुलिस लाइन के सामने जोराताल क्षेत्र में खड़े थे।

पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया और नियमपूर्वक तलाशी व पूछताछ के उपरांत थाना कोतवाली लाया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 307/2025, धारा 20(बी)(2)(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, साइबर प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, उप निरीक्षक श्री रजनीकांत दीवान साइबर सेल से प्र आर चुम्मन साहू, वैभव कल्चुरी, आरक्षक गज्जू सिंह राजपुर एवं टीम की विशेष भूमिका रही ।

शेष खबरो के लिए

खाई में गिरी बोरिंग...

टीएन 88 डी 1702 ग्राम छाटा थाना कुकदूर के पास ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर घाटी में गिर गया जिससे घटनास्थल पर तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी तथा घायल 6 लोगों को तुरंत इलाज हेतु कुकदूर अस्पताल भेजा गया था जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां पर दो लोगों की और मृत्यु हो गई है। चालक हरि वलगन (तमिलनाडु) वाहन मालिक किशोर तंगवेल (तमिलनाडु)। मृतकों के नाम-1. गजेंद्र राम पिता रंगू राम (30) निवासी ठेठे टांगर बरा गजोर थाना कुनकुरी2. सुभाष राम पिता बलदेव (25) ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर 3. हरीश पिता चंद्राराम (19) जाति भुईहर ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर 4. देवधर पिता देवभोराम (45) निवासी नारियरढार कोका भरी थाना भन्सानेल जिला जशपुर 5. राज (50) निवासी तिर चूमगोड़ थाना नामकल जिला नामकल तमिलनाडु है।

अमित शाह का केरल...

कांग्रेस तीसरे स्थान पर खिसक गई। भाजपा 2025 के निकाय चुनावों को राज्य में अपने वोट शेयर और सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण अवसर मान रही है।

2020 के स्थानीय निकाय चुनावों में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को 40.18 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि यूडीएफ को 37.92 प्रतिशत और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 15.02 प्रतिशत वोट मिले थे। केरल में कुल 23,612 वार्ड हैं, जो ग्राम पंचायतों, ब्लॉक पंचायतों, जिला पंचायतों, नगरपालिकाओं और नगर निगमों में विभाजित हैं।

2020 में 941 ग्राम पंचायतों में से एलडीएफ ने 514, यूडीएफ ने 321, एनडीए ने 19 और अन्य ने 23 पंचायतें जीती थीं। 152 ब्लॉक पंचायतों में एलडीएफ को 108 और यूडीएफ को 38 पर जीत मिली थी। 14 जिला पंचायतों में एलडीएफ ने 11 और यूडीएफ ने 3 जीती थीं। 87 नगरपालिकाओं में एलडीएफ ने 43, यूडीएफ ने 41 और एनडीए ने 2 पर कब्जा किया था। वहीं 6 नगर निगमों में एलडीएफ के पास 5 और यूडीएफ के पास 1 निगम है।

'अस्त्र' मिसाइल का डीआरडीओ-...

प्रयोगशालाओं के साथ-साथ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) समेत 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों का योगदान रहा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और औद्योगिक साझेदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी सीकर के साथ मिसाइल का सफल परीक्षण रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ प्रमुख डॉ. समीर वी. कामत ने भी इस सफलता के लिए सभी टीमों को बधाई दी।

आईएफएस प्रसाद ...

रणनीतिक सलाहकार की भूमिका मिल सकती है।

रमन सरकार की तीसरी पारी में अरुण प्रसाद काफी प्रभावशाली रहे. वहीं कांग्रेस सरकार में वे सीएसआईडीसी के एमडी रहने के साथ ही पौल्यूशन बोर्ड के मेम्बर सिकरेट्री रहे. विष्णुदेव सरकार में भी वे वही हैसियत रखते थे। अरुण प्रसाद लगातार तीसरी सरकार में पौल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मेम्बर सिकरेट्री हैं।

तमिलनाडु के रहने वाले हैं अरुण प्रसाद : अरुण प्रसाद मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले हैं और वे 2006 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं. वे वर्तमान में मुख्य वन संरक्षक के स्तर के अधिकारी हैं। उनकी कार्यशैली को प्रभावशाली और अनुशासित माना जाता रहा है। उन्होंने दंतेवाड़ा और राजनांदगांव जिलों में डीएफओ के रूप में सेवा दी है और जंगलों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाई है।

सीएसआईडीसी और मंडी बोर्ड में भी निभा चुके हैं बड़ी जिम्मेदारी

अरुण प्रसाद ने छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में लंबी सेवा दी। इसके अलावा वे मंडी बोर्ड के एमडी भी रहे। दोनों जिम्मेदारियों में उनके कार्यकाल को प्रभावशाली और नीति-निर्माण में सक्रिय माना गया।

सरेंडर नक्सलियों को ....

से माता-पिता बनने में असक्षम होते हैं. वे साइंस की मदद से 'टेस्ट ट्यूब बेबी' सुविधा का उपयोग कर मां-बाप बन सकते हैं। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए भी लोगों को लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। लेकिन सरकार इस सुविधा को आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए उपलब्ध करवाते हुए उन्हें जीवन एक बड़ा तोहफा दे रही है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि हमारे प्रावधानों में है जिनकी नसबंदी कराई जाती है, वे मुख्य धारा में आने के बाद (सरेंडर करने के बाद) अगर माता-पिता बनना चाहते हैं, तो सरकार द्वारा टेस्ट ट्यूब बेबी की सुविधा भी दी जा रही है. डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि पुनर्वास केंद्रों में नौजवान भी आ रहे हैं. उनके विवाह के भी चिंता सरकार कर रही है. महिला एवं बाल विकास विभाग सामूहिक विवाह करवाएंगे. यह बेहद अलग और अद्भुत नजारा होगा।

मानसून में भी जारी रहेगा एंटी नक्सल ऑपरेशन

वहीं बारिश के मौसम में भी एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी रखने को लेकर उन्होंने बताया कि मानसून में जवानों को नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. इसके लिए जवानों को हैदराबाद में ट्रेनिंग दी जा रही है. उन्होंने कहा कि जवानों के हौसले के सामने सभी चुनौतियां फीकी पड़ रही हैं।

■ न्यूज गैलरी

एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन

दुर्ग। जिला आयुष अधिकारी दुर्ग डॉ. दिनेश चंद्रवंशी के निर्देशानुसार आयुषमान आरोग्य मंदिर नगपुरा के द्वारा ग्राम ढाबा में निशुल्क एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, ग्राम ढाबा के सरपंच कमल नारायण साहू के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया गया। शिविर में आयुर्वेद के 333, होम्योपैथी के 115, शुगर के 55, मोतियाबिंद 1 ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में प्रभारी डॉ. टिकेश्वरी गनवीर, डॉ. समलित ठाकुर, डॉ. मणिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, डॉ. सुमन साहू, डॉ. एकता चन्द्राकर, डॉ. संतोषी यादव, फार्मासिस्ट सत्येन्द्र कुमार उपाध्याय, मनीराम सिन्हा, खिलेश देशमुख, महेश बंजारे औषधालय सेवक सचिन शर्मा, भिलेन्द्र वर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान की गई।

गुरु पूर्णिमा पर भाजपा मंडल ने किया गुरुओं का सम्मान

कुम्हारी। भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत गुरुओं का सम्मान किया गया जिसमे कुम्हारी पीएम श्री सेजेस स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्राचार्या व्याख्याता लता रघु कुमार, भागवताचार्य पंडित गुमान धर दीवान, कुम्हारी निवासी और राष्ट्रीय भागवताचार्य नारायण वैष्णव जजगीरी एवं कुम्हारी टर्मिनेटर क्रिकेट अकादमी के कोच शबाब कुरैशी शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रभारी अध्यक्ष पीएन दुबे , वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, अशोक दीवान, मनोज वर्मा , गोल्डी गोस्वामी किसान नेता, रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, दीपक चतुर्वेदी, पार्षद उमाकांत साहू एवं मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा उपस्थित थे।

महापौर ने किया प्राचार्य का सम्मान

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने गुरुपूर्णिमा के महापर्व पर शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित प्राचार्य डॉ कृष्णा अग्रवाल का शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला भेट कर उनका स्वागत सम्मान किया गया। गुरुपूर्णिमा के महापर्व पर महापौर व प्राचार्या द्वारा छात्राओं को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर महापौर बाघमार के अलावा जिला संयोजक अजय तिवारी, विनोद चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, पार्षद सरिता चन्द्राकर, लोकेश्वरी ठाकुर, विक्रम प्रताप ठाकुर, राम अग्रवाल, भावेश अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

जिले में अब तक 302.8 मि.मी. वर्षा दर्ज

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में 1 जून 2025 से 11 जुलाई 2025 तक 302.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 408.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 247.0 मिमी. तहसील बोरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील धमधा में 254.6 मिमी, तहसील अहिवारा में 359.9 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 272.2 मिमी और तहसील दुर्ग में 274.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 11 जुलाई को तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 0.0 मिमी, तहसील पाटन में 5.3 मिमी, तहसील बोरी में 0.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 3.8 मिमी और तहसील अहिवारा में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

विधायक ललित ने मकान बनाने 90 को सौंपा अनुमति पत्र

33 को मिला अपना घर, किसी ने पिता तो किसी ने बेटे के हाथों निकाली लॉटरी

रिसाली/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम क्षेत्र के मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत 90 लोगों को मकान बनाने अनुमति पत्र सौंपा। वही 33 लोगों ने विधायक और महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में लॉटरी निकाल कर प्रधानमंत्री आवास को अपने नाम किया। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास लेने कई हितग्राहियों ने पिता, पत्नी, बेटे-बेटी के हाथों लॉटरी पर्ची निकलवाया।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आवास योजना को पूरी तरह पारदर्शी रखा गया है। प्रत्येक व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता है। हर इंसान को खुद के घर का सपना होता है। प्रदेश की साय सरकार सपना को पूरा करने कटिबद्ध है। देश के प्रधानमंत्री

स्वयं को प्रधान सेवक मानते दृढ़ संकल्प लिया है कि नागरिक कच्चे मकान में नहीं बल्कि खुद के मकान में रहेंगे।

मोदी के संकल्प और आप सभी को घर की सुविधा देने योजना को पूर्णरूप से पारदर्शी रखा गया है। उन्होंने आवास के नाम पर अधिकारी-कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने पर तत्काल सूचना देने भी कहा। महापौर शशि सिन्हा और नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी हितग्राहियों को आवास मिलने पर बधाई दी। लॉटरी प्रक्रिया में एमआईसी अनिल देशमुख, रंजीता बेनुआ, रोहित धनकर, पार्षद रमा साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रपाल हरमुख ने किया।

249 का लॉटरी शेष

उल्लेखनीय है कि प्रदिसी नगर में कुल 348 और लक्ष्मीनगर में 36 मकान निर्माणाधीन है। इसमें से क्रमशः 72 और 17 आवास का आवंटन किया जा चुका है। शुक्रवार को प्रदिप्ति नगर के 27 और लक्ष्मीनगर में 6 आवास का आवंटन किया गया।

90 को दिया अनुमति पत्र

मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा ने 90 लोगों को योजना के तहत भवन निर्माण अनुमति पत्र का वितरण किया। खास बात यह है कि यह पहला निकाय है जो हितग्राहियों को ग्लासी पेपर में लेमिनेट कर अनुबंध पत्र दिया है।

आयुक्त ने बीएसपी क्षेत्र के नाला एवं जर्जर भवनों का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 05 अंतर्गत सेक्टर 06 नाला सफाई का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। सेक्टर 06 स्थित नाला के समीपस्थ बसाहट बीएसपी द्वारा निर्मित निचला क्षेत्र है। निर्मित क्वाटर नाला के समीपस्थ एवं कम उचाई में है, जहां रिटर्निंग वाल की आवश्यकता है। बीएसपी द्वारा निर्मित जर्जर भवनों का अवलोकन कर पत्राचार हेतु जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किए। ताकि आने वाले समय में अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

आयुक्त ने जोन 01 अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटर में साफ-सफाई का अवलोकन किए एवं स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जागरूकता हेतु प्रशिक्षण आयोजन के लिए सेंटर प्रमुख को निर्देशित किए। वर्किंग वुमेन हास्टल निर्माण हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से डी.आई.सी. शैलेन्द्र सिंह के साथ 2 स्थल राधिका नगर, जुनवानी रोड का अवलोकन किए। अवैध एवं अतिक्रमण निर्माणाधीन 3 मकानों का औचक निरीक्षण किया गया एवं मकान मालिको का दस्तावेज परीक्षण हेतु भवन अधिकारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किए।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, दीपक देवांगन उपस्थित रहे।

महापौर के विशेष बैठक के बाद सफाई युद्व स्तर पर जारी

नगर निगम भिलाई महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विशेष बैठक आयोजित कर दिए गए निर्देशानुसार निगम का स्वास्थ्य विभाग अमला युद्व स्तर पर कार्य कर रहे है। शहर के बड़े नालो का विशेष अभियान चलाकर चैन माउंटेन, जे.सी.बी. एवं सफाई गैंग के माध्यम से सफाई कार्य कराया जा रहा है। आयुक्त पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना की उपस्थिति में कोसा नाला में निर्माणाधीन पुल के नीचे निर्माण सामग्री को एजेंसी से ही हटवाया गया। इसी प्रकार खुर्सीपार के तेल्हा नाला, बापू नगर, गौतम नगर आदि सभी नालो के पुल एवं सकरे जगहो पर जे.सी.बी. एवं सफाई कर्मी लगाकर वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिससे होने वाले बारिश के पानी का निकासी निरंतर हो सके और अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। गत दिनो निगम की एमआईसी की विशेष बैठक में प्रमुख रूप से भारी बारिश के कारण जलभराव जैसी समस्या के नियंत्रण के लिये बेहतर उपायों पर चर्चा की गई। महापौर ने कहा कि नाला के आसपास अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही किया जाए, जिससे क्षेत्र में हो रहे जलभराव को नियंत्रित किया जा सके। जिस क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनती है, उस क्षेत्र को चिन्हांकित कर जोन आयुक्त और स्वास्थ्य अधिकारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिये।

कलेक्टर सिंह ने किया मत्स्य प्रक्षेत्र देवरी का निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिले के धमधा विकासखण्ड अंतर्गत स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र देवरी में मत्स्य बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग को प्राप्त कार्य क्रमशः मत्स्य बीज प्रक्षेत्र देवरी में समुदाय के लिए जल संचय तालाब का नवीनीकरण एवं स्टोन पीचिंग कार्य, समुदाय के लिए डब्ल्यूबीएम रोड का निर्माण कार्य तथा समुदाय के लिए संघ भवन निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर मत्स्य पालन विभाग के उप संचालक सीमा चन्द्रवंशी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रक्षेत्र प्रभारी सहायक मत्स्य अधिकारी गिरिश कुमार वर्मा ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को स्पॉन उत्पादन हेतु 400 लाख का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लक्ष्य पूर्ति हेतु कार्य जारी है। वर्तमान में जिले में 110 मत्स्य सहकारी समितियां कार्यरत् है। मछुआ सहकारी समिति, मछुवा समूह एवं निजी मत्स्य कृषकों को माह जुलाई अग्रिम पाक्षिक माह से 50 प्रतिशत अनुदान में प्राई एवं फिंगररिन मत्स्य बीज का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर को उप संचालक मत्स्य चन्द्रवंशी ने मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी, इन्क्यूबेशन पूल, स्पॉनिंग पूल, संवर्धन पोखर एवं प्रजनक पोखर में मछली पालन से संबंधित कार्य के विषय में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के तहत् पंचायत के तालाबों मत्स्य बीज स्पॉन संवर्धन योजना अंतर्गत किसानों को मत्स्य बीज 100 प्रतिशत अनुदान पर लाभान्वित तथा हितार्थ किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने विभाग द्वारा मछुवारों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं क्रियान्वयन की जा रही है।

जनसंख्या वृद्धि देश और विश्व के लिए एक गंभीर चुनौती : डॉ. रविंद्र

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र सेक्टर-9 में 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जेएलएन चिकित्सालय में इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस सुनियोजित अभिभावकत्व के लिए गर्भधारण के समय और अंतराल का स्वस्थ निर्धारण थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. एम. रविंद्रनाथ एवं विशिष्ट अतिथिगण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी एवं डॉ. उदय द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने फीता काटकर पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनसंख्या वृद्धि से संबंधित जागरूकता पर आधारित एक विशेष पैम्फ्लेट का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इन पोस्टरों में जनसंख्या नियंत्रण से जुड़े तथ्य, समाधान और सामाजिक संदेशों को कलात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया था। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्रनाथ ने कहा कि, जनसंख्या वृद्धि देश और विष्व के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। जब तक हम सभी नागरिक इस मुद्दे पर जागरूक नहीं होंगे, तब तक कोई भी नीति या कार्यक्रम प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित नही हो पाएगी। आज का यह आयोजन उसी जन-जागरूकता की दिशा में एक ठोस पहल है। इसके उपरांत चिकित्सालय के डीएनबी चिकित्सकों -डॉ. अर्चिता, डॉ. सोनाली, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. तान्या, डॉ. गीता, डॉ. साधिर, डॉ. श्रद्धा, डॉ. पारुल और डॉ. आकाश द्वारा जनसंख्या जागरूकता विषय पर एक प्रभावशाली स्किट और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने अत्यंत सराहा। इस अवसर पर कॉन्फ्रेंस हॉल में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जेएलएन चिकित्सालय, नर्सिंग कॉलेज और अन्य विभागों से बड़ी संख्या में चिकित्सकों, नर्सों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने भाग लिया। इसी क्रम में पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी, क्विज़ प्रतियोगिता विजेताओं और स्किट प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

अकलोरडीह में एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

भिलाई। शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडीह में पौधरोपण किया गया। इसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका पुष्पा बोरकर, पुष्पलता वर्मा, रिचा देवी, शिमला मरकाम, प्रधान पाठक डीआर सहारे एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य चमेश्वरी निषाद, उषा ठाकुर, पूर्णिमा निषाद, जानकी यादव आदि उपस्थित थीं।

इंदिरा मार्केट में समस्याओं का समाधान करने का पहल करें : विधायक गजेन्द्र

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र इंदिरा मार्केट का आज विधायक गजेन्द्र यादव ने दौरा किया और वहाँ कार्यरत व्यापारियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने पहल किये। विधायक ने अनाज लाइन, फल एवं सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और गांधी चौक स्थित ट्रांसफार्मर की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत

चर्चा किये। मौके पर उन्होंने व्यापारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण का आश्वासन दिये। इस दौरान विधायक ने पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा योजना समेत केंद्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी फुटकर व्यापारियों से अपील किये कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लें। विधायक ने बताया की आज इंदिरा मार्केट में व्यापारियों, विशेषकर अनाज एवं फल विक्रेताओं से भेंट कर समस्याओं को जाना और सभापति श्याम शर्मा एवं व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग समेत कई विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

सफाई कार्य के निरीक्षण में पहुंची महापौर, कहा तत्काल हटाए अतिक्रमण

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर की सफाई व्यवस्था पर लगातार निगम अमला कार्य कर रहा है महापौर अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बोरसी वार्ड 51 वृंदानगर क्षेत्र में सफाई कार्यो का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सफाई और सुधार कार्यो को प्राथमिकता देने का निर्देश दिए। उन्होंने नाली निर्माणः कलकत्ता स्वीट से इशू बाड़ी से गार्डन तक नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क क्षेत्र अतिक्रमण हटाना और घरों व

दुकानों जे सामने और नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा गार्डन की सफाई निरन्तर करते रहें। इन कार्यो को पूरा करने से वार्ड 51, वृंदावन नगर की स्वच्छता और सुंदरता में सुधार होगा। उन्होंने कहा सड़क किनारे नालियों के आस पास से झाड़ियों व घास को हटाने कहा। महापौर ने इस दौरान साफ- सफाई के साथ घर-घर कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद साजन जोसेफ, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता विकास दमाहे सहित अन्य सुपरवाइजर भी मौके पर मौजूद रहे। सम्बंधित अधिकारी ने महापौर को जानकारी देते हुए बताया कि बोरसी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए लगातार निगम प्रशासन प्रयासरत है। उन्होने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा बाजार में कचरा वाहन की व्यवस्था की गई है। जिसमें दुकानदार अपना कचरा उक्त वाहन में डाल सके। लोगों के द्वारा कचरा फेंकने पर निगम के द्वारा द्वारा जुर्माना की कार्रवाई किया जाएगा।नगर निगम की लगातार निगरानी पर सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है।हमारा उद्देश्य बाजार को स्वच्छ सुंदर एवं व्यवस्थित बनाना है। जिसके लिए निगम प्रशासन दिन-रात कार्य कर रहा है।

त्याग तपस्या | **हर्षोल्लास के साथ जय आनंद मधुकर रतन भवन में चातुर्मास का पहला दिवस**

जहां गुरु नहीं वहां जीवन शुरू नहीं : साध्वी प्रियदर्शना

■ **गुरुओं को याद कर गुरु पूर्णिमा की दी शुभकामनाएं**

दुर्ग/नवप्रदेश। जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में हर्ष और उल्लास के वातावरण में आज चातुर्मास का पहला दिवस संपन्न हुआ आज बड़ी संख्या में श्रावक और श्राविकाओं ने त्याग तपस्या और धर्म आराधना कर चातुर्मास के आयोजन में त्याग तपस्या से आज के दिवस को यादगार बनाया।

चतुर्मास की पहली धर्म सभा को संबोधित करते हुए समन्वय साधिका साध्वी प्रियदर्शना श्री ने कहा जीवन में श्रद्धा ही बोल है श्रद्धा ही योग है श्रद्धा ही ज्ञान है श्रद्धा ही ध्यान है श्रद्धा ही जीवन का मक्खन है यही सार तत्व है श्रद्धावन व्यक्ति समस्त

सद्गुणों का अधिकारी हो जाता है। जिसमें श्रद्धा गुण नहीं है उसके समस्त सद्गुण भी दुर्गुण रूप में हो जाते हैं श्रद्धा से सद्बुद्धि जाती है और और श्रद्धा से कुबुद्धि जाती है जो सुविचार वन है वही सु साधु है और जो खूब विचारवान है वही सु साधु है श्रद्धा जीवन का सत्य प्रकाश है जीवन में श्रद्धा का प्रकाश बढ़ता है तो अश्रद्धा ओर अंध श्रद्धा के बादल छट जाते हैं। साध्वी श्री विचक्षणा श्री ने चातुर्मास की पहली धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा गुरु पूर्णिमा हम सभी के जीवन में अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का मार्ग दिखाती है गुरु से ज्ञान गुरु से धर्म गुरु से गुणो की अभिवृद्धि होती है जिसके जीवन में गुरु का ज्ञान है वह व्यक्ति जीवन के हर मार्ग पर सफल होता है उन्होंने कहा गुरु बिन जीवन शुरू नहीं जिनके जीवन में गुरु नहीं है उनका जीवन शुरू नहीं है जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मार्गदर्शन करने के लिए गुरु की अपनी अहम भूमिका है। आज धर्म सभा में गुरु गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सदुरु नथाय नमः का जाप अनुष्ठान संपन्न हुआ। साध्वी सुकृति श्रीजी एवं साध्वी सुप्रज्ञपति श्री जी धर्म ध्यान करने की प्रेरणा देते हुए अनेक धार्मिक संकल्प धार्मिक प्रश्नोत्तरी एवं ज्ञानार्जन धार्मिक कक्षाओं का संचालन चातुर्मास के दौरान चार माह करने वाले है।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित

■ **प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों को किया जाएगा प्रशिक्षित**

दुर्ग/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदाओं जैसे आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, लू एवं शीत लहर से होने वाले नुकसान की रोकथाम एवं न्यूनिकरण के उद्देश्य से जिले में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

यह प्रशिक्षण आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के अंतर्गत केपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग एवं स्कूल सेफ्टी पॉलिसी के तहत स्कूल आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिले के प्रत्येक विकासखंड में 25-25 शासकीय अधिकारी/ कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

साथ ही प्रत्येक ब्लॉक के 250-250 स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को दो बैचों में स्कूल स्तर पर वर्कशॉप के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया देना, बचाव के उपायों को समझना और समुदाय में जागरूकता फैलाना है, जिससे आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। स्कूली बच्चों को विशेष रूप से आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे ताकि वे न केवल स्वयं की सुरक्षा कर सकें, बल्कि दूसरों को भी जागरूक कर सकें।

जिले के विकासखंडों में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) प्रशिक्षण और जागरूकता के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं शिक्षकों/बच्चों की सूची बनाकर प्रारूप अ एवं प्रारूप-ब में प्रस्ताव तैयार कर जिला कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराना होगा।

पीपल का पेड़-गुरु के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत एंजल एंग्लो हाई स्कूल में विशेष आयोजन

■ एक पेड़ लगाना आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और जीवन देने का माध्यम

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ द्वारा शुरू किए गए "पीपल का पेड़ - गुरु के नाम" वृक्षारोपण अभियान के तहत गरियाबंद स्थित एंजल एंग्लो हाई स्कूल में एक खास आयोजन हुआ, जिसमें स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने अपने टिफिन, वॉटर बॉटल और स्कूल बैग के साथ-साथ एक पौधा भी अपने साथ स्कूल लाया।

कार्यक्रम के दौरान पूरे विद्यालय परिसर में एक उत्सवी माहौल देखने को मिला। बच्चे, शिक्षकगण और स्कूल प्रबंधन मिलकर पौधे लगाते नज़र आए। स्कूल के प्रधानाचार्य स्टेफ़्ड बंस स्वयं बच्चों के साथ पौधारोपण करते हुए देखे गए। उन्होंने न सिर्फछात्रों को पेड़ लगाने का महत्व बताया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया। "पर्यावरण की सीख ही असली शिक्षा है, और प्रकृति को सहेजना हमारी जिम्मेदारी भी और संस्कृति भी है।" प्राची

शिक्षिका प्राची कुटारे ने पर्यावरण को लेकर कहा: "पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। जिस तरह से जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण बढ़ रहा है, ऐसे में हम सबकी ज़िम्मेदारी बनती है कि प्रकृति के प्रति अपना फर्ज निभाएँ। एक पेड़ लगाना सिर्फ हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और जीवन देने का माध्यम है। बच्चों को इससे जोड़ना हमारे भविष्य को सुरक्षित करने जैसा है।"

धरती को हरा-भरा बनाना हर नागरिक का कर्तव्य: प्राचार्य स्टेफ़ड बंस

इस अवसर पर प्राचार्य स्टेफ़ड बंस ने कहाःहमारा प्रयास है कि बच्चों में शुरू से ही प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव विकसित हो। एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण बचाने का कार्य नहीं, बल्कि एक जीवन संजोने जैसा है। 'पीपल का पेड़ ङ्क गुरु के नाम' जैसे अभियान हमें यह याद दिलाते हैं कि शिक्षकों का कार्य केवल ज्ञान देना नहीं बल्कि जीवन मूल्यों की शिक्षा देना भी है। यह पेड़ आने वाले वर्षों में इन बच्चों के साथ बड़ा होगा और एक ग्रीन यादगार बनकर हमेशा उनके साथ रहेगा।

विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी छात्रों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी दी। प्रत्येक छात्र ने जिस पौधे को लगाया, उसी की नियमित निगरानी और देखभाल करने की शपथ ली। पर्यावरण शिक्षा को व्यवहारिक रूप से आत्मसात करने का यह एक अनूठा प्रयोग साबित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ शिक्षकों, शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने भी अपना सक्रिय सहयोग दिया।

शिक्षिका ने पिताजी के जन्मदिन पर करवाया न्योता भोज

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक बालक शाला राजिम में मंगलवार को प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के तहत सेजेस राजिम स्कूल में पदस्थ व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ द्वारा पिताजी के जन्मदिवस के सुअवसर पर न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर शिक्षिका सहित सेजेस प्राचार्य संजय एक्का, वरिष्ठ व्याख्याता बी एल ध्रुव, सागर शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानपाठक अजयगिरी गोस्वामी ने नन्हें बालकों को स्वयं स्वादिष्ट भोजन परोसा। गौरतलब है कि पीएम पोषण निर्माण योजना को छत्तीसगढ़ में न्योता भोज के नाम से लागू किया गया हैं। इसमें कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से बच्चों को मध्यान्ह भोजन के समय पूरक आहार के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान कर सकते हैं। शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर शिक्षकगण एन एल साहू, कंचन शर्मा, एन आर साहू, राकेश साहू, व्याख्याता संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर, मधु गुप्ता, अंजू मार्कण्डे, राकेश ठाकुर आदि शामिल रहे।

आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा और क्रियान्वयन संबंधी दिए टिप्स

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज पहुंचे पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह के निवास

■ कार्यकर्ताओं के साथ की चर्चा, भाजपा पर साधा जमकर निशाना

नवापारा राजिम। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज आज मैनपुर क्षेत्र के दौरे पर जाते समय नवापारा के दीनदयाल उपाध्याय चौक में कांग्रेसजनों ने आतिशबाजी के साथ नगर आगमन पर स्वागत किया। इसके पश्चात मैनपुर रवाना हुए। मैनपुर में जन न्याय पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वापसी में नवापारा में पूर्व नपा उपाध्यक्ष जीत सिंह के निवास पहुंचे। जहां पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन के विस्तार सहित आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने और क्रियान्वयन करने संबंधी टिप्स दिए। इसके पश्चातमीडिया से बातचीत के दौरान दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, ÷राज्य में किसान खाद के लिए परेशान हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, और मंत्री मैनपाट की वादियों में मस्ती कर रहे हैं उन्होंने मैनपाट में चल रहे भाजपा चिंतन शिविर को 'पिकनिक' बताया और कहा, अगर डेढ़ साल में सरकार ने काम किया होता, तो आज मंथन की जरूरत नहीं पड़ती। मुख्यमंत्री रिमोट कंट्रोल से चल रहे, रेत माफिया, पत्रकारों पर हमला, थाने मे सुरक्षा नही तो आम जनता का क्या होगा ?

बैज ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा भाजपा मां के नाम एक पेड़ लगाने का नौटंकी कर रही है। पूरे जंगल बेच रहे हैं, तमनार, रायगढ़ में हजारों पेड़ काटे जा रहे है इसके लिए मुख्यमंत्री एक शब्द नही बोल रहे है। जंगल को बेचने का काम भाजपा सरकार कर रही है हमे जंगल को बचाने के लिए आगे आना होगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत धनेन्द्र साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, रामा यादव, पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, पार्षद अजय साहू, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, टिकेश्वर गिलहरे, रामरतन निषाद, दीपाली सिंह राजपूत, रेखा तिवारी, तरुण कंसारी, महामंत्री राजा चावला, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस निर्माण यादव, राकेश सोनकर, शाहिद रज़ा, सचिन बंगानी, सुनील साहू, रामकुमार शर्मा, वीरेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किसान, छात्र, युवा, मजदूर, व्यापारी सभी भाजपा सरकार से त्रस्त

अब मैनपुर की कांग्रेस पदयात्रा और मैनपाट शिविर दोनों को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। बैज ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा आज छत्तीसगढ़ के किसान, छात्र, युवा, मजदूर, व्यापारी सभी इस सरकार से त्रस्त हो चुकी है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार मैनपाट में पिकनिक मनाने गई है जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे को बर्बाद कर रही है। श्री बैज ने कहा छत्तीसगढ़ में आज किसान खाद के लिए परेशान है बीज नही मिल पा रहा है इससे भाजपा सरकार को कोई लेना देना नही है। 10 हजार 463 स्कूल सरकार ने बंद कर दिया। स्कूलों में कापी पुस्तक नही है। छत्तीसगढ़ में सरकार का पूरा सिस्टम फैल हो चुका है। छत्तीसगढ़ में माता बहनें सुरक्षित नही है। जल, जंगल, जमीन सुरक्षित नही है, बस्तर की लौह अयस्क की खदाने बिक गई, सरगुजा के कोल माइंस को बेचा जा रहा है।

महाविद्यालय में गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में 10.जुलाई को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफगण द्वारा मां सरस्वती की दीप प्रज्जवलन एवं पूजा की गई। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा को शिक्षक का सम्मान करना चाहिये। डॉ.रमेश कुमार देवांगन ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए गुरु की महत्ता बताई। प्रो.आर.आर.मेहरा द्वारा गुरु पूर्णिमा मनाने के कारण एवं महत्व बताया गया। प्रो.कौशल नायक ने कहा कि केवल शिक्षक ही नहीं अपितू वह प्रत्येक व्यक्ति जिनसे किसी प्रकार की सीख मिलती है वह गुरु होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने समस्त गुरुजनों का प्रणाम एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.रमेश कुमार देवांगन, डॉ.अश्वनी ध्रुव, प्रो. आर.आर. मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो.मोहित कुमार, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो.लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, सौरभ पाण्डे, सागर मण्डावी, अविरल तिवारी, मनोज बारले, रोमनाथ चक्रधारी, सीता नेताम, मो. अब्बास मेमन, रामदास यादव, विजय कुमार, खेमराज ठाकुर, रविकांत कोसरे, त्रिलोचन ठाकुर, धानबाई, शांति सहित छात्र-छात्रा उपस्थित रहें।

शाला दुगली में शिक्षकों एवं छात्राओं ने गुरू पूर्णिमा मनाया

नगरी/नवप्रदेश।आश्रम माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला दुगली में शिक्षकों एवं छात्राओं ने गुरू पूर्णिमा मनाया गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ता दुगली शक्ति केंद्र प्रभारी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा राम मंडावी,सहप्रभारी सदाराम यादव,बूथ अध्यक्ष भूषण लाल मरकाम,के द्वारा शिक्षकों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया राजा राम मंड़ावी ने छात्र-छात्राओं को गुरू के मंहता बताते हुए आगे बढ़ने की प्रेरित किया साथ ही शाला के प्रा.शा.प्रधान पाठिका शशी कश्यप, हीरा लाल कंवर, समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहे थे।

आशना ने कॉलेज को दान की किताबें

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अलुमनी आशना जोसेफ ने एमए प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर इतिहास की अंग्रेजी माध्यम की दो किताबें दान में दी। उक्त किताब इतिहास विभाग की लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए विभाग को प्रदान की गई है। महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे, अमृत चोपड़ा अध्यक्ष अलुमनी एसोसिएशन, राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष, मनीष शर्मा सहसचिव, दुर्गावती भारतीय सचिव, अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष, समस्त प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों, डॉ रीता पांडेय संयोजक, डॉ मालती तिवारी सहसंयोजक, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने इस कार्य की सराहना की है।

अशोक सिन्हा सांसद प्रतिनिधि नियुक्त, विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प

धरसीवां/नवप्रदेश। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत धरसींवा में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और समाजसेवी अशोक सिन्हा को सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर आयोजित प्रथम जनपद पंचायत की मीटिंग में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित हुए। मीटिंग के दौरान अशोक सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ा दायित्व भी है। उन्होंने कहा, ÷मैं भारतीय जनता पार्टी के उन मूल सिद्धांतों का पालन करूंगा, जो विकास, ईमानदारी और जनता के प्रति जवाबदेही पर आधारित हैं। पार्टी हमेशा से विकास के मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करती रही है और मैं भी अपने पद का निर्वहन करते हुए क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का समाधान निकालने का हरसंभव प्रयास करूंगा।"

धरसींवा एक बड़ा और विविधतापूर्ण क्षेत्र : अशोक सिन्हा

अशोक सिन्हा ने कहा, "धरसींवा एक बड़ा और विविधतापूर्ण क्षेत्र है। यहाँ की समस्याओं और जरूरतों को नजदीक से समझना जरूरी है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं प्रत्येक पंचायत, गाँव और मोहल्ले तक पहुँचकर जनता की आवाज़ बनूं। जनसुनवाई के माध्यम से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से लेकर सांसद महोदय तक पहुँचाऊंगा और उनका समाधान सुनिश्चित कराऊंगा।" पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि अशोक सिन्हा की छवि एक ईमानदार और मेहनती कार्यकर्ता की रही है। उन्होंने पार्टी के संगठनात्मक ढाँचे को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनकी नियुक्ति से धरसींवा क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि धरसींवा क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और कृषि से जुड़ी कई समस्याएं हैं, जिनका समाधान करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सांसद प्रतिनिधि के रूप में वे क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएंगे।

वनमंडल अंतर्गत वनरक्षक के शारीरिक दक्षता परीक्षण आगामी आदेश तक स्थगित

बालोद। बालोद वनमंडल अंतर्गत डिजीटल टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से वनरक्षक के लंबी कूद हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षण आगामी निर्देश तक स्थगित किया गया है। नोडल अधिकारी एवं वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि बालोद वनमंडल के अंतर्गत बालोद वनमंडल से 13 एवं दुर्ग वनमंडल से 07 सहित वनरक्षक के कुल 20 रिक्त पदों की सीधी भर्ती हेतु मैनुअली में उपस्थित अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण डिजीटल टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से पुनः आयोजन 12 जुलाई से 15 जुलाई 2025 को मध्य काष्ठागार डिपो वन परिसर दल्ली रोड में प्रस्तावित था।

विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर क्वीज प्रतियोगिता

नगरी/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर नगरी ईकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा मौखिक प्रश्न उत्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम जिसमें 5 शाला के छात्र छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के तैल चित्र में पूजन अर्चन दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुइ अतिथियों का स्वागत हुआ इसके बाद शाला से आए छात्र छात्राओं को प्रश्न मंच के माध्यम से प्रश्न पुछा बच्चों ने बडे ही सुझ बुझ से प्रश्न का उत्तर बताते हुए शासकीय अभिषेक गोलछा माध्यमिक विद्यालय नगरी ने अपना प्रथम स्थान हासिल किया द्वितीय स्थान शा उ मा वि

फरसिंया रहा सभी भाग लिये प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगरी ईकाई का नवीन कार्यकरणी निर्वाचित किया गया जिसमें नगरी नगर मंत्री नीलेश नेताम साह मंत्री थरुण निषाद आदित्य नेताम डेविड साहू जानवी साहू कार्यालय मंत्री संजय यादव कोषाध्यक्ष यश चाणक्य ह्यद्ध× संतराम सिन्हा खेल प्रमुख मुनेश्वर यादव सोशल मीडिया वासुदेव यादव,पुनारद यादव महाविद्यालय प्रमुख अंजू मरकाम संतराम सिन्हा विद्यालय प्रमुख नमन देवांगन झनेश यादव छात्रवास प्रमुख जबर सिंहह्यद्धस्न प्रमुख समीर, जतिन तकनीकी प्रमुख तरुण साहू छात्रा प्रमुख सुरभि यादव युक्ति साहू सदस्य प्रिंस साहू , रश्मि नाग,रीना यादव,समीर नाग , पंकज कोषरे, भूपेश लहरे सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे हैं नरसिंह मरकाम ने बधाई दिया और कहा सभी अपने कार्यों का निर्वहन करें इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूपेंद्र साहू विशिष्ट अतिथि कमल डागा राजा पवार वैशाली प्रजापति रूपेश साहू आदि मौजूद रहे।

चातुर्मास: जैन संतों का आगमन, जगह-जगह स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। चातुर्मास के लिए उपाध्यायद्वय अध्यात्मयोगी महेंद्रसागर मसा एवं युवा मनीषी मनीषसागर मसा के सुशिष्य विवेकसागर मसा आदि ठाना-2 का सोमवार को नगर आगमन हुआ। रायपुर, दुर्ग, राजिम, फिंगेश्वर, धमतरी, नगरी, दल्लीराजहरा सहित महाराष्ट्र के चंद्रपुर एवं हिंगनघाट से श्रावक और श्राविकाएं इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रातः चंपालाल, बस्तीमल, प्रेमचंद चोपड़ा के निवास स्थान से नवकारसी के पश्चात प्रवेश यात्रा जैन मंदिर के लिए बाजे गाजे के साथ प्रस्थान किया। स्कूली विद्यार्थियों ने विशेष प्रस्तुति दी। प्रियंका चोपड़ा ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरूआत की। हेमंत झाबक, यतन मगन बहु मंडल ने अपने भाव गीत के माध्यम से व्यक्त किए। श्री संघ के पारस चोपड़ा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी भक्तों का स्वागत किया और सीए रितेश गोलछा ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन कुशल चोपड़ा ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विवेकसागर मसा ने कहा कि चातुर्मास में हमारा प्रवेश आपके नगर में हुआ है। किंतु, वास्तव में अपने स्वयं के अंदर में चातुर्मास का प्रवेश होना चाहिए। उन्होंने इस चातुर्मास में अधिक से अधिक तप जप से जुड़कर अपनी आत्मा के उत्थान के लिए कार्य करने का उपदेश दिया। बाहरी अतिथियों की भोजन व्यवस्था नेमीचंद कानमल चोपड़ा ने की।

स्कूल के शिक्षक व छात्राओं की उपस्थिति में मनाया गुरु पूर्णिमा

नगरी/नवप्रदेश। पीएम श्री प्राथमिक शाला नवागांव में गुरु पूर्णिमा स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं बालक बालिकाएं की उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात हुआ। गुरु की महिमा को शिक्षकों द्वारा बताया गया प्रथम गुरु मां जिसने जन्म दिया दूसरे गुरु धरती मां जिस पर पढ़े बढ़े, तीसरे गुरु पिता जिसने उंगली थामी। चौथे गुरु शिक्षक जिससे ज्ञान मिला है पंचम गुरु आध्यात्मिक ज्ञान मिला पर प्रकाश डाला गया। शिक्षकों के द्वारा बच्चों को अनुशासन से रहना एवं अच्छे संस्कार ग्रहण कर पढ़ाई लिखाई कर आगे बढ़ाने को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक कंचन साहू, शिक्षक एस .बी. मिर्जा, कृष्ण कुमार साहू योग शिक्षक कमलेश साहू शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष तुलसीराम साहू आदि उपस्थित थे।

माध्यमिक शाला गोरेगांव में मना गुरु पूर्णिमा पर्व

नगरी/नवप्रदेश। संकुल केंद्र अमाली अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव में आज दिनांक 10/07/2025 को महर्षि वेदव्यास के जन्मदिवस के उपलक्ष में माध्यमिक शाला गोरेगांव में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक व शिक्षक राकेश कुमार कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम को छात्र-छात्राओं ने अपने पूज्य गुरुजनों को मुख्य अतिथि नियुक्त कर सम्मानित किया। समस्त अतिथियों ने मां शारदे के तेल चित्रों पर गुलाल लगाकर व दीप प्रज्वलित कर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समस्त छात्र-छात्राओं ने गुरुजनों के सम्मान में गीत, कविता, कहानी प्रेरक प्रसंग आदि प्रस्तुत किया।

अनियमितताएं... पीईओ के संरक्षण में लगातार कमीशन खोरी, गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य

भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जनपद में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा काला पट्टी बांध कर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया एवं जनपद पीईओ को हटाने एवं जनपद पंचायत के विभिन्न ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार की उचित जांच करने की मांग की गयी। जनपद पंचायत पीईओ के संरक्षण में लगातार कमीशन खोरी कर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत डोंगरीगाव में मुख्यमार्ग से आदिवासी आश्रम तक सीसी रोड निर्माण मनरेगा योजनांतर्गत स्वीकृति हुआ जिसमें मनरेगा योजना की धज्जियां उड़ाते हुए जनपद पीईओ के संरक्षण में ठेकेदारी द्वारा बनवाया गया और सामग्री भुगतान भी कर दिया गया जबकि उक्त कार्य में मजदूरी के लिए मात्र 20 हजार का मस्टररोल जारी किया गया सोचने वाली बात यह है कि जब मस्टररोल नहीं निकला तो रोड निर्माण कार्य पूर्ण कैसे हुआ इससे स्पष्ट है कि इस कार्य मनरेगा दिशानिर्देश की अवहेलना करते हुए ठेकदारी प्रथा से बनाया गया।

ग्राम पंचायत डोंगरीगाव में ही गोंदला नाला निर्माण के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया जबकि उक्त नाले में रपटा का कोई भी अवशेष नजर नहीं आता। ग्राम पंचायत बेंदकुरा के कमार पारा में पुलिया का निर्माण अत्यंत गुणवत्ताहीन सामग्री से करवाया गया जिसके चलते वह 2 माह में ही उखड़ गया। ग्राम पंचायत साढ़ौली में हाइस्कूल के नाम पर सीसी रोड का निर्माण तो हुआ लेकिन इसकी गुणवत्ता इतनी खराब थी कि रोड 3 महीने में ही जगह जगह से उखड़ने लगा। वर्तमान जनपद पंचायत पीईओ की मूल पदस्थापना तकनीकी सहायक के पद पर है जिन्हें लगभग 3 साल से मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी(पीईओ) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जनपद पंचायत गरियाबंद के अंतर्गत अनेकों ग्राम पंचायतों में मनरेगायोजनंतर्गत निर्माण कार्यों में हो रही अनियमितता में कार्यक्रम अधिकारी की संलिप्तता स्पष्ट है। 5 दिवस के भीतर उचित जांच नहीं करने पर एवं जनपद पीईओ को नहीं हटाने पर युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उक्त कार्यक्रम में पार्षद संदीप सरकार, ऐश्वर्य यदु, उत्तम सोनी, पार्षद प्रतिनिधि रितेश तांडी, बीरेंद्र ध्रुव, सुभाष भैंसाल, द्रविन जगत, जालेश सेन ,हेमंत दीवान, ओमकार साहू, महादेव, अनुराग देवांगन, कामेश देवांगन आदि युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

न्यूज गैलरी

बनसांकरा में अवैध शराब की बिक्री बंद कराने एसपी को सौंपा ज्ञापन

सिमगा/नवप्रदेश। ग्राम बनसांकरा के सरपंच राहुल सिंह ठाकुर के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने एसपी बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंप कर ग्राम में बिक रहे अवैध शराब को बंद कराने ज्ञापन सौंपा है।सरपंच ठाकुर ने बताया कि गांव में विगत कुछ समय से असमाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं खुले आम शराब का सेवन किया जा रहा है। नशेड़ियों द्वारा नशे की हालत में आए दिन लड़ाई झगड़ा होना, अश्लील गालियां देना आम बात है। जिससे रास्ते से गुजरने वाले लोगों को शर्मशार होना पड़ता है। नशेड़ियों के इस प्रकार के हरकतों से गांव का वातावरण दूषित हो रहा है। इससे युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तथा महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच के साथ गये प्रतिनिधि मंडल ने एसपी को ज्ञापन सौंप कर उक्त अवैध शराब बिक्री पर अतिशीघ्र रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच राहुल सिंह ठाकुर अग्रहित मिरि, गोविंद सतनामी, दया निषाद, डेहरु प्रसाद, लोकनाथ धृतलहरे, भागीरथी वर्मा, राजकुमार, फत्ते लाल साहू, लीला धर साहू, नरेश कुमार, एवं खैरघट से प्रकाश यादव शमिल थे।

नगर के युवाओं द्वारा पौधरोपण

सिमगा/नवप्रदेश। सावन माह के आज प्रथम दिन

पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर के जागरूक युवा आशीष तम्बोली, एवं तारकेश देवांगन ने शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय के ग्राउंड में फलदार पौधे जैसे आम जामुन वृक्ष, कदंब, व पीपल, बरगद,के पेड़ लगाए गये। तत्पश्चात सरोपी तालाब में भी वृक्षारोपण किया गया।

नए डीईओ गुहे ने संभाला कार्यभार

भाटापारा/नवप्रदेश। शासन के आदेशानुसार प्रदेश के विभिन्न जिला शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है इसी कड़ी में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोदाबाजार भाटापारा में नए जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने शुक्रवार को कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाला। वर्तमान डी ई ओ हिमांशु भारतीय का रायपुर तबादला किया गया है। नए शिक्षा अधिकारी के आने के पश्चात हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी बालोदबाजार से कार्यमुक्त हो कर रायपुर के लिए प्रस्थान हो गए, उक्त जानकारी अरूण कुमार वर्मा एपीसी ने दी।

ऐसे ही बारिश जारी रही तो महानदी किनारे बसे गांवों की बढ़ सकती है परेशानी

बारिश से महानदी का जल स्तर बढ़ा, समोदा के 25 गेट खोला गया

महासमुंद/नवप्रदेश। सप्ताह भर से हो रही लगातार बारिश से महानदी का जलस्तर बढ़ने के कारण निसदा डायवर्सन के 6 गेट और समोदा बैराज के 25 गेट खोल दिए गए हैं, जिससे महानदी का जलस्तर और बढ़ गया है। अगर ऐसे ही अब भी बारिश जारी रही तो महानदी किनारे बसे गांवों को बढ़तें जलस्तर परेशानी खड़ी कर सकता है।

जिले में पिछले शनिवार से लगातार रूक-रूककर बारिश हो रही है जिससे खेतों, छोटे-बड़े नालों समेत तालाब में जल स्तर लगातार बढ़ने लगा है। एक तरफ यह बारिश किसानों के लिए वरदान है, वहीं लोगों को गर्मी और उमस से निजात मिली है। तो दूसरी ओर पिछले दिनों से महानदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बताया गया कि लगातार हो रही बारिश के कारण नदी में केचमेंट एरिया से पानी का आना बदस्तूर जारी है। जिसके चलते महानदी में बने निसदा डायवर्सन में जल स्तर क्षमता से अधिक बढ़ रहा है जिसे मेनटेन रखने के लिए यहां के कुल 24 गेटों में से 6 गेट खोल दिए गए थे। बताया जाता है कि यहां 16 फीट जल भराव के बाद गेट खोला गया है। जिससे महानदी का जलस्तर और बढ़ गया गया है। इधर निसदा डायवर्सन से पानी छोड़ने के बाद समोदा बैराज का जल स्तर बढ़ गया है। यहां भी बढ़ते जल स्तर को देखते हुए कुल 48 गेट में से 25 गेट खोल दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक 6 मीटर क्षमता वाले इस बैराज में बारिश के पूर्व 2.5 मीटर जलभराव था। निसदा डायवर्सन से पानी छोड़े जाने के बाद यह जलस्तर बढ़कर 4.5 मीटर हो गया। जिसके बाद इसे मेनटेन रखने के लिए गेट खोला गया है। यहां से हर घंटे करीब 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जो लगातार जारी है। यदि आने वाले दिनों में यूं ही लगातार बारिश होती रही तो महानदी से लगे गांव के ग्रामीणों को गांव में जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

महानदी ब्रिज पर मौसम का आनंद लेने पहुंचे रहें हैं लोग

निसदा और समोदा बैराज से पानी छोड़ने से महानदी का जलस्तर बढ़ गया। जिसका नजारा देखने दर्जनों लोग आरंग-महासमुंद के बीच बने महानदी पुल पर पहुंच रहे हैं। यहां हर आने-जाने वाले यात्री पुल पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देते हैं।

रेत के अवैध निकासी को रोकने बिरकोनी में अस्थाई खनिज चौकी स्थापित

महासमुंद/नवप्रदेश। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर नकेल कसने कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अवैध भण्डारण में कार्यवाही करते हुये ग्राम बरबसपुर, बड़गांव, बिरकोनी एवं घोड़ारी से अवैध रूप से भण्डारित रेत को जब्त किया गया है। जब्त खनिज रेत का अवैध रूप निकासी न हो इसके लिए ग्राम बिरकोनी में बिरकोनी-बरबसपुर मार्ग पर अस्थाई खनिज चौकी खोला गया है। उक्त खनिज चौकी में 03 पालियों में 06 नगर सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें प्रशांत कालू, मनीष ढीढी, मनोज निर्मलकर, संतोष चंद्राकर, जीवन गायकवाड़ और चिंताराम दीवान की ड्यूटी लगायी गयी है। जिला खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध रेत भण्डारित क्षेत्र से रेत की निकासी करते पाये जाने पर वाहन एवं अवैध परिवहनकर्ता के खिलाफ खान एवं खनिज अधिनियमन 1957 की धारा 21 के अतंर्गत दण्डात्मक कार्यवाही होगी।

पुलिस पेट्रोलिंग की खुली पोल, गिरोह के हौसले बुलंद

डीजल चोर गिरोह दे रहे हैं पुलिस को चुनौती, ट्रक से 3 सौ और 6 हाईवा से 6 सौ लीटर डीजल उड़ाया

पुलिस के नाक के नीचे वाहनों से उड़ा रहे हैं डीजल

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिले में इन दिनों डीजल चोर गिरोह पुलिस को चुनौती दे रहे हैं।सरायपाली थाना क्षेत्र में स्कार्पियों सवार अज्ञात लोगों ने डरा धमकाकर एक ट्रक से 300 लीटर डीजल निकाल लिए। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ 303(3), 351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया है। इसी तरह पटेवा में अज्ञात लोगों ने 6 हाईवा से 600 लीटर डीजल पार कर दी।

महासमुंद जिले में इन दिनों वाहनों से डीजल चोरी करने वाला गिरोह को पुलिस का खौफ बेअसर है। जबकि तुमगांव से लेकर सरायपाली तक नेशनल हाईवे 53 से कुछ ही दूरी पर सभी पुलिस थाना है। पुलिस प्रशासन का बेहतर पुलिसिंग और पेट्रोलिंग का दावे की पोल खोल दिया है। डीजल चोर गिरोह पुलिस के नाक के नीचे से डीजल चोरी की वारदात को अंज़ाम दे रहें हैं, और पुलिस हाथ मलता हुआ रह जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक हालही में सरायपाली निवासी ट्रांसपोर्टर नीरज अग्रवाल ने थाने में शिकायत की है कि 6-7 जुलाई की रात उनका ट्रक क्रमांक सीजी 06 जी वाय 9774 एवं ओडी 17 डी 5974 झिलमिला टाउन हाल के सामने खड़ा था। ड्राइवर जगन्नाथ यादव व पंकज कुमार ट्रक क्रमांक सीजी 06 जी वाय 9774 में सोए थे। रात करीब 3 - 4 बजे के बीच ट्रक की डीजल टंकी का ताला टूटने की आवाज आने पर पंकज ने देखा टंकी के पास 2-3 लोग खड़े थे और सफेद स्कार्पियो क्रमांक सीजी 11 बीके 9196 ट्रक के पास खड़ी थी स्कार्पियो के अंदर एक व्यक्ति बैठा था। पंकज ने जब ट्रक से उतरने का प्रयास किया तो स्कार्पियो के अंदर बैठा व्यक्ति रॉड लेकर पंकज के पास गया और धमकाया-चुपचाप बैठे रह नहीं तो तुझे जान से मार दूंगा। और 2-3 आदमी ट्रक से डीजल टंकी में पाइप लगाकर 30 हजार की डीजल पार कर दी। इसी तरह पटेवा थाना क्षेत्र के झलप में घर के सामने खड़े 6 हाईवा से अज्ञात लोगों ने 600 लीटर डीजल पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफबीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार झलप वृन्दावन कालोनी निवासी विवेक पटेल ने पटेवा थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। 22 फरवरी की रात 8 बजे हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 06 एचबी 9666, सीजी 06 जी डब्लू 6660, सीजी 06 जी वाय 6660, सीजी 06 एचए 9666, सीजी 06 जी डब्लू 9666 और सीजी 06 जी व्ही 6660 ड्राइवरों ने मेरे घर के सामने खड़ा कर लॉक किया था। दूसरे दिन 23 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे मुंशी लोकेश ध्रुव ने मुझे बताया कि उक्त सभी वाहनों की टंकी का ढक्कन खुला हुआ है और टंकी में डीजल नहीं है। घटना दिनांक को ट्रांसपोर्टिंग आफिस से घर जाते देखा कि मेरे घर के सामने घटना स्थल में एक स्कार्पियो वाहन संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था जिसका नंबर मुझे मालूम नहीं है। मुझे संदेह है कि घटना दिनांक को उक्त स्कार्पियो वाहन में सवार अज्ञात ने वाहनों की टंकी से लगभग 600 लीटर डीजल (कीमती करीब 55 हजार 800 रुपए) पार की है।

'हिन्दी विभाग में इंटर्नशिप संपन्न''

कुरूद/नवप्रदेश। संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) के हिन्दी विभाग में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के निर्देशानुसार कुरूद से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र छत्तीसगढ़ उदय समाचार (साप्ताहिक) में एम.ए. हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर के 34 विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत् समाचार प्रकाशन में उपयोग की जाने वाली मशीनों का संचालन, तकनीक एवं संपादकीय प्रशिक्षण का कौशल प्राप्त किया। पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 27.06.2025 से 06.07.2025 तक संपन्न हुआ। समाचार पत्र के संपादक श्री कृपाराम यादव ने दिनांक 10.07.2025 को महाविद्यालय में उपस्थित होकर ''पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाएँ'' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उन्होंने समाचार पत्र की प्रति व इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र वितरित किया।

इंटर्नशिप प्रोग्राम हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के.पाण्डेय के निर्देशन में व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के.मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इंटर्नशिप प्रोग्राम में हिन्दी के शोध छात्र एवं छात्राओं तारकेश्वर, शिरोमणी, रंजीता, नंदनी, देवकी की सक्रिय भागीदारी रही।

छुरा का वॉलीबॉल ग्राउंड बना उपेक्षा का शिकार

■ 1 साल से अधूरा पड़ा कार्य बना खिलाड़ियों की परेशानी का कारण

छुरा / नवप्रदेश। नगर पंचायत क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं के लिए एक बेहतर मंच साबित हो सकने वाला वॉलीबॉल ग्राउंड आज खुद ही विकास की बाट जोह रहा है। नगर पंचायत द्वारा एक वर्ष पूर्व पार्षद निधि से स्वीकृत वॉलीबॉल ग्राउंड का निर्माण कार्य प्रारंभ तो हुआ, लेकिन शुरुआत के कुछ दिनों बाद ही ठेकेदार द्वारा कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया। नतीजा यह हुआ कि मैदान आज भी खुदा हुआ और अधूरा पड़ा है, जिससे नियमित अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

यह वही मैदान है जहां प्रतिदिन सुबह से ही नगर के दर्जनों युवा खिलाड़ी वॉलीबॉल का अभ्यास करते थे। स्थानीय युवाओं की लगातार यह मांग रही है कि मैदान को समतल कर खेल योग्य बनाया जाए और यहां सुविधाएं जैसे कि जाल, प्रकाश व्यवस्था, दर्शक दीर्घा आदि की व्यवस्था की जाए। लेकिन एक साल से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य नगर पंचायत की लापरवाही को उजागर कर रहा है।

खिलाड़ियों का कहना है कि ग्राउंड की खुदाई के बाद से ही वहां ठीक से खेलना संभव नहीं रहा। बरसात के दिनों में यह मैदान कीचड़ से भर जाता है, जिससे अभ्यास करना मुश्किल हो जाता है। वहीं, मैदान में अधूरे खंबे, बिखरी मिट्टी और निर्माण सामग्री से खतरे की आशंका भी बनी रहती है।

खिलाड़ियों का सपना टूटता नजर आ रहा है

वॉलीबॉल खिलाड़ियों का यह कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत से इस ग्राउंड को पूर्ण रूप से विकसित करने की मांग की है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला है। इस मैदान को लेकर युवाओं में एक सपना था कि यह क्षेत्र का एक आदर्श वॉलीबॉल ग्राउंड बनेगा, जहां प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी, लेकिन फिलहाल यह सपना अधूरा रह गया है।

जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों और खिलाड़ियों ने जनप्रतिनिधियों से सवाल किया है कि आखिर जब मैदान के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, तो काम अधूरा क्यों छोड़ा गया? क्या यह महज एक औपचारिकता थी या फिर युवाओं के भविष्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा?

खिलाड़ियों ने दी चेतावनी, नहीं हुई सुनवाई तो करेंगे आंदोलन : स्थानीय खिलाड़ियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ग्राउंड का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया, तो वे सामूहिक रूप से नपं कार्यालय का घेराव करेंगे।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए आवेदन शुरू, 29 अंतिम तिथि

महासमुंद/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय, छिन्दपाली (सरायपाली) में संचालित है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन शनिवार 13 दिसंबर 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से 01:30 बजे तक किया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। विद्यार्थी व पालक पर लॉगिन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा में सत्र 2025-26 में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। कलेक्टर ने समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधान पाठकों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं के अधिकतम बच्चों को इस परीक्षा के लिए रजिस्टर्ड कराएं एवं ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया की जानकारी भी बच्चों और अभिभावकों को प्रदान करें। विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट या विद्यालय स्तरीय हेल्प डेस्क नम्बर 9340503117 (पप्पू सूर्यवंशी) एवं 9753490927 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

राजकुमार मल बने प्रेस क्लब अध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा प्रेस क्लब का नया अध्यक्ष राजकुमार मल को बनाया गया है। श्रीमल की नियुक्ति सर्वसम्मति से हुई ,इस दौरान उन्होंने सभी का आभार जताते हुए बहुत जल्द अपनी नई कार्यकारिणी का गठन करने की बात कही।

अपने संबोधन में नव नियुक्त अध्यक्ष राजकुमार मल ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ वहन करेंगे। उन्होंने बहुत जल्द नई कार्यकारिणी का गठन किए जाने के संकेत दिए हैं। राजकुमार मल के अध्यक्ष बनने पर नगर के विभिन्न संगठनों और वरिष्ठों जनों ने बधाई दी है। प्रेस कल्ब की बैठक में संजीव तिवारी, संतोष अग्रवाल, गुरमीत गुम्बर,राजीव तिवारी,राजेश शर्मा,सत्यनारायण पटेल,आयशा खांन,जुगलकिशोर तिवारी,विनोद शर्मा,शत्रुध्न साहू, श्यामसुन्दर पुरोहित,वीरेन्दं उपाध्याय,मो. हारून, शमीम खांन, ललित तिवारी,नितेश गुप्ता,शत्रुध्न सोनवानी, माखन लाल साहू आदि सदस्य उपस्थित थे।

सत्य, प्रेम और सद्भावना के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं : शिवरतन

भाटापारा /नवप्रदेश। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा पहुंच डॉ.भानु प्रताप साहेब से उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शिवरतन शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बधाई शुभकामनायें देते हुए, चर्चा मैं बताया की गुरुओं का मार्गदर्शन ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है।

संत परंपरा और कबीर पंथ के विचार हम सभी को सत्य, प्रेम और सद्भावना के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा की गुरु पूर्णिमा का पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है,, भारतीय परंपरा में गहराई से जुड़ा यह दिन गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करता है, जो लोगों को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं।

शर्मा ने आगे कहा की भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य का संबंध शिक्षा-दीक्षा के साथ ही आजीवन मार्गदर्शन का माध्यम भी होता है।

हमारे इतिहास में गुरुओं ने सदैव शिष्यों में नैतिक मूल्य, ज्ञान, आचरण, संस्कृति तथा मातृभूमि के प्रति निष्ठा का भाव जगाने का कार्य किया है ।डॉ.भानु प्रताप साहेब से भेंट के अवसर पर मंडल अध्यक्ष सिमगा चन्द्रमणी तिवारी एवं भाजयुमो सिमगा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू भी उपस्थित रहे।

प्रेसवार्ता

जन न्याय पदयात्रा को लेकर गरियाबंद में की प्रेस वार्ता

चिंतन शिविर पर पीसीसी चीफदीपक बैज का तंज, बोले-'सरकारी पिकनिक मना रही है बीजेपी'

गरियाबंद/नवप्रदेश। जन न्याय पदयात्रा में शामिल होने गरियाबंद पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने न्यू सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार और भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने हाल ही में मैनपाट में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय चिंतन शिविर को लेकर तीखा तंज कसते हुए कहा कि चिंतन शिविर के बहाने भाजपा के नेता सरकारी पिकनिक मना रहे हैं और वहां बैठकर नैन-मटक्का कर रहे हैं। जनता की खून पसीने के गाढ़ी कमाई से सरकार मौज मस्ती कर रही है,गाजे बाजे के साथ डांस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की सरकार ने जनता के हित में कोई काम किया होता तो उन्हें चिंतन शिविर की जरूरत ही नहीं पड़ती। लेकिन अब जब सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है, तब दिखावे के लिए चिंतन शिविर आयोजित कर रहे हैं।

जन न्याय पदयात्रा का उद्देश्य सरकार की नाकामी उजागर करना

प्रेसवार्ता में पीसीसी चीफ ने बताया कि बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की 14 सूत्रीय स्थानीय मांगों को लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जन न्याय पदयात्रा की शुरुआत की है। यह यात्रा मैनपुर से शुरू होकर राजधानी रायपुर तक चलेगी, जहां राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

उन्होंने कहा कि मैनपुर क्षेत्र की जनता आज भी शुद्ध पेयजल, बिजली, राशन, स्कूल भवन और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। जब इन बुनियादी समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर रही, तब मजबूरी में जनता की आवाज़ राज्यपाल तक पहुंचाने के लिए पदयात्रा की जा रही है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि व्यवस्था पर सरकार फेल

दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रदेश भर में 10 हजार से अधिक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। युक्तियुक्तकरण के नाम पर 45 हजार शिक्षकों को प्रभावित किया गया है, जिसमें कई महिला शिक्षकों को 200 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अतिशेष शिक्षक बताकर बीजेपी सरकार शिक्षकों से वसूली अभियान चला रही है।

औंरेठी में भ्रष्टाचार का अमृत सरोवर अधूरे निर्माण का पूर्ण भुगतान

सिमगा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत औंरेठी में 15 वें वित्त के अनुदान से निर्मित अमृत सरोवर निर्माण में हुए अनियमित भुगतान एवं भ्रष्टाचार की जिला स्तरीय जांच एवं कार्यवाही की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है।

शिकायत में कहा गया है कि ग्राम औंरेठी में अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए प्रस्तावित कार्य योजना टाइड मद अंतर्गत पेयजल योजना हेतु पारित किया जाना नियम विपरीत है - निर्धारित प्राक्लन के विपरीत अपूर्ण कार्य का पूर्ण राशि का भुगतान किया जाने की जांच की मांग की गई। आवेदन में कहा गया है कि उपरोक्त अमृत सरोवर जिसे तालाब की तरह बनाना था को मुरूम की खदान बना दिया गया है। यहां यह बताना आवश्यक है कि जनपद पंचायत सिमगा द्वारा ग्राम पंचायत औंरेठीं में अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए 10 लाख 84 हजार स्वीकृत है।

घरेलू उपभोक्ताओं को लगा बिजली की झटका, दरों में 10-20 पैसे बढ़ोत्तरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरें तय हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की गई मांग के आधार पर वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 1.89 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की है. इस लिहाज से घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। वहीं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है।

प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद पहली बार है, जब बिजली की दरों में बढ़ोतरी हुई है. इससे पहले कांग्रेस सरकार में दो बार बिजली के दामों में बढ़ोतरी की गई थी. कांग्रेस सरकार के दौरान 22-23 में 2.50 प्रतिशत और 24-25 में 4.88 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी. इस तरह से कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 7.38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत दरों में बढ़ोतरी करने के साथ बताया कि राज्य की विद्युत कंपनियों के विगत वर्षों के राजस्व घाटा तथा राजस्व आधिक्य पर विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 28397.64 करोड़ रुपए के स्थान पर .25636.38 करोड़ रुपए मान्य किया है।

वितरण कंपनी द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित विद्युत विक्रय 35727 मिलियन यूनिट के स्थान पर 36540 मिलियन यूनिट मान्य किया गया है. इसी तरह वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत की अनुमानित बिक्री पर प्रचलित टैरिफ से अनुमानित .4947.41 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर .523.43 करोड़ रुपए मान्य किया है।

औसत विद्युत प्रदाय दर एवं औसत विद्युत बिलिंग दर

आयोग द्वारा वर्तमान टैरिफ आदेश में लिए गए निर्णयों के फलस्वरूप औसत विद्युत बिलिंग दर 7.02 रुपए प्रति यूनिट अनुमानित है. इस हिसाब से वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 1.89 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की गई है. जारी नई विद्युत दरें 1 जुलाई, 2025 से प्रभावशील होंगी। गौशाला, शासन द्वारा अधिसूचित बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्रधिकरण तथा सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में आने वाले स्टे ह्न होम्स में प्रयुक्त होने वाली विद्युत पर घरेलू विद्युत दर लागू करने हेतु घरेलू उपभोक्ता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है. घरेलू उपभोक्ता श्रेणी के अन्तर्गत लिए गए अस्थाई कनेक्शन पर नार्मल टैरिफ का 1.5 गुना टैरिफ के स्थान पर नार्मल टैरिफ का 1.25 गुना टैरिफ लागू किया गया है।

सावन शुरू, मंदिरों में उमड़े भक्त

रायपुर/कवर्धा/नवप्रदेश। सावन शुरू होते ही रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महदेव के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। वहीं कवर्धा के भोरमदेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। भगवान शिव का महीना माने जाने वाला सावन आज से शुरू हो गया है. शिव मंदिरों में सुबह से भोले भक्तों का तांता लगा हुआ है. बड़ी संख्या में लोग महादेव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

राजधानी रायपुर के खारुन तट पर विराजे हटकेश्वर महादेव में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। मंदिर में लोग श्रीफल, फूल-माला, दूध और बेलपत्र के साथ जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं. इस बीच सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे की कोई परेशानी न हो सके. यह मंदिर काफी प्राचीन माना जाता है. इसकी अनेक मान्यताएं भी हैं।

भोरमदेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भस्म आरती

कवर्धा के भोरमदेव मंदिर का सुबह 4 बजे पट खुला, जहां भोरमदेव बाबा की विशेष मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई. साथ ही भस्म आरती किया गया. मंदिर में सुबह से बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं. श्रद्धालु जलाभिषेक और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। जिलेभर में सावन पर्व का उत्साह देखने को मिल रहा है, ओम नमः शिवाय और बोल बम की जय घोष लग रहे हैं. बता दें भोरमदेव मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने सावन माह को देखते हुवे विशेष तैयारी की गई है।

न्यूज गैलरी

प्रदेश सरकार पर बिजली का 10 हजार करोड़ बकाया : डॉ. महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में बिजली दर में फिर से वृद्धि को लेकर सत्तारुढ भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि, 18 माह की भाजपा सरकार में बिजली बिल पर तीसरी बार बढ़ोतरी हुई है, आज बिजली बिल में हुई मूल्य वृद्धि आम जनता

पर अतिरिक्त बोझ डालने वाली है, मोदी महंगाई ने पहले ही जनता की कमर तोड़ रखी है और ऐसे में बिजली दर में बढ़ोतरी जनता के साथ धोखा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि, बिजली उत्पादन में लगने वाली वस्तु कोयला प्रदेश में उत्पादन होता, खुद उपयोग करके देश के अन्य राज्यों को भी कोयला छत्तीसगढ़ से जाता है। आज किसी भी बिजली उत्पादन वस्तु की दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है फिर बिजली दर में बढ़ोतरी क्यों..? नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, बिजली दरों में वृद्धि का मूल कारण प्रदेश सरकार पर राज्य पावर कंपनी का बिजली बिल बकाया दस हजार करोड़ से अधिक हो गया है, शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं से विभाग को दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान बिजली विभाग से राज्य सरकार नहीं कर रही है शासन के 23 विभागों का लगभग 2300 करोड रुपये बिजली बिल बकाया है।

वन बंधु परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं वार्षिक आमसभा का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। वन बंधु परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं वार्षिक आमसभा का आयोजन आज राजधानी रायपुर स्थित जैनम भवन में प्रारंभ हुआ,उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आयोजन में पद्मश्री रामेश्वर लाल काबरा भी उपस्थित रहेंगे एवं आयोजन को सफल बनाने हेतु रायपुर चैप्टर सहित बिलासपुर, धमतरी,दुर्ग सब चैप्टर के पदाधिकारियों के साथ 10 से अधिक व्यवस्था समिति बनाई गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि पूरे देश के 46 चैप्टर और सब चैप्टर से लगभग 300 पदाधिकारी छत्तीसगढ़ पहुंच रहे है जहां वे प्रदेश की संस्कृति, लोककला एवं पर्यटन स्थल से परिचित होंगे। शुक्रवार को गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई जहां वनवासियों के हित में कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण रणनीति बनाई गई। वही शनिवार रात को रानी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है। बैठक के पश्चात चम्पारण में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी का प्राकट्य स्थान दर्शन एवं कैवल्यधाम यात्रा के पश्चात 14 जुलाई को वनयात्रा हेतु प्रदेश के पदाधिकारी रवाना होंगे।

इंदौर अध्ययन भ्रमण का महापौर-आयुक्तों ने उप मुख्यमंत्री के सामने साझा किया अनुभव

स्वच्छता अभियान को मिलेगी नई दिशा : साव

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौरो एवं आयुक्तों की आज नवा रायपुर स्थित सर्किट हॉउस में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सभी नगर पालिक निगमों के महापौर और आयुक्त ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव के समक्ष अपने पांच दिवसीय इंदौर अध्ययन भ्रमण के अनुभवों को साझा किया। साथ ही प्रदेश में स्वच्छता अभियान को लेकर भविष्य की योजनाओं तथा विभिन्न नवाचारो पर चर्चा की गई तथा आगे की रणनीति पर मंथन किया गया।

डिप्टी सीएम एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने महापौरों और आयुक्तों से बातचीत के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि एक टीम बनाकर अध्ययन के लिए भेजा गया था, जो अब अनुभव लेकर लौटी है और उसी अनुभव को आज साझा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार स्वच्छता-सफाई को लेकर नए सिरे से परिवर्तन दिखेगा, इस पर काम किया जा रहा है और सबसे महत्वपूर्ण बात, पहली बार ऐसा होगा कि अध्ययन के अनुभव के अनुसार नीति-नियम बनाकर इस पर काम किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कम संसाधनों में, चुनौतियों में भी काम किया जा सकता है। इंदौर की अपेक्षा कम संसाधन और मशीनरियों की कमी को दूर किया जा रहा है। बहुत जल्द ही इसका परिणाम दिखेगा। इस अनुभव मंथन से एक महत्वपूर्ण बात सामने आई है, वह है जनभागीदारी। यह सफाई के तरीकों, रणनीति और गाड़ियों के डिज़ाइन में बहुत महत्वपूर्ण है।

फर्जी जीएसटी अफसर का सरेंडर

रायपुर /नवप्रदेश । फर्जी जीएसटी अधिकारी ने गुरुवार को राजधानी के सीबीआई कोर्ट में सरेंडर किया है. शख्स की दुर्ग के कारोबारी से रिश्वतखोरी के मामले में अहम भूमिका सामने आई थी. सरेंडर की जानकारी लगते ही सीबीआई ने कोर्ट में आरोपी को हिरासत में लेने आवेदन लगाया। कोर्ट ने आरोपी अनिल गुप्ता को 14 जुलाई तक सीबीआई की रिमांड पर भेज दिया है।

दुर्ग के कारोबारी लालचंद अठवानी की कंपनी 'द वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी' में 28 जनवरी को सेंट्रल जीएसटी की टीम ने छापा मारा था। वहां से कई दस्तावेज जब्त किए गए थे. इनमें अनियमितताएं पाए जाने पर रायपुर में पदस्थ जीएसटी अधीक्षक भरत सिंह ने इस केस को रफा-दफा करने 34 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। यह प्रस्ताव कारोबारी तक एक निजी व्यक्ति विनय राय के माध्यम से पहुंचाया गया। परेशान होकर लाल चंद ने इसकी शिकायत सीबीआई से की. सीबीआई ने जीएसटी अधिकारी भगत को ट्रैप करने के लिए जाल बिछाया. लाल चंद को 5 लाख रुपए केमिकल लगाकर दिया। उन्हें वीआईपी रोड में बुलाया, जहां पैसा लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। सीबीआई की प्रारंभिक पूछताछ में एक तीसरे व्यक्ति मिश्रा का नाम सामने आया था, जो खुद को जीएसटी विभाग का अधिकारी बताता था, और पूरे लेन-देन में सक्रिय भूमिका में था. जांच आगे बढ़ी तो सीबीआई को पता चला।

सभी प्राध्यापकों को समय पर प्रमोशन देने की कार्रवाई की जाए: राज्यपाल

बिलासपुर/ नवप्रदेश। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने आज अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति एवं शैक्षणिक स्टाफ से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी जी के नाम के अनुरूप विश्वविद्यालय शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में नाम रोशन करते हुए आगे बढ़े।

राज्यपाल ने कहा कि सहायक प्राध्यापकों को समय पर प्रमोशन देने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रोफेसर के पद पर दस साल का अनुभव होने के बाद छत्तीसगढ़ के प्रोफेसरों को कुलपति बनने का अवसर मिल सके। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्राध्यापक और छात्रों के बीच बेहतर ताल-मेल पर बल दिया साथ ही शैक्षणिक वातावरण पर ध्यान देने कहा।

राज्यपाल श्री डेका ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया एवं विभागों की कार्यप्रणाली तथा स्टाफसे संबंधित जानकारी ली। श्री डेका विद्यार्थियों से भी मिले और उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर कुलपति को निराकरण के निर्देश दिए। श्री डेका ने प्रशासनिक विभाग एवं विभागाध्यक्षों की बैठक भी ली तथा अध्ययन प्रभाग मे पाठ्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए नए कोर्स प्रारंभ करने एवं छात्र संख्या में वृद्धि करने हेतु आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए।

सीएसवीटीयू कुलपति के लिए इंटरव्यू स्थगित

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी

विश्वविद्यालय को जल्द ही नया कुलपति मिलने वाला है। कुलपति के चयन के लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और सिर्फ उमीदवारों का इंटरव्यू शेष है. अगले कुछ दिनों में इंटरव्यू के बाद नए कुलपति के नाम का ऐलान राजभवन करेगा। राजभवन ने वीसी के लिए 11 उमीदवारों को शॉर्ट लिस्ट किया है। शुक्रवार 11 जुलाई को उमीदवारों का इंटरव्यू होना था, लेकिन फिलहाल इसे स्थगित कर दिया गया है।

हमारा उद्देश्य जनता को पारदर्शी, जवाबदेह व ईमानदार प्रशासन देना : विष्णु देव साय

छत्तीसगढ़ सरकार की ऐतिहासिक कार्रवाई, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का संदेश

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता से लागू कर रही है। इसी क्रम में राज्य शासन ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अधिकारियों को निलंबित किया है।

यह कार्रवाई पूर्ववर्ती शासनकाल के दौरान हुए 3200 करोड़ रुपये के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच के आधार पर की गई है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच हुए इस घोटाले में आबकारी विभाग के कुछ

अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिन्होंने अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियाँ अर्जित की थीं।

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गहन जांच से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में संचालित घोटाला था। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने तत्क्षण कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूर्ववर्ती शासनकाल में हुए सभी घोटालों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।

राज्य सरकार डीएमएफ घोटाले, महादेव ऑनलाइन सट्टा एप प्रकरण, तेंदूपत्ता वितरण, सीजीएमएससी और अन्य मामलों की भी गहन जांच करवा रही है। हाल के दो वर्षों में 200 से अधिक भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के समूल उन्मूलन के साथ सुशासन की दिशा में अग्रसर है। शासन की प्राथमिकता है– पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित में निष्ठावान प्रशासन। इसी क्रम में जेम पोर्टल से सरकारी खरीद को अनिवार्य किया गया है, ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, और 350 से अधिक सुधारों के माध्यम से निवेश की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की शुरुआत के साथ अब एनओसी की प्रक्रिया सरल, तेज और तकनीक-सक्षम हो चुकी है।

फसल बीमा कराने की आखिरी तारीख का ऐलान

अब 2 प्रतिशत प्रीमियम दर पर करा सकेंगे बीमा

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने वर्ष 2025 के खरीफ फसलों के लिए बीमा अवधि 15 से 31 जुलाई निर्धारित की गई है। वहीं किसान अब मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम दर पर करा फसलों का बीमा सकेंगे।

शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते हैं. किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई है. अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने इच्छुक हो वे बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर लाभ ले सकते हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसलवार जिले में बीमित राशि (रुपए प्रति हेक्टेयर) एवं किसान के देय प्रीमियम राशि (रुपए प्रति हेक्टेयर) निर्धारित की गई है. जिसके तहत खरीफ 2025-26 में उड़द के लिए बीमांकित राशि 30 हजार रुपए एवं किसान देय प्रीमियम 600 रुपए प्रति हेक्टेयर, मूंग के लिए बीमांकित राशि 29 हजार रुपए एवं किसान देय प्रीमियम 580 रुपए प्रति हेक्टेयर, मूंगफली के लिए बीमांकित राशि 42 हजार रुपए एवं किसान देय प्रीमियम 840 रुपए प्रति हेक्टेयर, कोदो के लिए बीमांकित राशि 22 हजार रुपए एवं किसान देय प्रीमियम 440 रूपए प्रति हेक्टेयर, कुटकी के लिए बीमांकित राशि 22 हजार रुपए एवं किसान देय प्रीमियम 440 रुपए प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिए बीमांकित राशि 48 हजार रुपए एवं किसान देय प्रीमियम 960 रुपए प्रति हेक्टेयर, तुअर (अरहर) के लिए बीमांकित राशि 40 हजार रुपए एवं किसान देय प्रीमियम 800 रुपए प्रति हेक्टेयर, रागी के लिए बीमांकित राशि 25 हजार रुपए है।

रेत की कीमत में भारी उछाल घर के निर्माण लागत में वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में रेत की कीमत में महीनेभर के भीतर भारी उछाल आया है। 15 जून से पहले जो रेत 11 रुपए और 13 रुपए फुट में मिल रही थी, उसकी कीमत अब 18 से 20 रुपए फुट हो गई है। बताया गया है. कि एक हाईवा में 800 फुट रेत आती है। रेत के अलावा लाल ईंट की कीमतों में 20-30 पैसे की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इसी तरह गिट्टी भी महंगी हो गई है। मालूम हो कि खनिज विभाग ने गत 15 जून को रेत घाट बंद किए और रेत के उत्खनन व परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया. प्रतिबंध से पहले ही पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर रेत का भंडारण किया गया, जिसमें अवैध रेत का भंडारण भी हुआ. दिखावे के लिए खनिज विभाग और जिला प्रशासन ने कार्रवाई की, लेकिन भंडारण से आज भी रेत की सप्लाई जारी है। राज्य के बलौदाबाजार जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और अवैध भंडारण की सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं. इसी तरह महासमुंद और धमतरी जिले से भी अवैध भंडारण से रेत की सप्लाई की शिकायतें हैं। रायपुर जिले में आरंग विकासखंड के अंतर्गत कुछ अवैध भंडारण की जब्ती बनाई गई थी. वहां से भी रेत धीरे-धीरे बेची जा चुकी है. रेत की कीमतों में बढ़ोत्तरी से आम उपभोक्ता खासे परेशान हैं. आमतौर पर बारिश के दिनों में भीतर के निर्माण कार्य प्लास्टर का काम होता है, जिसके लिए रेत की जरूरत होती है. इसके अलावा टाइल्स व अन्य कार्यों के लिए भी रेत की आवश्यकता होती है, वर्तमान में रेत की कीमत में बढ़ोत्तरी से निर्माण कार्य की लागत में भी वृद्धि हो गई है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। जानकारों का यह भी कहना है कि रेत घाटों पर प्रतिबंध 15 अक्टूबर तक रहेगा. सितंबर और अक्टूबर में रेत की कीमत में और वृद्धि होगी. संभवतः 40 रुपए प्रति फुट तक रेत की कीमत पहुंच सकती है. इसकी मुख्य वजह नई सरकार द्वारा खनिज नीति में कोई बदलाव नहीं करना है और पुरानी सरकारी की नीलामी नीति बरकरार रखना है।

न्यूज गैलरी

रियलमी 15 सीरीज बिल्कुल नए 4डी कर्व+ डिस्प्ले के साथ स्लिम डिजाइन को करती है फिर से परिभाषित

नई दिल्ली। अब स्मार्टफोन सिर्फ एक डिवाइस नहीं रह गया है, यह हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। हम सिर्फ उनका इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि हमारी पहचान भी दिखाते हैं। ये हर समय हमारे साथ होते हैं। वे मीटिंग में हमारे पास रखे होते हैं, हमारी तस्वीरों में दिखते हैं, और अक्सर हमारे कपड़ों या एक्सेसरीज जितने ही हमारे बारे में बहुत कुछ बता जाते हैं। इसलिए फोन कैसा दिखता है और हाथ में कैसा महसूस होता है, यह उतना ही जरूरी हो गया है जितना कि वह क्या-क्या कर सकता है।इस नए जमाने में, फोन का डिजाइन सिर्फ स्टाइल के बारे में नहीं है। यह आराम, सुविधा और आपकी पहचान के बारे में भी है। फोन का डिजाइन ऐसा होना चाहिए कि मोबाइल डिवाइस किसी भी जेब या बैग में आ जाए, आपकी हथेली में आराम से फिट हो जाए और हर जगह सूट करे। यही सब चीजें रियलमी 15 सीरीज के पीछे का सिद्धांत है, जो ब्रांड के अब तक के सबसे पतले और कर्व्ड डिजाइन को पेश करता है, जिसे हाथ में बेहद आरामदायक फील और आसानी से ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है।फोन के डिजाइन के साथ-साथ उसकी स्क्रीन का अनुभव भी बहुत मायने रखता है। रियलमी 15 प्रो में नया 4डी कर्व+ डिस्प्ले है, जो किनारों पर घुमावदार है। इससे फोन को पकड़ना आसान हो जाता है और स्क्रीन देखने का अनुभव भी अच्छा होता है।यह कर्वेचर केवल देखने में ही नहीं शानदार नहीं है, बल्कि यह आपके हाथ में बढ़िया तरीके से फिट हो जाता है। यह स्क्रीन स्पेस से किसी तरह का समझौता किए बना एक हाथ से भी आराम से इस्तेमाल किया जा सकता है। तकनीकी रूप से भी स्क्रीन शानदार है, जिसमें 144 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ नेविगेशन स्मूद होता है, और अधिकतम ब्राइटनेस के साथ तेज धूप में भी स्क्रीन साफ दिखती है। इससे स्मार्टफोन शार्प दिखता है और हर तरह की परिस्थिति में आसानी से परफॉर्म करता है।फोन की मोटाई केवल 7.69एमएम है, यानी यह अब तक का सबसे पतला रियलमी फोन है। चाहे आप इसे किसी छोटे पर्स में रखें, कोट की जेब में या ऑफिस बैग में, यह आराम से फिट हो जाता है।

कुमार मंगलम बिड़ला को मिली अहम जिम्मेदारी, भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को देंगे नई दिशा

नई दिल्ली। USISPF ने शुक्रवार को बताया कि आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को मंच के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया है। बिड़ला अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को आकार देने और मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया है।

आईटी मंत्रालय और बिट्स-पिलानी मिलकर सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के पेशेवरों को साइबर सिक्योरिटी की देंगे ट्रेनिंग

सीईआरटी-इन और बिट्स पिलानी ने साइबर सुरक्षा में पेशेवर विकास कार्यक्रम शुरू किया

नई दिल्ली। भारत की साइबर सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करते हुए सीईआरटी-इन और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी समूह ने सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र और उद्योग जगत के पेशेवरों के लिए साइबर सुरक्षा में व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू करने के लिए आपस में सहयोग किया है।

सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और उद्योग जगत के कार्यरत पेशेवरों के लिए साइबर सुरक्षा में एक 8-सप्ताह का कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसे बिट्स पिलानी अपने हैदराबाद कैंपस स्थित सेंटर फॉर रिसर्च एक्सीलेंस इन नेशनल सिक्योरिटी (सीआरईएनएस) के माध्यम से, अपने टेक्नोलॉजी साझेदार रैपिफज के साथ, सीईआरटी-इन के मार्गदर्शन में संचालित करेगा।सीईआरटी-इन साइबर घटना प्रतिक्रिया के लिए भारत की राष्ट्रीय एजेंसी है।इस सहयोग का उद्देश्य साइबर सुरक्षा में स्ट्रक्चर्ड, उच्च-प्रभाव क्षमता निर्माण की बढ़ती मांग को पूरा करना है, जो उभरते डिजिटल खतरों और साइबर सुरक्षा चुनौतियों के बीच बढ़ते महत्व का क्षेत्र है।सीईआरटी-इन के डायरेक्टर जनरल डॉ. संजय बहल ने कहा, भारत की साइबर मजबूत क्षमता न केवल स्वदेशी कटिंग-एज टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल और विकास में नजर आती है, बल्कि डिजिटल और क्वांटम युग की उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार एक जीवंत, उच्च कुशल प्रतिभा समूह के विकास में भी अपनी असली ताकत तलाशती है।उन्होंने बताया कि बिट्स-पिलानी के साथ सीईआरटी-इन का सहयोग इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।यह प्रयास पेशेवरों को कटिंग-एज साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञता से लैस करने के साथ-

साथ उद्योग की उभरती मांगों और शैक्षणिक उत्कृष्टता के बीच एक गतिशील तालमेल को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।आईटी मंत्रालय के अनुसार, यह कार्यक्रम 19 जुलाई से शुरू होगा और सभी क्षेत्रों के पेशेवरों के लिए खुला है, जिनमें बिना किसी पूर्व कोडिंग अनुभव वाले लोग भी शामिल हैं।कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा होने पर प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा में एक व्यावसायिक विकास प्रमाणपत्र प्राप्त होगा, जिसे सीईआरटी-इन और बिट्स पिलानी द्वारा सह-ब्रांड किया जाएगा।दुनिया भर में बढ़ते साइबर खतरों के दौर में, सीईआरटी-इन भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 70बी के तहत साइबर घटनाओं से निपटने के लिए राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में नामित, घटनाओं की रोकथाम और रियल टाइम थ्रेट मिटिगेशन से लेकर सिक्योरिटी क्वालिटी मैनेजमेंट सर्विसेज के माध्यम से साइबर मजबूती बढ़ाने तक, सीईआरटी-इन भारत की साइबर सुरक्षा रणनीति के मूल में है। बिट्स पिलानी के ग्रुप वाइस चांसलर, प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव ने कहा, बिट्स पिलानी में, हम साइबर सुरक्षा को न केवल एक तकनीकी चुनौती के रूप में देखते हैं, बल्कि एक राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में भी देखते हैं।

यूपीआई से बदला भारत का पेमेंट सिस्टम, जून में लेनदेन में 32प्रतिशत की बढ़ोतरी

यूपीआई का असर, आईएमएफ ने कहा- भारत में अन्य देशों की तुलना में अधिक तेजी से हो रहा भुगतान

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एक नोट में कहा कि भारत दुनिया में अन्य देशों की तुलना में अधिक तेजी से भुगतान कर रहा है। इसकी वजह देश में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का बड़े स्तर पर इस्तेमाल होना है।

आईएमएफ के 'बढ़ते खुदरा डिजिटल भुगतान- इंटरऑपरेबिलिटी का मूल्य' शीर्षक वाले नोट के अनुसार, 2016 में अपनी शुरुआत के बाद से देश में यूपीआई तेजी से बढ़ा है, जबकि नकदी के इस्तेमाल में गिरावट शुरू हो गई है। यूपीआई अब प्रति माह 18 अरब से ज्यादा लेनदेन प्रोसेस करता है और भारत में अन्य इलेक्ट्रॉनिक खुदरा भुगतानों में अग्रणी है।यूपीआई एक त्वरित भुगतान प्लेटफॉर्म है जो इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बना हुआ है।नोट में आगे कहा गया

कि यूपीआई ने भारत में डिजिटल भुगतान के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। इस प्लेटफॉर्म से मिले सबूत बताते हैं कि इंटरऑपरेबिलिटी यूजर्स के डिजिटल भुगतान के अनुभव को बेहतर बना सकती है और इससे नई टेक्नोलॉजी को अपनाने की दर में इजाफा हो सकता है। आईएमएफ ने नोट में कहा, इंटरऑपरेबिलिटी सीधे तौर पर यूजर्स को अपना पसंदीदा ऐप चुनने की आजादी देती है, जिससे वे उपलब्ध ऐप्स की विविधता और गुणवत्ता का पूरा लाभ उठा पाते हैं। इंटरऑपरेबिलिटी नए प्रोवाइडर्स के प्रवेश को भी सुगम बना सकती है और मौजूदा प्रदाताओं को अपने ऐप्स अपग्रेड करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जिससे यूजर्स को अप्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है।यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2016 के अंत में भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) ऐप को लॉन्च किया था। जून में यूपीआई लेनदेन की मात्रा सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़ी। पिछले साल जून की तुलना में लेनदेन मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दैनिक यूपीआई लेनदेन की संख्या मई के 602 मिलियन से बढ़कर जून में 613 मिलियन हो गई।

टेस्ला का पहला भारतीय 'एक्सपीरियंस सेंटर' 15 जुलाई को मुंबई में खुलेगा

नई दिल्ली। एलन मस्क के स्वामित्व वाली किफायती सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर रही है, वहीं उनका दूसरा वेंचर, इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला भी इसी महीने से देश में अपना परिचालन शुरू करने के करीब पहुंच रही है।

हालांकि, कंपनी फिलहाल देश में मैन्युफैक्चरिंग नहीं कर रही है, लेकिन वह 15 जुलाई को मुंबई में अपना पहला शोरूम खोलने वाली है। 'एक्सपीरियंस सेंटर' कहे जाने वाले इस टेस्ला शोरूम को आर्थिक राजधानी में 4,000 वर्ग फुट के रिटेल स्पेस में बनाया गया है, जो शहर में अमेरिकी टेक दिग्गज एप्पल के फ्लैगशिप स्टोर के करीब है।यह कदम टेस्ला की भारत में व्यापक विस्तार रणनीति का हिस्सा है। जून में, कंपनी ने मुंबई के कुर्ला पश्चिम में एक कमर्शियल स्पेस लीज पर लिया था, जिसके वाहन सेवा केंद्र के रूप में काम करने की उम्मीद है।टेस्ला की अब भारत में चार कमर्शियल प्रॉपर्टीज हैं, जिनमें पुणे में एक इंजीनियरिंग हब, बेंगलुरु में एक पंजीकृत कार्यालय और बीकेसी के पास एक अस्थायी कार्यालय शामिल है।टेस्ला इंडिया मोटर एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई के कुर्ला पश्चिम में अपने आगामी बीकेसी शोरूम के पास एक सर्विस सेंटर स्थापित करने के लिए 24,500 वर्ग फुट जगह लीज पर ली थी।यह कदम टेस्ला की भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में प्रवेश की योजना में एक महत्वपूर्ण कदम है, हालांकि कंपनी का वर्तमान में देश में वाहनों का निर्माण करने का कोई इरादा नहीं है।

प्रॉपर्टी डेटा विश्लेषण फर्म सीआरई मैट्रिक्स द्वारा प्राप्त रियल एस्टेट दस्तावेजों के अनुसार, टेस्ला ने लोढ़ा लॉजिस्टिक्स पार्क में जगह किराए पर लेने के लिए बेलिसिमो इन सिटी एफसी मुंबई वन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक लीज और लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।यह समझौता पांच साल के लिए है, जिसका शुरुआती मासिक किराया 37.53 लाख रुपए है। दस्तावेजों के अनुसार, लीज की पूरी अवधि के दौरान, टेस्ला कुल मिलाकर लगभग 25 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी, जिसमें 2.25 करोड़ रुपए की सुरक्षा जमा राशि भी शामिल है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में पहली बार जीती टी-20 सीरीज

नईदिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ चौथा टी-20 मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम कर लिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में उसने 3-1 से अजेय बढ़त ले ली है। यह क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के इतिहास में पहला मौका है जब भारतीय महिला टीम इंग्लैंड में कोई टी-20 सीरीज जीतने में सफल रही है। मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ और 20 ओवर में टीम सिर्फ 126/7 का स्कोर ही बना पाई। सोफिया डंकली ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। भारत के लिए राधा यादव और श्री चारणी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में स्मृति मंधाना (32) और शफाली वर्मा (31) की पारियों के दम पर भारतीय टीम ने 17 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। दीप्ति शर्मा ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में उन्होंने 1 विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की।

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाजों पर एक नजर

नईदिल्ली। टेस्ट क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज की भूमिका बेहद अहम होती है। नई गेंद, पिच की ताजगी और गेंदबाजों की धार का सामना करते हुए लंबी पारियां खेलना बेहद मुश्किल होता है। हालांकि, कुछ सलामी बल्लेबाज ऐसे भी रहे हैं जिन्होंने न सिर्फ पारी की शुरुआत संभाली, बल्कि उसे बड़े शतकों में भी बदला।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम नर्मदा गायकवाड़ | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नर्मदा गायकवाड़ आ./पति नारायण गायकवाड़ निवासी मोती काम्पलेक्स भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1158/33	0.0046 हें वर्गफीट 500	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम जयंती दलाई | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका जयंती दलाई आ./पति भुबाना दलाई निवासी सेक्टर-6 भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2150/160	0.020 हें वर्गफीट 2541	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 21789 दिनांक .07.2025

वार्ड का नाम- 49- रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR445N00213 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUMAN SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती RAMESH KUMAR SHARMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री ANAND SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI RAMESH KUMAR SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
Email ID: eocghbzone02@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर रायपुर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-151, सेक्टर 02, 1. श्रीमती सुनीता नायर पति श्री अरविंदासन, 2. श्री शिवकुमार नायर पिता श्री प्रभाकरण नायर को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक 602-604 दिनांक 15.01.2010 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। नामांतरी द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7872 दिनांक 16.0.2014 द्वारा विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भवन को क्रेता श्री आशीष कुमार गुप्ता पिता श्री मुरली प्रसाद गुप्ता को विक्रय विलेख दिनांक 17.09.2014 के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री आशीष कुमार गुप्ता पिता श्री मुरली प्रसाद गुप्ता द्वारा इस कार्यालय में उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति, एचडीएफसी बैंक का नो ड्यूस सर्टिफिकेट एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त भवन को क्रेता श्री आशीष कुमार गुप्ता श्री मुरली प्रसाद गुप्ता के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

यूको बैंक UCO BANK — अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)

ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in

स्वर्ण नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना दिनांक 28.07.2025

एक / अनेक व्यक्तियों को दिए अग्रिम के लिए प्रतिभूति के रूप में बैंक के पास गिरवी रखे हुए निम्नलिखित आभूषणों को सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना प्रस्तावित है।

शाखा नाम	ग्राहक का नाम	एकाउंट नंबर	बकाया राशि (ब्याज सहित)	कुल वजन
कृषक नगर	बोयन्ना राधिका कृष्णा	17940610021187	रु. 189046.00 + ब्याज व अन्य खर्चे	392.390 ग्राम
कोण्डागांव	सुरेश कुमार नेताम	30170610017951	रु. 30242.87 + ब्याज व अन्य खर्चे	11.800 ग्राम
सिविक सेंटर भिलाई	एस. भोगेश्वर राव	02980610031889	रु. 332679.82 + ब्याज व अन्य खर्चे	77.000 ग्राम
सिविक सेंटर भिलाई	एस. भोगेश्वर राव	02980610031896	रु. 712227.89 + ब्याज व अन्य खर्चे	151.500 ग्राम

आभूषण बैंक शाखा परिसर में दिनांक 27.07.2025 को निरीक्षण किए जाने के लिए उपलब्ध रहेगा। नीलामी के माध्यम से आभूषणों का विक्रय बैंक के शाखा परिसर में दिनांक 28.07.2025 को प्रातः 11 से दोप. 1 बजे तक किया जाएगा तथा उच्चतम बोलीकर्ता के पक्ष में उक्त आभूषणों का विक्रय किया जाएगा। बोलीकर्ता को नीलामी में शामिल होने से पहले 25: बयाना राशि जमा करना होगा एवं नीलामी समाप्त होने के पश्चात बैंक द्वारा स्वीकृति दिए जाते ही बोली की संपूर्ण राशि को जमा करना होगा। बैंक के पास नीलामी करने और / अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

दिनांक : 12.07.2025, स्थान - रायपुर, छत्तीसगढ़ | प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank — सिंडिकेट Syndicate — टाटीबंध शाखा, रायपुर (छ.ग.)

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(8) के अंतर्गत मोचन नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि:

अधोहस्ताक्षरी, सुरक्षित ऋणदाता **केनरा बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत उक्त अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षित ऋणदाता **केनरा बैंक** को आपकी देनदारियों से मुक्ति के लिए नोटिस जारी किए हैं। विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	उधारकर्ता/ जमानतदार विवरण/ शाखा का नाम	संपत्ति का विवरण	13(2) की तिथि / 13(4) की तिथि	मांग राशि
01	**ऋणी- श्रीमती अर्शी हिंगोरा पति मोहम्मद इमरान हिंगोरा**, मकान नं. 218, टिकरापारा रजा अपार्टमेंट के पीछे, रायपुर- 492001, **श्रीमती सबाना मोहम्मद रफीक खान**, इंद्रायणी हाउसिंग सोसाइटी, उचगांव करवीर, पोस्ट- उचगांव, हाटकांगले, कोल्हापुर- 416005. **शाखाः टाटीबंध, रायपुर.**	खसरा नं. 237/7, मौजा- टिकरापारा, रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड नं. 51, प.ह.नं. 69/70, आरएनएम रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल - 1400 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग तथा अंश। संपत्ति यूआईडीः आरपीआर651बी0461ए, चौहद्दीः उत्तर- मानसिंह का मकान, दक्षिण- सड़क, पूर्व- सड़क, पश्चिम- साहू जी का मकान।	16/04//2025 / 21/06/2025	₹ 51,28,158.89

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के भीतर और/या सार्वजनिक नीलामी आदि के लिए नोटिस के प्रकाशन की तिथि से पहले किसी भी समय बैंक की बकाया राशि को भविष्य के ब्याज, सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों आदि के साथ चुका दें। इस प्रकार, आपका ध्यान धारा 13(8) के अनुसार उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए आकर्षित किया जाता है।

यदि आप इस नोटिस के अनुसार कार्य करने में विफल रहते हैं, तो बैंक भविष्य के ब्याज, लागतों, प्रभारों और व्ययों आदि के साथ अपनी बकाया राशि वसूलने के लिए SARFAESI अधिनियम, 2002 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार आगे बढ़ेगा।

कृपया ध्यान दें कि यह बैंक के अधिकारों और वर्तमान में लागू कानून के तहत उपलब्ध विवादों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना है।

दिनांक- 11.07.2025 | स्थानः रायपुर (छ.ग.) | प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

निविदा सूचना

क्र. 38/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2025 — रायपुर, दिनांक 11.07.2025

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सीलबंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 22.07.2025 को सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 25.07.2025 को सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 01.08.2025 को सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 01.08.2025 को सायं 4.30 बजे से

क्र.	कार्य का विवरण	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	अवधि	निविदा प्रपत्र	एस.ओ.आर./नान एस.ओ.आर.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में डोम निर्माण, वाटर प्रुफिंग, फेम, तख्त एवं फ्लेक्स फेमिंग आदि व्यवस्था का कार्य।	9.99	10000.00	750.00	जीवित गुमास्ता लायसेंस	15 दिन	प्रपत्र ''ब''	नान एस.ओ.आर. /आयटम दर
2	15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में साउंड सिस्टम व्यवस्था का कार्य	2.10	3000.00	750.00	जीवित गुमास्ता लायसेंस	7 दिन	प्रपत्र ''ब''	नान एस.ओ.आर. /आयटम दर
3	पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 57 अंतर्गत पेंशनबाड़ा स्थित निगम आवास में वाटर प्रुफिंग एवं अन्य मरम्मत का कार्य।	1.00	2000.00	300.00	''डी'' श्रेणी एवं उससे ऊपर	1 माह	प्रपत्र''अ''	पी.डब्ल्यु.डी. भवन/ रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
4	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 04 कम्प्युटर आपरेटर रखे जाने का कार्य	8.18	9000.00	750.00	श्रम आयुक्त कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम	12 माह	प्रपत्र ''ब'	कलेक्टर दर पर आधारित

नोट :- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज/छ.ग. पीडब्ल्यूडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र/जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र/पेन कार्ड/ विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न (नवीन पंजीकृत ठेकेदार/फर्म के लिए यह लागू नहीं होगा)/विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न/राशि रु. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने का नोटराईज्ड)/ राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिए कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित बैंक साल्वेंसी स्वीकार किया जावेगा। (राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ.डी.आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) (लिफाफा निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोष्ट किया जावे) निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है, तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर संपन्न की जावेगी।
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्तें जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर निगम के वेबसाईट nagar nigam raipur.nic.in में देखी जा सकती है।
4. निविदा अंतर्गत (3rd Party Inspectin) की राशि का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जावेगा जो कि कुल स्वीकृत राशि के 0.60 प्रतिशत एवं जीएसटी अतिरिक्त होगा।
5. कार्य क्रमांक 01 एवं कार्य क्रमांक 02 हेतु जीवित गुमास्ता लायसेंस होना अनिवार्य है।
6. कार्य क्रमांक 04 हेतु श्रमिक पंजीयन लायसेंस एवं ईपीएफ पंजीयन/ईएसआईसी प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 4
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यूज गैलरी

गुरुकुल विद्यापीठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा

बालोद/नवप्रदेश। बालोद नगर स्थित हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यापीठ बालोद में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्राचार्य कमल नारायण साव, वरिष्ठ व्याख्याता एस के बैरागी,जी एल साहू, उर्मिला बड़तिया, अनीता कौशिक एवं अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, उसके बाद कक्षा नर्सरी,पी पी 1 पी पी 2 और कक्षा पहली में नव प्रवेशित 40 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार गायत्री मंदिर से पहुंचे परिजनों द्वारा किया गया। साथ ही सभी नव प्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर कॉपी पेन व पाठ्य पुस्तक वितरण कर सभी का स्वागत किया गया, तत्पश्चात कक्षा 12वी के छात्रों के साथ शेष अन्य कक्षा के बच्चों ने विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का श्रीफल और पेन भेंट कर सम्मान किए एवं कक्षा 12वीं की छात्रा वैष्णवी सोनी ने गुरुपूर्णिमा कब और क्यों मनाया जाता हैं? डॉली ठाकुर ने जीवन में गुरुजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा 5 के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तत्पश्चात श्री प्राचार्य का उद्बोधन हुआ। साथ बैरागी सर ने समस्त शिक्षकों के तरफसे बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किए।अंत में खीर-पूड़ी, मिठाई वितरण कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

स्वास्थ्य स्वच्छता और योग जागरूकता कार्यक्रम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी राजनांदगाँव के द्वारा दिनांक 09-07-025 को मनकी गाँव में माध्यमिक विघालय में स्वास्थ-स्वच्छता एवं योग और आध्यात्म पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विघालय के मुख्याधयापक द्वारा योग और आध्यात्म पर प्रकाश डालते हुए कहा योग हमारे शरीर को रोग मुक्त बनाता है और आध्यात्म हमें ईश्वर से साक्षात्कार करवाता है इसलिए योग और आध्यात्मिक साधना करना चाहिए इसी कडी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने प्रकाश डालते हुए कहा योग और आध्यात्म जिस प्रकार से हमारे शरीर को रोग मुक्त बनाता है उसी प्रकार हमेशा साफसफाई पर विषेश ध्यान देना होगा जिससे कोई भी रोग नहीं होगा।

पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद की सजा

महासमुंद/नवप्रदेश। हत्या के मामले में अपराध दोष सिद्ध होने पर प्रथम सत्र न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने भादसं की धारा 302 के तहत बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम घुंचापाली निवासी 25 वर्षीय राजेंद्र कुमार ठाकुर पिता बीरेंद्र उर्फबेन्दुल ठाकुर को आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। इसी तरह 25-27 आर्म्स एक्ट के अपराध में 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार 8 अक्टूबर 2021 को जमुना बाई ने बागबाहरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बड़ी पुत्री जिमेर्श्वरी उर्फधरमिन बाई ने 6-7 वर्ष पूर्व ग्राम घुंचापाली के राजेंद्र कुमार ठाकुर के साथ प्रेम विवाह किया था। जिससे उनकी दो संताने है। शादी के बाद से दोनों पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा होते रहता था। तबियत खराब होने पर जिमेर्श्वरी 8 अक्टूबर 2021 को दोपहर 1 बजे घर आई थी। शाम साढ़े 5 बजे जिमेर्श्वरी सोई हुई थी। उसी समय उसका दामाद राजेंद्र ठाकुर चाकू लेकर आया और उसकी पुत्री से कहा कि तुम बार-बार अपनी मां के यहां आ जाती हो, कहकर अश्लील गालियां देते हुए जान से मार दूंगा कहकर चाकू से प्राणघातक प्रहार किया।

रवेलीवासी वर्षों से झेल रहे बाढ़, जान हथेली में रख करते हैं नदी पार

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। फिंगेश्वर विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम रवेली, जहां के लोगों को बरसात लगते ही डर और घबराहट हो जाती है। इसका प्रमुख कारण हैं प्रतिवर्ष बारिश के दिनों में भेंडरी और रवेली को जोड़ने वाला पुल थोड़ी सी भी बारिश होने पर पुल के ऊपर से पानी चलने लगता हैं। नदी तल से पुल महज दो फीट की ऊंचाई पर है और बाढ़ का पानी आने से दोनों गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। बारिश के दिनों में शहर और आसपास के लोग जतमई, घटारानी जैसे वॉटरफाल घूमने बड़ी उम्मीद से आते हैं। किन्तु पुल के ऊपर से चल रहे तेज पानी का दबाव लोगों को कई किलोमीटर दूरी घूम कर तय करने को मजबूर कर देते हैं। इसी मार्ग से उस स्थान को जाते हैं जिसे छत्तीसगढ़ का पर्यटन स्थल कहा जाता है। वहीं ग्रामीणों की बात करें तो उनके जीवन यापन का आधा से ज्यादा कार्य सामाग्री, खाद्य सामाग्री, कृषि सामाग्री, स्कूल जैसे कई अन्य चीजों के लिए ग्राम रवेली के लोगों को भेंडरी, लोहरसी, कोपरा, पांडुका जैसे आसपास के गांव व नगर के ऊपर आश्रित हैं। बाढ़ का पानी आ जाने से यह मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता हैं। जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। कई लोग अपनी जान को हथेली में रख कर मजबूरीवश नदी को पार करते हैं और इस बीच किसी अप्रिय दुर्घटना घट जाने की आशंका बनी रहती है। कांग्रेस सरकार में भेंट मुलाकात के दौरान जब पूर्व

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल फिंगेश्वर पहुंचे हुए थे तो उन्होंने इस नदी में पुल बनाने की घोषणा की थी। किंतु लोगों को अब तक पुल मिला ही नहीं है। इतनी गंभीर समस्या का निदान नहीं हो रहा हैं। ग्यारह सौ से अधिक की आबादी वाला ग्राम रवेली, यह के निवासी बारिश में पूरी तरह अपने घरों में कैद हो जाते हैं। उनके जरूरी कार्य भी ठप हो जाते हैं। इस नदी में कई परीक्षण करके चले गए लेकिन अभी तक पुल नहीं बन पाया। लोग ताकते बैठे हुए हैं की कब हमारे इस नदी को पुल मिलेगा और बिना किसी रुकावट के अपने कार्य में आगे बढ़ सकेंगे व नदी को पार कर सकेंगे। आज भी लोगों को जान हथेली में रखकर नदी पार करते देखा गया।

> पूर्व सरपंच प्रतिनिधि लालजी साहू ने बताया कि मेरे कार्यकाल के समय भी शासन के मांग किया गया था।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा फिंगेश्वर में पुल निर्माण की घोषणा भी किया गया था। लेकिन 3 वर्ष बीत गए आज तक पुल का निर्माण नहीं हुआ हैं। हम सब ग्रामवासीयों को बारिश के दिनों में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता हैं। वही जान को जोखिम में डाल कर पानी कम होने पर पुल पार करते हैं। अधिक पानी होने पर पार नहीं कर पाते हैं।
>
> **लालजी साहू** , पूर्व सरपंच प्रतिनिधि

> पूर्व सरपंच मुरमुरा दशोदा ध्रुव ने कहा की बरसात आते ही ग्रामीणों की समस्या और बढ़ जाती है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हो जाते है। हमेशा भय की स्थिति बनी रहती हैं। इसके अलावा बाकी दिनों में भी इस जर्जर पुलिया में समस्या बनी रहती हैं। ग्रामीणों की वर्षो से मांग है की उच्च स्तर के पुलिया निर्माण के लिए विगत दिनों सुशासन तिहार में भी आवेदन दिया गया। जिसका अभी तक कोई समाधान देखने को नही मिला है। सर्वे पर सर्वे करते करते बारिश लग गई पर हासिल कुछ नहीं हुआ।
>
> **मुरमुरा दशोदा ध्रुव, पूर्व सरपंच**

त्रिवेणी संगम में कुलेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मंदिर पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर बड़े गड्ढों में भरा रहता है पानी

राजिम/नवप्रदेश। सावन का पवित्र महीना शुक्रवार 11 जुलाई से शुरू हो गया है। सावन के महीने में शिव भक्त कावड़ यात्रा भी निकालते हैं। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। सावन के पहले दिन से ही शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पहले दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा और जलाभिषेक के लिए सुबह से ही मंदिरों और शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। शिवालयों और मंदिरों में हर-हर महादेव और बोल बम की गूंज सुनाई दी। सावन का महीना शुरू होते ही शहर के सभी मंदिरों को लाइटों और फूलों से सजा दिया गया है। इस बार सावन के महीने में चार सोमवार होंगे, पहला सोमवार 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई और चौथा सोमवार 4

अगस्त को होगा।

त्रिवेणी संगम के बीच स्थित भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। पैरी, सोंढूर और महानदी के पावन संगम पर बने इस ऐतिहासिक मंदिर में सुबह से ही भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जो रात तक जारी रही। शिव भक्तों ने दूध, दही, घी, जल, शहद, बेलपत्र, फल-फूल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। भगवान कुलेश्वर नाथ का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें बेलपत्र, धतूरा, गंगाजल व अन्य पूजन सामग्री से महादेव की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर को फूलों और रंगोली से सजाया गया, जिससे भक्ति का माहौल और भी मनमोहक हो गया। मंदिरों में घंटियों, घड़ियालों, शंख और झालरों के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।

मंदिर जाने तक श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

सावन माह में भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन-पूजन के लिए अंचल के साथ-साथ अन्य प्रदेश के कई जिलों एवं अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के जत्थे पहुँचते हैं। आपको बता दें कि मगरलोड-नवापारा मार्ग से कुलेश्वर मंदिर जाने वाली सड़क बेहद जर्जर हालत में है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं जिसमें पूरे समय पानी भर रहता है। ऐसे में श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। खासकर कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को ज्यादा दिक्कत होगी। क्योंकि कांवड़ियों का जत्था नंगे पैर ही भोलेनाथ के दरबार तक पहुंचेगा।

गौ तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

■ वाहन से 23 नग जीवित एवं 11 नग मृत मवेशियों बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम शिकारीटोला में कुछ युवक अवैध रूप से पशु परिवहन करने की नियत से एक वाहन अशोक लिलैण्ड में मवेशिओ को भर रहे कि सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग राजनांदगांव के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांददगांव राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस का टीम गठित कर तस्कीक हेतु हमराह स्टाफ एवं गवाहन के तस्दीक हेतु ग्राम शिकारीटोला स्कूल के पास पहूँचा पुलिस पार्टी को देखकर कुछ युवक वाहन के पास अपने मो.सा. को छोडकर भाग गये, स्कूल के पास खडे वाहन को चेक किये तो वाहन में दो लोग बैठे मिले जिनसे नाम पता पुछने पर अपना नाम 01. अब्दुल राजीक पिता अब्दुल रफीक उम्र 40 साल निवासी पठानपुरा थाना मुर्तीजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र, 02. खिलेश साहू पिता स्व0 महेश साहू उम्र 36 साल निवासी गोडपारा नंदई थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया, संदेही अब्दुल राजीक से पुछताछ करने पर बताया की वाहन अशोक लिलैण्ड क्रमांक सीजी 35 एजे 2992 का मालिक नीजाम खान निवासी मुर्तीजापुर अकोला महाराष्ट्र से खिलेश साहू से संपर्क कर मवेशी लाने के लिये कहने पर वाहन चालक भारत निवासी मुर्तीजापुर, रहन्नुदीन पिता फक्ररूददीन उम्र 30 साल निवासी पठानपुरा अकोला के साथ राजनांदगांव आया था राजनांदगांव में पारीनाला के पास खिलेश साहू मिला। जिसके साथ हम लोग ग्राम शिकारीटोला आये जहॉ शिकारीटोला का गोलू यादव आसपास के मवेशी को गांव के स्कूल के पास एकत्रित कर रखा था, हम लोग अपने साथ लाये अशोक लिलैण्ड वाहन क्रमांक रू॥ 35 ,छ्र 2992 में करीब 34 मवेशी को लोड किये है।

कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना

धमतरी/नवप्रदेश। सावन माह की शुरूआत हो रही है। शास्त्रों के अनुसार सावन माह भगवान भोलेनाथ को अति प्रिय रहता है। सावन माह भर शिवालयों में अनेक धार्मिक आयोजन बाबा के भक्तों व्दारा किए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि सावन माह में भगवान भोले भंडारी का गंगाजल से अभिषेक करने वे अति प्रसन्न होते हैं। इसी कड़ी में आज धमतरी के 60 कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ के लिए रवाना हुआ। कांवरियों का यह जत्था सुल्तानगंज से गंगाजल कांवर में लेकर लगभग 110 किमी की पदयात्रा कर बाबा बैद्यनाथ का गंगाजल से अभिषेक करेगा।

इको टूरिज्म का ब्रांड एंबेसेडर सिद्धखोल जलप्रपात

कसडोल/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से 40 किमी की दूरी पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से भरे सिद्धखोल जलप्रपात को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने नई पहल वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार के निर्देशन में प्रारंभ किया जा रहा है। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार श्री धम्मशील गणवीर द्वारा सौंदर्य से परिपूर्ण इस जलप्रपात का निरीक्षण कर परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान को कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके अंतर्गत परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू द्वारा कुकरीकोना समिति के सदस्यों के साथ मिलकर सिद्धखोल जलप्रपात में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए नई शुरुआत की गई है। जब पर्यटक सिद्धखोल जलप्रपात में प्लास्टिक बोतल लेकर पहुंचेंगे तब जांच नाके पर उनसे निर्धारित शुल्क लेकर एक स्टीकर प्लास्टिक पॉलीथिन में लगाकर दिया जाएगा । वापसी में उक्त स्टीकर लगे प्लास्टिक को वापस जमा करने पर शुल्क वापस कर दी जाएगी।

वन प्रबंधन समिति कुकरिकोना की संचालन में सहभागिता

सिद्धखोल जलप्रपात को संचालन के लिए कुकरीकोना समिति को जोड़ा गया है

जिससे कि वहां के बेरोजगार युवाओं और ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके साथी ही वन क्षेत्र की सुरक्षा के साथ-साथ इको पर्यटन के आधार पर जलप्रपात का संचालन हो सके। इसके अतिरिक्त महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा कैंटीन का संचालन एवं टिकट व्यवस्था में सुधार करने की योजना बनाई गई है। वन मंडल अधिकारी धम्मशील ने कहा कि सिद्धखोल जलप्रपात में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाएं विकसित करने वन विभाग एवं वन प्रबंधन समिति कुकरिकोना द्वारा नए नए प्रयास किए जा रहे है।

स्कूल मार्ग में कीचड़, बच्चे फिसल कर गिर रहे, जिम्मेदार शिक्षक बेखबर

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही स्कूलों की व्यवस्थाओं की पोल खुलना प्रारंभ हो गया है।गरियाबंद जिले के नगर पंचायत कोपरा के बस स्टैण्ड स्थित प्राथमिक शाला एवम कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को चलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। रास्ते में मिट्टी को डाल दिया गया हैं। बारिश के कारण मिट्टी पानी के साथ बह रहा हैं।वही बच्चों को चलने में परेशानी हो रही हैं। शासन द्वारा स्कूलों को हर साल शाला निधि एवम मरमत निधि स्कूलों को उपलब्ध कराई जाती

हैं। स्कूल परिसर भी घास से पूरा भर गया हैं। जिसमें बच्चों को सर्प एवम बिच्छू कीड़े आदि से भी भय बना रहता हैं।सफाई करवाने की आवश्यकता हैं। लेकिन स्कूल प्रबंधन समिति व नगर पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अब तक बच्चों के शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर कोई इंतजाम नही किया गया है।स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के पालको का यह भी कहना है कि शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा समय समय पर स्कूल का निरीक्षण भी नही किया जाता। ऐसे में बच्चों का भविष्य अधर में नजर आ रहा है। पालकों का कहना हैं कि रास्ते में मुरूम डालने की आवश्यकता हैं। रास्ते में मिट्टी होने के कारण बच्चें फिसल कर गिर रहें हैं जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 17.57 करोड़ का अनुमानित बजट पेश किया

बागबाहरा/नवप्रदेश। नगर पालिका की पहली साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सिटी डेवलपमेंट प्लान सहित नगर पालिका का वार्षिक बजट पेश किया गया।

परिषद की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों के बीच नगर विकास को लेकर आपसी तालमेल नजर आया। जिसमे सर्व सम्मति से 151 करोड़ रूपये का सिटी डेवलपमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 17.57 करोड़ का अनुमानित बजट पेश किया गया। खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष द्वारा बजट में विद्यार्थियों के लिए 1.50 करोड़ की लागत से ई-लायब्रेरी, नगर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7.00 करोड़ की लागत से आडिटोरियम, दूषित जल के उपचार हेतु 5.50 करोड़ की लागत से एसटीपी का स्थल चयन कर, नगरवासियों के लिए शुद्ध पेयजल के लिए 60 करोड़ की लागत से डब्ल्यू टी पी प्लांट निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही बैठक में नगर की बुनियादी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें साफ सफाई व्यवस्था, वार्डो के पहुंच मार्ग की दुरुस्तीकरण, नगर के तालाबों का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्क लाइट, नगर पालिका जनप्रतिनिधियों के मानदेय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे।

परिषद की बैठक में खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष देवेश साहू , पार्षदगण सविता दीवान, कुलेश्वर देवांगन, शैलेश साहू, प्रीति महेंद्र गुप्ता, रमेश ठाकुर, मंता यादव, मेनका पोखराज साहू, मिथुन अमीर, थानुराम पांडे, प्रेम रूपेश साहू, श्यामा लोकु चन्द्राकर, उदय जीतू चंदेल, शिवा जगत, अनिता अजीत तांडी, सीएमओ गिरीश कुमार चंद्रा, उप अभियंता शशि प्रताप सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

डिजिटल इंडिया को पलीता लगाते कम्प्यूटर ऑपरेटर

तहसील कार्यालय की मनमानी

■ एसडीएम वर्षा बंसल को लगा 45000 का फाइन

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/ नवप्रदेश।'डिजिटल इंडिया' का सपना था कि जनता को सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, सरलता और सम्मान मिले। परंतु सरसींवा तहसील कार्यालय में यह सपना हर दिन कुचला जा रहा है। सूत्रों से मिले जानकारी के अनुसार आय, जाति, निवास जैसे मूलभूत प्रमाणपत्रों के लिए चॉइस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर रहे ग्रामीणों को तहसील ऑपरेटर द्वारा जानबूझकर सेंड बैक किया जा रहा है, और फिर प्रमाणपत्र स्वीकृति के बदले आवेदको से अवैध रूप से पैसे की मांग की जा रही है।

शासन ने चॉइस सेंटर के माध्यम से लोगों को घर बैठे प्रमाणपत्र बनाने की सुविधा दी थी ताकि दफ्तरों में भ्रष्टाचार खत्म हो

और जनता को समय व धन की बचत हो। लेकिन सरसींवा तहसील कार्यालय में ऑपरेटर की मनमानी ने पूरे सिस्टम को मज़ाक बना दिया है।

जानकारी के अनुसार, 99% से अधिक ऑनलाइन आवेदन जानबूझकर मूल दस्तावेज़ के साथ उपस्थित हो, नये पटवारी प्रतिवेदन पेस करना जैसे बहाने बनाकर सेंड बैक कर दिए जाते हैं, जबकि दस्तावेज़ पहले ही अपलोड किए गए होते हैं। इसके बाद आवेदक जैसे ही तहसील कार्यालय पहुंचता है, 300 से 500 रुपये लेकर आवेदन तत्काल स्वीकृत कर दिया जाता है। चॉइस सेंटर संचालक भी इस चक्रव्यूह में फंसे हुए है केवल आम नागरिक ही नहीं, चॉइस सेंटर चलाने वाले ई-सेवा प्रदाता भी शोषण का शिकार हो रहे हैं। नियमों के तहत अगर सेंड बैक आवेदन पर 10 दिनों में प्रमाणपत्र नहीं बनता तो संबंधित चॉइस सेंटर को प्रति आवेदन 500 का जुर्माना भरना पड़ता है। इसका सीधा फायदा उन लोगों को मिल रहा है जो फाइलें रोककर बाद में पैसे लेकर स्वीकृति दे रहे हैं। इस प्रकार की लापरवाही से अभी वर्तमान एसडीएम बिलाईगढ़ वर्षा बंसल को 45000 रुपया का पेनल्टी पड़ा है।

प्रवासी मजदूर और गरीब सबसे ज्यादा प्रभावित है वह लोग जो रोजी-रोटी के लिए राज्य से बाहर काम कर रहे हैं, उन्होंने चॉइस सेंटर से प्रमाणपत्र हेतु आवेदन किया था। लेकिन अब उन्हें तहसील कार्यालय में मूल दस्तावेज़ के साथ उपस्थित होने के नाम पर बुलाया जा रहा है। जो व्यक्ति हजारों किलोमीटर दूर कमाने गया है, वो क्या सिर्फ एक प्रमाणपत्र के लिए वापस लौटेगा? इन सब के वजह से बच्चों के पढ़ाई मे कई प्रकार से बाधा उत्पन्न हो रही पालक नहीं होने पर बच्चो को स्कूल छोड़ छोड़ कर तहसील कार्यालय जाना पड़ रहा है।

सवाल उठते हैं

1. क्या यह सिस्टम का फेल्योर है या अधिकारियों की योजनाबद्ध लूट?
2. क्या चॉइस सेंटर सिर्फदिखावा हैं और असली काम अब भी कैश पर क्लियर हो रहा है?
3. अगर सभी दस्तावेज पहले से स्कैन और सत्यापित हैं, तो फिर मूल दस्तावेज की मांग क्यों?

जनता की मांगें

1. सेंड बैक किए गए सभी आवेदनों की स्वतंत्र जांच हो।
2. रिश्वतखोरी की जाँच कर तत्क्षण निलंबन और एफआईआर हो।
3. चॉइस सेंटर को बेवजह फाइन से मुक्त किया जाए।
4. ऑनलाइन प्रक्रिया को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि दफ्तर की निर्भरता खत्म हो।
5. तहसील ऑपरेटर व जिम्मेदार अधिकारियों पर जवाबदेही तय हो।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com